


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com   लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित   जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 196 | शुक्रवार, 28 अगस्त 2026 | श्रावण माह, शुक्ल, पूर्णिमा/भाद्रपद प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया




### अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जागरण मोर्चा का कार्यालय पर आज अवकाश रहेगा। सभी पाठकों को अगला अंक 30 अगस्त 2026 को प्राप्त होगा। धन्यवाद।

संपादक
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
जागरण मोर्चा, लखनऊ

# खेलो इंडिया डायलॉग: 'जो खेलेगा वो खिलेगा'

## युवा एथलीटों से बोले पीएम मोदी; ओलंपिक भागीदारी बढ़ाने पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'खेलो इंडिया डायलॉग - खेल की बात, प्रधानमंत्री मोदी के साथ' के तहत गुरुवार को युवा एथलीटों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि जो खेलेगा वो खिलेगा। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कहा कि खिलाड़ियों के नाम से ही उनके राज्य और शहर की पहचान होती है। पीएम ने साथ ही सभी को राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई भी दी।

यह इवेंट राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के मौके पर 1,500 से ज्यादा शिक्षण संस्थानों में वर्चुअली आयोजित किया गया। आईआईटी, आईआईएम, एम्स, जाने-माने मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले संस्थान हैं। यह पहल चार बड़े क्षेत्रों पर फोकस कर रही है, जमीनी स्तर पर खेल संरचना को मजबूत करना, कोचिंग और प्रतियोगी मौके, 2036 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें विकसित करना, गवर्नेंस और नेतृत्व में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना और युवाओं को भविष्य के लिए तैयार स्किल्स, वॉलंटियरिंग के मौके और देश बनाने के रास्ते देना।



पीएम ने युवा एथलीटों को संबोधित करते हुए कहा, 2036 ओलंपिक के लिए खिलाड़ी तैयार करने हैं। खिलाड़ियों की पहचान के लिए टैलेंट हब कार्यक्रम चलाना है। इसमें हर खेल में पदक आएं उसके लिए भारत को खेलों में महारत हासिल करनी होगी। मेडल टैली बढ़ाने के लिए हर खेल में आगे बढ़ना जरूरी। पांच से 15 साल के खिलाड़ियों की पहचान करनी होगी। खेल के लिए जो भी मदद चाहिए, सरकार उसमें समर्थन देगी। ओलंपिक में भागीदारी बढ़ाने पर जोर देना होगा। इसके लिए सरकार खिलाड़ियों को हर संभव मदद देगी। पीएम मोदी ने कहा, खेल को लेकर समाज का नजरिया बदला है। अच्छी खिलाड़ी बनने के लिए नशे से दूर रहना जरूरी है। मुझे भारत के युवाओं पर पूरा भरोसा है। कौन सा बच्चा किस खेल के लिए फिट है उसे पहचानें। स्पोर्ट्स इकोसिस्टम बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार की ओर से युवा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिए अपने भाषण में पांच से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए देशव्यापी प्रतिभा खोज अभियान शुरू करने की घोषणा की थी जिससे कि ओलंपिक में भारत की भागीदारी बढ़ाई जा सके।

**यूपी: प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी**

# बिजली बिल में होगी करीब आठ प्रतिशत की कमी

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** यूपी के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। सितंबर महीने में उपभोक्ताओं के बिल में 7.93 फीसदी की कमी होगी।





प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओंके बिल में सितंबर माह में 7.93 फीसदी की कमी होगी। इस संबंध में पावर कार्पोरेशन ने आदेश जारी कर दिया है। इससे उपभोक्ताओं को करीब 604 करोड़ का फायदा होगा।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि सितंबर माह के लिए ईंधन एवं बिजली खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) में 7.93 प्रतिशत की कमी का आदेश जारी कर दिया गया है।

इससे पहले जुलाई माह में उपभोक्ताओं को 4.43 प्रतिशत और अगस्त माह में 2.92 प्रतिशत की कमी मिली थी। विद्युत नियामक आयोग द्वारा एफपीपीएएस की गणना को लेकर दिए गए स्पष्ट निर्देशों के बाद अब यह सुनिश्चित होना चाहिए कि केवल संबंधित अवधि की वास्तविक विद्युत क्रय लागत एवं अनुमन्य ट्रांसमिशन शुल्क के आधार पर ही समायोजन किया जाए।





### दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में अचानक मौसम ने करवट ली है। सुबह से तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बाद अब नोएडा के कई इलाकों में आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। नोएडा के कई इलाकों में बारिश भी हुई है, जिससे मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली है।

सुबह के समय तेज धूप खिली रही, जिससे लोगों को गर्मी और उमस का एहसास हुआ। हालांकि, दोपहर के बाद आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद नोएडा के कई इलाकों में बारिश हुई। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई और हवा में ठंडक घुल गई।

मौसम में आए बदलाव से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। कई इलाकों में बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। आने वाले घंटों में भी हल्की बूंदाबांदी या बारिश की संभावना बनी हुई है।

राजधानी में बुधवार को भी कुछ इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। हालांकि, कई क्षेत्रों में काले घने बादल छाए रहे, लेकिन बिना बरसे ही गुजर गए। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सुबह मौसम साफ रहने के कारण धूप खिली, जिससे दिल्ली-एनसीआर में हल्की उमस महसूस हुई। हालांकि, दोपहर बाद कई इलाकों में फिर से काले बादल छा गए। इ

### दिल्ली दंगा केस: 'दंगों के मास्टरमाइंड थे शरजील और उमर खालिद'

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को मास्टरमाइंड बताया है। पुलिस ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपना जवाब दाखिल करते हुए उनकी जमानत याचिकाओं का विरोध किया। यह मामला 2020 में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर हुए दंगों से जुड़ा है। इन दंगों में 50 से अधिक लोगों की मौत हुई थी।

31 जुलाई को पिछली सुनवाई में दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस से जवाब मांगा था। गुरुवार को सुनवाई के दौरान पुलिस ने कहा कि शरजील इमाम और उमर खालिद दंगों के मास्टरमाइंड थे।

## भागवत का अमेरिका दौरा: आरएसएस प्रमुख के कार्यक्रम से पहले विवाद

### आयोजक समूह का एक्स अकाउंट क्यों हुआ निलंबित?

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर विवाद और बढ़ गया है। कार्यक्रम के आयोजक अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग (एहेड) का सोशल मीडिया मंच एक्स अकाउंट निलंबित कर दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी कार्यक्रम और आरएसएस के प्रति अपना विरोध जता चुके हैं। वहीं, अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने भी भागवत का वीजा रद्द करने की मांग की है।



एक्स पर एहेड का अकाउंट अब उपयोगकताओं के लिए उपलब्ध नहीं है। संगठन ने कहा है कि यह निलंबन गलती से हुआ हो सकता है। संगठन के अनुसार, उसके संचार में शांति, एकता, सद्भाव और अलग-अलग धर्मों व संस्कृतियों के बीच संवाद को बढ़ावा दिया गया है और उसने एक्स की नीतियों का पालन किया है।

मोहन भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन स्थित इंफोसिस थिएटर में यूनिवर्सल ऑननेस सेलिब्रेशन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता होंगे।

## देश पर मंडरा रहा खतरा! भारत में कभी भी तबाही मचा सकती हैं 2500 ग्लेशियर झीलें

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** देश के 36 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में से 27 प्रदेश, आपदा के लिहाज से अत्यधिक संवेदनशील या जोखिम वाली स्थिति में हैं। हिमनदी झील के फटने से आने वाली बाढ़ (जीएलओएफ) की स्थिति में जोखिम का आकलन करने की तकनीक तो विकसित कर ली गई है, लेकिन इससे बचाव अभी तक एक चुनौती बना हुआ है। देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ मैदानी क्षेत्रों पर अतिक्रमण हो चुका है। नदी तल में अनियमित गतिविधियां जारी हैं। नदी बेसिन-स्तरीय योजना का अभाव है। ऐसे में अगर जीएलओएफ जैसा कुछ होता है तो उस दौरान जानमाल के बचाव का अचूक और सुरक्षित समाधान नजर नहीं आ रहा। देश में 25 सौ से अधिक ग्लेशियल झीलें संवेदनशील स्थिति में हैं तो वहीं हिमालय की 400 से अधिक ग्लेशियर झीलें तेजी से पिंघल रही हैं।





तिब्बत से सटे नेपाल के रसुवा जिले की भोटेकोशी नदी में अचानक आई तेज बाढ़ से जानमाल की भारी क्षति हुई है। नेपाल के उत्तरी हिस्से में चीन-तिब्बत सीमा से निकलने वाली भोटेकोशी नदी को हिमालयी नदी कहा जाता है। नेपाल की इस भयानक त्रासदी के पीछे हिमनदी झील का फटना बताया जा रहा है।

देश के अनेक भागों में बार-बार आने वाली बाढ़ की समस्या इसलिए गंभीर हो जाती है, क्योंकि बाढ़ मैदानी क्षेत्रों पर अतिक्रमण हो चुका है। नदी तल में अनियमित गतिविधियां जारी हैं। नदी बेसिन-स्तरीय योजना का अभाव है। इसके चलते जब बाढ़ आती है तो भारी नुकसान होता है।

## यूपी में बनी देश की पहली 'शेर' राइफल, वजन कम

### दोगुनी रेंज, ज्यादा घातक; 1 मिनट में करती इतनी फायरिंग

**लखनऊ।** भारतीय सेना की दशकों पुरानी इंसास राइफल की जगह लेने वाली एके-203 अब पूरी तरह भारतीय बन गई है। अमेठी के कोरवा स्थित संयंत्र में तैयार शेर नाम की पहली एके-203 में एक भी विदेशी पुर्जा या कच्चा माल इस्तेमाल नहीं हुआ है।

भारत-रूस के सहयोग से शुरू हुई यह परियोजना अब उस मुकाम पर पहुंच गई है, जहां राइफल का डिजाइन भले ही रूसी मूल का हो, लेकिन उसका पूरा उत्पादन तंत्र भारतीय उद्योग पर निर्भर है। सेना को ऐसी करीब 6.01 लाख राइफलों की आपूर्ति की जानी है। पूरी तरह स्वदेशी संस्करण का परीक्षण सेना सितंबर में करेगी।

एके-203 को भारतीय सेना की पुरानी 5.56 मिलीमीटर इंसास के स्थान पर शामिल किया जा रहा है। सरकार ने 2021 में ही स्पष्ट किया था कि 7.6239 मिलीमीटर क्षमता वाली एके-203 इंसास की जगह लेगी। रक्षा मंत्रालय और इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच 6,01,427 राइफलों का अनुबंध हुआ था। इसकी कीमत करीब 5,200 करोड़ रुपये है।

परियोजना की शुरूआत में कोरवा में एके-203 का उत्पादन रूस से मिले तकनीकी हस्तांतरण के आधार पर हुआ था। शुरूआती राइफलों में स्वदेशी उपकरण बहुत कम थे। अब पूरी राइफल 100 फीसदी स्वदेशी हो गई है। आईआरआरपीएल के अनुसार, पूरी तरह स्वदेशी एके-203 में इस्तेमाल हर पुर्जा और कच्चा माल भारतीय उद्योग से लिया गया है।

## नेपाल बाढ़ में 359 की मौत, 290 भारतीय लापता; भारतीयों की मदद के लिए भारत सरकार ने बनाया कंट्रोल रूम

**एजेंसी न्यूज**

**काठमांडू।** नेपाल में बुधवार को आई भयंकर त्रासदी में मृतकों का आंकड़ा 350 के पार पहुंच गया है। तिब्बत सीमा पर अचानक आई बाढ़ अपने रास्ते में सबकुछ बहाकर ले गई। इस बाढ़ में कई पुल, हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट तबाह हो गए। एक हजार के करीब लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं और इनमें 290 भारतीय भी शामिल हैं।

नेपाल में बाढ़ के बाद भारतीय नागरिकों को लेकर स्थिति गंभीर बनी हुई है। 27 अगस्त 2026 को रात आठ बजे के अपडेट के अनुसार, 290 भारतीय नागरिकों से अभी संपर्क नहीं हो पा रहा है। राहत की बात यह है कि त्रिशूली-1 परियोजना के 63 भारतीय कर्मचारी और तमिलनाडु के 21 लोग सुरक्षित बचाए गए हैं। भारतीय नागरिकों की तलाश और उन्हें सुरक्षित निकालने के प्रयास लगातार जारी हैं।



नेपाल में विनाशकारी बाढ़ के बाद भारतीय नागरिकों की मदद के लिए विदेश मंत्रालय ने दिल्ली में 24 घंटे चलने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया है। 27 अगस्त शाम 6:45 बजे तक 285 भारतीय नागरिकों से संपर्क नहीं हो पा रहा है, जबकि त्रिशूली-1 परियोजना के 33 कर्मचारियों और तमिलनाडु के 21 लोगों को बचाया गया है। मंत्रालय ने सहायता के लिए फोन, व्हाट्सऐप और ईमेल नंबर जारी किए हैं। काठमांडू और बीजिंग स्थित भारतीय दूतावासों में भी 24 घंटे हेल्पलाइन शुरू की गई है। बाढ़ में अब तक 359 लोगों की मौत हो चुकी है।

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने बृहस्पतिवार को बाढ़ प्रभावित नुवाकोट जिले का दौरा किया और जारी खोज एवं बचाव अभियान की समीक्षा की। उन्होंने बट्टार बाजार स्थित सेना प्रशिक्षण केंद्र में अधिकारियों से मौजूदा हालात की जानकारी ली। नुवाकोट के देवीघाट इलाके में बाढ़ ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। सड़कें और मकान क्षतिग्रस्त होने से कई परिवार बेघर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ लोग अब भी लापता हैं। एक निवासी जनक बहादुर नेपाली ने बताया कि उनका घर पूरी तरह तबाह हो गया है।







# रक्षाबंधन आज: इस बार भद्रा से रहेगी मुक्ति, किसी भी समय बांध सकते हैं राखी; जानिए राहुकाल और चंद्रग्रहण का असर

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष शुक्रवार 28 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस बार रक्षाबंधन पर बहनों को भद्रा का साया नहीं सताएगा, जिससे पूरे दिन राखी बांधने का शुभ मुहूर्त रहेगा। साथ ही, इसी दिन लगने वाले चंद्र ग्रहण की भारत में दृश्यता न होने से इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा और धार्मिक अनुष्ठानों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। अलीगंज स्थित स्वास्तिक ज्योतिष केंद्र के तिषाचार्य एसएस नागपाल और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के आचार्य डॉ. अश्विनी पांडेय के अनुसार, इस बार पर्व भद्रा काल से मुक्त रहेगा। 28 अगस्त की सुबह भद्रा समाप्त हो चुकी होगी। पूर्णिमा तिथि प्रातः 09:48 बजे तक ही है, फिर भी उदय तिथि और कुलाचार के अनुसार रक्षाबंधन पूरे दिन मनाया जा सकता है।





**राहुकाल का रखें ध्यान**

28 अगस्त को दिन में प्रातः 10:31 बजे से दोपहर 12:07 बजे तक राहुकाल रहेगा। शास्त्रों के अनुसार राहुकाल में शुभ कार्य वर्जित होते हैं, इसलिए इस समय राखी बांधने से बचने की सलाह दी गई है।

**भारत में नहीं दिखेगा चंद्र ग्रहण, सूतक काल निष्प्रभावी**

28 अगस्त को खंड चंद्र ग्रहण (आंशिक चंद्र ग्रहण) भी लग रहा है, जो प्रातः 08:04 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 11:22 बजे तक रहेगा। ज्योतिषाचार्य के अनुसार, यह ग्रहण भारत, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, चीन और जापान सहित एशिया के अधिकांश हिस्सों में दिखाई नहीं देगा। यह ग्रहण उत्तर व दक्षिण अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका और प्रशांत व अटलांटिक महासागर क्षेत्रों में दिखेगा। भारत में अदृश्य होने की वजह से इसका सूतक काल या कोई भी अशुभ प्रभाव मान्य नहीं होगा, और सभी धार्मिक व मांगलिक कार्य सामान्य रूप से किए जा सकेंगे।

-भद्रा का साया: 27 अगस्त को प्रातः 09:08 बजे से शुरू होकर रात्रि 09:32 बजे समाप्त हो जाएगा।

-पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ: 27 अगस्त को प्रातः 09:08 बजे।

-पूर्णिमा तिथि का समापन: 28 अगस्त को प्रातः 09:48 बजे।

# रक्षाबंधन को लेकर बाजार रहे गुलजार

## बिलपुर क्रॉसिंग पर वाहनों की अधिक आवाजाही से लगा जाम, ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर कस्बे के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शुक्रवार को मनाए जाने वाले भाई-बहन के पवित्र त्योहार की तैयारियों को लेकर गुरुवार को बाजारों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। राखी, मिठाई, कपड़े और अन्य उपहारों की दुकानों पर दिनभर खरीदारी का सिलसिला चलता रहा। बहनें अपने भाइयों के लिए पसंदीदा राखियां खरीदती नजर आईं, वहीं मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

रक्षाबंधन को लेकर बाजार में बढ़ी भीड़ का असर यातायात व्यवस्था पर भी दिखाई दिया। वाहनों की अधिक आवाजाही और सड़क किनारे खरीदारी के लिए रुकने वाले वाहनों के कारण फतेहगंज पूर्वी के बिलपुर क्रॉसिंग पर जाम की स्थिति बन गई। कुछ समय तक वाहन रेंगते हुए निकलते नजर आए। जाम के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। त्योहार को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए कस्बे में पहुंचे। इससे बाजार और मुख्य मार्ग पर सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी अधिक यातायात रहा। कई स्थानों पर सड़क के दोनों ओर वाहन खड़े होने से रास्ता संकरा हो गया, जिससे यातायात व्यवस्था और प्रभावित हुई। शुक्रवार को बहनें अपने भाइयों की कलाई पर प्रेम और विश्वास की पवित्र राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। वहीं भाई भी बहनों को उपहार देने के साथ उनकी रक्षा का संकल्प लेंगे। रक्षाबंधन को लेकर घरों में भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। त्योहार के मद्देनजर बाजार में भीड़ बढ़ने के बावजूद बिलपुर क्रॉसिंग और प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर सुरक्षा इंतजाम कम नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहार के दौरान वाहनों का दबाव और बढ़ सकता है। ऐसे में जाम से बचने के लिए प्रमुख चौराहों और क्रॉसिंग पर पुलिसकर्मियों की तैनाती तथा यातायात व्यवस्था को नियंत्रित किए जाने की जरूरत है। लोगों का कहना है कि रक्षाबंधन जैसे प्रमुख त्योहार पर बाजार में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए यदि पहले से यातायात व्यवस्था बनाई जाए तो जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है।



### बाजारों में राखियों की खरीदारी को उमड़ीं बहनें

**फतेहगंज पश्चिमी।** रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आते ही कस्बे के बाजार में रौनक बढ़ गई है। राखी और मिठाई की दुकानें सज गई हैं। दुकानों पर रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों की विभिन्न वैरायटी लोगों का ध्यान खींच रही हैं। बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ भी बढ़ने लगी है। बहनें अपने भाइयों के लिए पसंद की राखियां खरीदने में जुटी हैं। दुकानों पर बच्चों से लेकर युवाओं के लिए अलग-अलग डिजाइन और रंगों की राखियां उपलब्ध हैं। वहीं मिठाई की दुकानों पर भी त्योहार को देखते हुए विभिन्न प्रकार की मिठाइयां सजाई गई हैं। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में सुबह से शाम तक चहल-पहल दिखाई दे रही है। दुकानदारों ने बताया कि इस बार भी पिछले वर्ष की तरह राखियों और मिठाइयों की अच्छी बिक्री हो रही है। त्योहार नजदीक आने के साथ कारोबार और बढ़ने की उम्मीद है। बाजार में बढ़ी चहल-पहल से व्यापारियों के चेहरे भी खिले नजर आ रहे हैं।

### रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में रही गहमागहमी

**बहेड़ी।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में खासी गहमागहमी रही। राखी, मिठाई की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली। इतना ही नहीं, फलों के ठेलों पर भी खरीददारी के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ा। भाइयों को राखी बांधने जाने का सिलसिला दोपहर से शुरू हुआ तो देर रात तक जारी रहा। उधर, सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा रोडवेज बसों में तीन दिन मुफ्त सफर की घोषणा के चलते बसों में भी गहमागहमी रही। हालत यह थी कि बसों में लोग एक दूसरे के ऊपर चढ़ जाने को मजबूर थे।इस परेशानी से बचने के लिए तमाम औरतों ने प्राइवेट वाहनों में ही जाना मुनासिब समझा।

## शीशगढ़ में सजीं राखियों की दुकानें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज/ शीशगढ़।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का पावन पर्व रक्षाबंधन शीशगढ़ और आसपास के ग्रामीण इलाकों में बेहद उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। त्योहार को लेकर कस्बे के मुख्य बाजारों में रौनक सातवें आसमान पर है।

नगर के प्रमुख चौराहों और बाजारों में रंग-बिरंगी, चमकीली और आकर्षक राखियों से दुकानें पूरी तरह सज चुकी हैं।सुबह से ही बाजारों में बहनों की भारी भीड़ उमड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने कस्बे में पहुंच रहे हैं। इस बार बाजार में रेशमी धागे, चंदन, कुंदन, और ब्रेसलेट वाली राखियों की काफी मांग है। वहीं, बच्चों के लिए छोटा भीम, डोरेमोन और लाइटिंग वाली राखियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।राखियों के साथ-साथ कस्बे की मिठाई दुकानों पर भी सुबह से ही पैर रखने की जगह नहीं है। घेवर, रसगुल्ले और काजू कतली की जमकर बिक्री हो रही है। त्योहार के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है, ताकि बाजारों में आने वाले खरीदारों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। स्थानीय दुकानदारों के चेहरे भी अच्छी बिक्री से खिले हुए हैं।



- बाजारों में सजीं आकर्षक राखियां, बहनों की उमड़ी भीड़
- मिठाई की दुकानों पर भारी मांग, पुलिस मुस्तैद

### त्योहारों को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**फतेहगंज पूर्वी।** रक्षाबंधन और जन्माष्टमी पर्व को लेकर गुरुवार शाम थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक थाना प्रभारी राजकुमार सिंह के नेतृत्व में हुई। बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों के दौरान क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर स्थानीय लोगों के साथ चर्चा करना रहा। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने लोगों से त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह की अफवाह या विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को दी जाए, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।



## कलश यात्रा के बाद श्री मद भागवत कथा का हुआ आरम्भ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज/शीशगढ़।** कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर पर गुरुवार से साप्ताहिक श्री मद भागवत कथा का आरम्भ विधि विधान से पूजन के बाद आरम्भ हो गया है। कथा प्रारम्भ से पूर्व नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 51 महिलाओं ने गंगाजल से भरे कलश नगर भ्रमण के बाद कथा स्थल पर रखे, कथा समापन के बाद कलशों को नदी में विसर्जन किया जाएगा। गुरुवार से शुरू हुई श्री मद भागवत कथा में कथा वाचक शैलेन्द्र पाठक पूरे सप्ताह भक्तों को भागवत कथा सुनाकर भक्ति रस का पान कराएंगे। कथा 27 अगस्त से 3 सितम्बर तक चलेगी। कथा समाप्ति के बाद मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। जिसमें कथा के आयोजक बब्लू राठौर, राजकुमार राठौर, सभासद त्रिमल सिंह राठौर, लालता प्रसाद राठौर आदि रहेंगे।



## लक्ष्य मॉडर्न स्कूल में मना रक्षाबंधन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** लक्ष्य मॉडर्न स्कूल में रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर प्रेम, भाईचारे एवं आपसी सदभाव का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजित राखी प्रतियोगिता में सोना ने प्रथम, तन्वी राठौर ने द्वितीय तथा अवंतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर महेश राठौर ने बच्चों को रक्षाबंधन का महत्व बताया। वहीं सचिन अवस्थी, राकेश सर, शुभम गुप्ता, सुहानी, अजीत, कमल, श्वेता एवं अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों को पर्व के महत्व की जानकारी दी।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया रक्षाबंधन

**बहेड़ी।** भरत गली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में रक्षाबंधन पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अध्ययनरत भैयाओं के माथे पर तिलक लगाकर राखी बांधकर मंगल कामना की। प्रधानाचार्य खूबचंद गंगवार ने इस अवसर पर कहा कि रक्षाबंधन पर्व भारतीय समाज में भाइयों का अपनी बहनों के प्रति असीम प्यार को दर्शाता ही नहीं है बल्कि जीवन का वह दर्शन व्यक्त करता है जिससे संबंधों की कड़ी मजबूत होती है। बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी मंगल कामना करती है तो भाई भी बहन की जीवन भर रक्षा और उसके सम्मान की रक्षा को संकल्पित रहता है। कार्यक्रम में आचार्य गण राधा पांडेय, सरोज कुमारी, ललित मोहन, अनीता गंगवार, निकिता मौर्य, लक्ष्मी गंगवार तथा महेन्द्र पाल मौजूद रहे।

## बच्चों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** सरस्वती विद्या मंदिर भुर्जी टोला आंवला में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक, रंग-बिरंगी और कलात्मक राखियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में कुसुम विक्रम और रिया सरन शामिल रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों की राखियों का कलात्मकता, मौलिकता, सृजनात्मकता और प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया। रक्षाबंधन की भावना को विद्यालय से बाहर भी पहुंचाते हुए छात्राएं कोतवाली परिसर पहुंचीं और पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान एवं स्नेह व्यक्त किया। छात्राओं ने पुलिस कर्मियों को भाई मानकर उनकी कलाई पर राखी बांधी। इस दौरान कोतवाली परिसर में आत्मीय और भावपूर्ण माहौल रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य गवेन्द्र सिंह चौहान ने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल राखी बांधने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रेम, विश्वास, सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सद्भाव की भावना को मजबूत करता है। पुलिस कर्मियों के साथ रक्षाबंधन मनाकर छात्राओं ने समाज की सुरक्षा में जुटे पुलिस जवानों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रति गौरव की भावना जगाने के साथ ही स्नेह की डोर से समाज को जोड़ने का संदेश देते हैं।




## संक्षेप समाचार

### ट्रेन की चपेट में आकर दो ट्रेन अटेंडेंट की मौत

**फतेहगंज पश्चिमी।** भिटौरा रेलवे फाटक के पास गुरुवार को बड़ा रेल हादसा हो गया। ड्यूटी के दौरान ट्रेन से उतरे दो ट्रेन अटेंडेंट दूसरी लाइन से गुजर रही तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में दोनों कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान दीपक चौहान (26) निवासी इटावा और बिमलेश कुमार त्रिवेदी उर्फ साजन (28) निवासी रायबरेली के रूप में हुई है। सूचना पर पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंच गई। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।




### घर में सोई युवती लापता, तहरीर

**बहेड़ी।** दो रोज पहले घर में सो रही रही एक युवती रात में किसी समय लापता हो गई। युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर गाँव के ही एक युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवती के पिता की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया कि उसकी 22 साल की बेटी 25 अगस्त की रात घर में सो रही थी। सुबह को घर के सदस्यों ने पाया कि वह घर से गायब थी। रिशतेदारों से लेकर जान पहचान वालों तक के यहाँ युवती की खोजबीन की गई लेकिन कहीं पता नहीं चला। बाद में जानकारी हुई कि उसे गाँव का ही एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने युवती को बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपी युवक का फोन नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। तहरीर लेकर पुलिस मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है।

### ग्रामीण पर चाकू से हमला, प्राथमिकी दर्ज

**मीरगंज/शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव में ब्रह्मदेव स्थल पर बैठे एक ग्रामीण को गांव के ही एक व्यक्ति ने चाकू से जान जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम जगत निवासी ताराचंद ने पुलिस को बताया कि वह गांव में स्थित ब्रह्मदेव स्थल पर बैठा हुआ था। आरोप है कि गांव के ही निवासी गोदपाल ने आकर जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया,पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर घायल को मेडिकल को भेज दिया।

### जितेन्द्र बने अटल संकल्प पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष

**फतेहगंज पश्चिमी।** अटल संकल्प पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री योगेन्द्र कुमार के द्वारा आज श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव को अटल संकल्प पार्टी, उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके शुभचिंतकों ने खुशी का इजहार कर फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। जानकारी के अनुसार बरेली जनपद के कस्बा फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र ग्राम टिटौली निवासी जितेन्द्र श्रीवास्तव जी लंबे समय से सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वर्तमान में वे अखिल भारतीय गौ रक्षा परिषद के प्रदेश सह प्रभारी, उत्तर प्रदेश का दायित्व भी संभाल रहे हैं। साथ ही समाज कल्याण समिति के माध्यम से जनसेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहते हुए जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।



### गाय की मौत, आंवला चेयरमैन के खिलाफ रिपोर्ट

**आंवला।** बछड़े को जन्म देने के पश्चात गाय को ट्रॉली में डालने के प्रयास के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने नगर पालिका परिषद आंवला के अध्यक्ष सैयद आबिद अली समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बे के मोहल्ला कच्चा कटरा बाग बख्शी निवासी लोगों के अनुसार बुधवार को मोहल्ला स्थित मंदिर के समीप गाय ने बछडे को जन्म दिया था। उक्त गाय लंबे समय से मोहल्ले में ही घूमती रहती थी। वह तीन बार बछड़े को जन्म दे चुकी थी। मोहल्ले के लोग उसकी देखभाल करते थे। आसपुर गांव निवासी गणेश गिरी पुत्र कृष्णानंद गिरी ने दी तहरीर में बताया कि 26 अगस्त को गाय द्वारा बछड़े को जन्म देने के उपरांत जानकारी मिलने पर नगर पालिका की टीम उसे ट्रैक्टर ट्रॉली की सहायता से गौशाला के लिए लेने पहुंची। विरोध करने पर टीम के सदस्यों ने खुद को नगर पालिका की गौ रक्षक टीम का सदस्य बताते हुए कहा कि उन्हें नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सैयद आबिद अली ने भेजा है। आरोप है कि गाय के हाथ-पैर पकड़कर और गले में रस्सी बांधकर उसे ट्रॉली में डालने का प्रयास किया गया, इसी दौरान उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तहरीर में घटना को गंभीर अपराध बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नगर पालिका अध्यक्ष समेत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हिन्दू आराध्यों के खिलाफ टिप्पणी, मुकदमा दर्ज

**बहेड़ी।** तमाम सख्ती के बावजूद समाज में अभी भी कुछ लोग ऐसे बचे हैं जो समाज का ताना बाना छिन्न भिन्न कर जहर घोलने पर आमादा हैं। ऐसे ही एक मौलाना ने सोशल मीडिया पर भगवान् श्री राम व भगवान् श्रीकृष्ण पर अमर्यादित टिप्पणी कर माहौल खराब करने की कोशिश की। विरोध में जब इसकी शिकायत पुलिस से की गई तो जांच पड़ताल के बाद आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मालूम हो, क्षेत्र के गाँव मुंडिया नसीर के रहने वाले एक मौलाना ने बीते दिनों सोशल मीडिया पर हिन्दू आराध्यों को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की तो इसका विरोध जताते हुए देवरनिया निवासी रजत पंडित की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई जिसमें कथित मौलाना मारूफ रजा खान द्वारा पोस्ट की गई वीडियो का जिक्र किया गया। मौलाना ने भगवान् श्री राम व भगवान् श्रीकृष्ण का कोई अस्तित्व न होने तथा माता पिता के अलावा किसी और के पूज्यनीय न होने की बात कही गई थी। इसे हिन्दू धर्म आस्था पर चोट पहुंचाने की कोशिश माना गया जिसने लोगों की भावनाओं को गहरे तक चोट पहुंचाई। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे अपनी हिरासत में ले लिया। सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच उपरांत तदनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएंगी।

जुलूस

### जुलूस ए मोहम्मदी में उमड़ा मोहम्मद के दीवानों का हुजूम

## नवाबगंज में बड़े ही शान ओ शौकत से निकला जुलूस ए मोहम्मदी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नवाबगंज।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के दिन आज नगर में जुलूस ए मोहम्मदी बड़े ही शानो शौकत व जोशो खरोश के साथ निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम लोगों ने भाग लिया। जुलूस पर हिन्दू संगठनों द्वारा फूल बरसाकर भाईचारे और आपसी सौहार्द की मिसाल पेश की। एवं हुज्जाय ए किराम के साथ नगर के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नगर के जामा मस्जिद से शुरू जुलूस में शामिल मोहम्मद के दीवाने पैगम्बर ए इस्लाम की शान में नारे लगाते हुए नात ओ मन कबत का नजराना पेश करते चल रहे थे वहीं उल्माए कराम रास्तें भर नबी ए कराम की सीरत पर रोशनी डाल रहे थे। जुलूस में छोटे बड़े सभी बच्चे व युवा खूबसूरत लिबासों में और रंग बिरंगे झण्डे हाथ में लिये चल रहे थे जिन पर पैगम्बर ए इस्लाम का नाम और कलमा लिखा था।

नवाबगंज नगर की मुस्लिम धार्मिक संस्था अन्जुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की सरपरस्ती में निकाले गये जुलूसे मोहम्मदी में नगर की कई अन्जुमनों ने हिस्सेदारी की। जामा मस्जिद से शुरू हुआ जुलूस अपने निर्धारित मार्गो से होते हुए जैसे ही राष्ट्रीय राज मार्ग पर पहुंचा तो जुलूस के चलते हाइवे पर जाम की स्थिति बन गई। हिन्दू समुदाय के राजनैतिक लोगों कांग्रेसी नेता राकेश गंगवार युवा भाजपा नेता सचिन रस्तोगी, व्यापारी नेता प्रेम प्रकाश रस्तोगी, सपा विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार व सभासद आशीष गुप्ता, संतोष गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य छेदालाल दीवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरू सिंह आदि ने अपने साथियों संग जुलूस ए मोहम्मदी पर फूलों की बरसा कर आपसी भाई चारे की मिसाल पेश की। जुलूस के जामा मस्जिद पहुंचाकर समाप्त हुआ। इस मौके पर अंजुमन के सदर मोहम्मद असलम अंसारी, सेक्रेटरी डाक्टर मोहम्मद इरफान सिद्दीकी, उपाध्यक्ष मोहम्मद अलीम अशर्फी, खजांची अनवार अहमद, पूर्व सदर हाजी मोहम्मद परवेज अंसारी, शफीक खान, एनए अंसारी, पूर्व सचिव मोहम्मद ताहिर अंसारी, अशर्फी रफीक मास्टर, मोहम्मद यासीन खुद्दार, इम्तियाज इदरीशी, मोहम्मद जाहिद, सभासद हसीब अहमद सिद्दकी, मोहम्मद इस्लाम आढ़ती, पूर्व सभासद एडवोकेट मुराद अहमद अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी के साथ ही के साथ हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम लोगों द्वारा घरों और गलियों में बिजली की शानदार सजावट की गई थी उनके घरों पर मक्का मदीना की आकृतियां छपे झंडे लहरा रहे हैं इससे कस्बे की खूबसूरती देखते ही बन रही है। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर लोगों द्वारा घरों पर न्याजो नजर की गई। जुलूस के दौरान इंस्पेक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव चौकी इंचार्ज सचिन कुमार पुलिस बल के साथ ट्रैफिक व अन्य व्यवस्था संभाले हुए थे।


कस्बे में जुलस ए मोहम्मदी बड़े ही शानो शौकत से निकला।



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
जन-जन की आवाज़
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं उत्तराखंड में प्रसारित
WWW.jagranmorcha.com
jagranmorchadaily@gmail.com
@JagranMorchaDaily










## एक नजर

### सोनम ने बरेली में अपनाया हिंदू धर्म, प्रेमी संजीव से रचाई शादी

**बरेली।** बिहार के बेगूसराय की सोनम खातून ने बरेली के अगस्त्य मुनि आश्रम में वैदिक रीति-रिवाज से हिंदू धर्म अपनाकर अपना नाम सोनम देवी रख लिया। इसके बाद उन्होंने भोजीपुरा के बुझिया शुमाली गांव निवासी अपने प्रेमी संजीव के साथ विवाह कर लिया।दोनों की प्रेम कहानी गुजरात में काम करने के दौरान शुरू हुई थी, जहां दोनों के कमरे आमने-सामने थे। बाद में इंस्टाग्राम के जरिए उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। सोनम ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से उनकी हिंदू धर्म और राधा-कृष्ण में गहरी आस्था थी। आचार्य केके शंखधार ने उन्हें दीक्षा दिलाई। सोनम ने स्पष्ट किया कि उन्होंने बिना किसी दबाव के अपनी मर्जी से धर्म बदला है और वे इस शादी से बेहद खुश हैं। संजीव ने भी जीवनभर साथ निभाने का वादा किया है।

# त्योहारों से पहले चीनी के दाम पर लगेगी लगाम

## फुटकर बाजार में 60 से 70 रुपये किलो तक पहुंचा भाव, 16 मिलों को समय से पहले पेराई शुरू करने की तैयारी के निर्देश

### 15 अक्टूबर से चलेंगी मंडल की चीनी मिलें

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** त्योहारों से पहले चीनी की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। फुटकर बाजार में चीनी के दाम कई स्थानों पर 60 रुपये किलो से ऊपर पहुंच गए हैं, जबकि कुछ जगहों पर भाव 70 रुपये तक बताए जा रहे हैं। बढ़ती मांग और संभावित आपूर्ति दबाव को देखते हुए गन्ना विभाग ने बरेली मंडल की चीनी मिलों को सामान्य समय से करीब 15 दिन पहले पेराई शुरू करने के निर्देश दिए हैं। अब मिलों में 15 अक्टूबर से पेराई शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

गन्ना एवं चीनी आयुक्त मिनिस्ती एस. ने चीनी मिलों को समय से पहले संचालन के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। सामान्य तौर पर मंडल की मिलों में पेराई सत्र एक नवंबर के आसपास शुरू होता है। उपायुक्त गन्ना राजेश मिश्र के अनुसार बरेली मंडल की सभी 16 चीनी मिलों को मशीनों की ओवरहालिंग, तकनीकी परीक्षण और अन्य व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी करने को कहा गया है। विभाग को उम्मीद है कि जल्द पेराई शुरू होने से नई चीनी बाजार में पहले पहुंच सकेगी और कीमतों पर दबाव कम होगा। इस योजना के दायरे में बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत और बदायूं की चीनी मिलें शामिल हैं। बरेली की फरीदपुर, बहेड़ी की दो मिलें, मीरगंज और सेमीखेड़ा समेत अन्य मिलों में तैयारियां तेज की जा रही हैं। शाहजहांपुर की तिलहर, पुवायां, रोजा और मकसूदापुर, पीलीभीत की बीसलपुर, पूरनपुर, मझोला और एलएच शुगर तथा बदायूं की शेखूपुर और बिसौली मिलों को भी समय से पहले पेराई शुरू करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। चीनी के दाम बढ़ने का असर ग्रामीण बाजारों पर भी दिखाई दे रहा है। कोल्हू संचालक भी सामान्य समय से पहले तैयारियों में जुट गए हैं। गन्ना उपलब्ध होते ही कई स्थानों पर कोल्हू चलने की उम्मीद है। गुड़ और राब का उत्पादन बढ़ने से स्थानीय बाजार में वैकल्पिक मिठास की उपलब्धता बढ़ सकती है, जिससे चीनी की मांग पर कुछ दबाव कम होने की संभावना है। त्योहारी सीजन में मिठाई, बेकरी उत्पाद और घरेलू उपयोग के लिए चीनी की मांग बढ़ने को देखते हुए प्रशासन ने स्टॉक और कीमतों की निगरानी तेज कर दी है। पूर्व में गठित टीमों ने श्यामगंज समेत कई क्षेत्रों में चीनी के गोदामों की जांच कर स्टॉक और खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड खंगाले हैं। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार के अनुसार बाजार में उपलब्धता पर लगातार नजर रखी जा रही है। जमाखोरी या कालाबाजारी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने भी मिठाई की दुकानों, डेयरियों और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की निगरानी बढ़ा दी है। समय से पहले पेराई शुरू होने से किसानों को भी फायदा मिलने की उम्मीद है। गन्ने की जल्दी आपूर्ति होने पर खेत समय से खाली होंगे और किसान गेहूं समेत रबी की अगली फसल की बुआई समय पर कर सकेंगे। विभाग का मानना है कि जल्दी पेराई, नई चीनी की उपलब्धता और स्थानीय स्तर पर गुड़ उत्पादन बढ़ने से त्योहारी सीजन में चीनी की कीमतों पर कुछ हद तक अंकुश लगाया जा सकेगा।

## संक्षेप समाचार

### रक्षाबंधन कार्यक्रम में बुजुर्ग महिला के मुंह पर बाउंसर ने मारा हाथ, निकला खून

**बरेली।** बरेली क्लब में रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उस समय अफरातफरी की स्थिति बन गई, जब एक बुजुर्ग महिला के मुंह पर बाउंसर का हाथ लग गया। महिला के मुंह से खून निकलने लगा। घटना के बाद महिला मुंह पर हाथ रखकर कुछ देर तक शांत खड़ी रही और निकल रहे खून को साफ करती रही। कार्यक्रम में डॉ. उमेश गौतम और पार्थ गौतम को राखी बांधने के लिए बड़ी संख्या में बहनें पहुंची थीं। राखी बांधने के बाद महिलाओं को उपहार भी दिए जा रहे थे। इसी दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान एक बाउंसर का हाथ कथित तौर पर बुजुर्ग महिला के चेहरे पर लग गया। महिला के मुंह से खून निकलने के बावजूद मौके पर मौजूद लोगों का ध्यान घटना की ओर ज्यादा नहीं गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला काफी देर तक चुपचाप खड़ी रही और अपने मुंह से निकल रहे खून को साफ करती रही। महिला की स्थिति देखकर सवाल उठता है कि भीड़ नियंत्रण के नाम पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा बुजुर्गों और महिलाओं के साथ किस तरह का व्यवहार किया जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों का कहना था कि बाउंसरों का व्यवहार कई बार बेहद सख्त और असंवेदनशील नजर आता है। भीड़ नियंत्रित करना उनकी जिम्मेदारी है, लेकिन इसके लिए महिलाओं और बुजुर्गों के साथ अभद्रता या बल प्रयोग उचित नहीं माना जा सकता। घटना के बाद कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था और बाउंसरों के व्यवहार को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं।




### नाथ नगरी में जटायु के साहस से सजेगा मातृशक्ति उद्यान

**बरेली।** नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत आदीनाथ चौक के निकट करीब 10 हजार वर्गमीटर भूमि पर जटायु के साहस, धैर्य और त्याग से प्रेरित मातृशक्ति उद्यान विकसित किया जाएगा। महिला सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर तैयार होने वाला यह उद्यान मुख्यमंत्री के 'मिशन शक्ति' अभियान को नया आयाम देगा। जटायु ने माता सीता की रक्षा के लिए रावण से युद्ध करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। इसी त्याग और साहस को नारी सम्मान व सुरक्षा के संदेश से जोड़ते हुए उद्यान की परिकल्पना की गई है। यहां आने वाले लोगों को नारी के प्रति सम्मान और सुरक्षा के दायित्व का संदेश दिया जाएगा। उद्यान में संकल्प प्रांगण, स्वागत प्रांगण, शक्ति पथ और शक्ति रंगमंच विकसित किए जाएंगे। रक्षाबंधन पर यहां नारी सम्मान और सुरक्षा का संकल्प दिलाने की योजना है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम और संवाद भी आयोजित किए जा सकेंगे। वीरांगना चौक और वीरांगना उद्यान उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को समर्पित होंगे। उद्यान का मुख्य आकर्षण विशाल जटायु प्रतिमा होगी। फव्वारे, जल तत्व, प्रकाश व्यवस्था, बच्चों के खेल क्षेत्र और विश्राम सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। बरेली विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय ने कहा कि जटायु के साहस और त्याग को मातृशक्ति के सम्मान व सुरक्षा के आधुनिक संदेश से जोड़कर इसे प्रेरणा स्थल बनाया जाएगा।



### कैंट क्षेत्र में पर्यावरण और जल संरक्षण का जनअभियान

**बरेली।** डॉ. तनु जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बरेली छावनी परिषद के मार्गदर्शन में शुक्रवार सुबह नौ बजे धोपेश्वर नाथ मंदिर के निकट साई स्टेडियम रोड से कैंट क्षेत्र में पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए सामूहिक श्रमदान और जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में लोगों ने स्वेच्छा से श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण और जलस्रोतों की स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य नाथ नगरी बरेली के नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नदी स्वच्छता और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान लोगों ने संदेश दिया कि प्रकृति और जल की रक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। डॉ. तनु जैन ने कहा कि बदलाव केवल बड़े संसाधनों से नहीं, बल्कि छोटे-छोटे सामूहिक प्रयासों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से आता है। उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास के जलस्रोतों को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए नियमित रूप से श्रमदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि "नकटिया से नाथ गंगा तक" की परिकल्पना बरेली की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य नदी, जल, हरियाली और जनभागीदारी को जोड़कर स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बरेली का निर्माण करना है। अभियान के दौरान नागरिकों से जल बचाने, नदियों को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने और प्रकृति संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया।

# दीदियों ने डीएम को बांधी राखी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह को आत्मीयता और स्नेह के साथ राखी बांधी। महिलाओं ने डीएम की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भाई-बहन के रिश्ते की मिठास के साथ आपसी भाईचारे, सहयोग और महिला सशक्तिकरण की भावना भी देखने को मिली।

डीएम अविनाश सिंह ने सभी महिलाओं का स्नेहपूर्वक अभिवादन करते हुए उनके प्रति सम्मान और आत्मीयता व्यक्त की। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की भूमिका को ग्रामीण एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण बताते हुए उनके आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम ने प्रशासन और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के बीच संवाद, विश्वास और सहयोग की भावना को और मजबूत किया। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं स्वरोजगार और विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। रक्षाबंधन के इस अवसर पर महिलाओं द्वारा डीएम को राखी बांधने का कार्यक्रम प्रशासन और समाज के बीच अपनत्व एवं विश्वास का प्रतीक बना। राखी के धागे ने भाई-बहन के रिश्ते के साथ सामाजिक समरसता, सम्मान और सहयोग का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के प्रयासों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी दिखाई दिया।

# रक्षाबंधन से पहले खाद्य विभाग का छापा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए आमजन को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में सघन जांच अभियान चलाया। जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की चार टीमों ने 26 और 27 अगस्त को शहर से लेकर तहसील क्षेत्रों तक विभिन्न प्रतिष्ठानों और खाद्य पदार्थों की जांच की। अभियान के दौरान रामपुर रोड स्थित दिल्ली स्वीट्स से बर्फी और काजू कतली, बड़ा बाजार स्थित दीपक स्वीट्स से घेवर व सोनपापड़ी तथा डोहरा रोड स्थित इंडस अजंता से बेसन के लड्डू और घेवर के नमूने लिए गए। बहेड़ी क्षेत्र के पड़ेरा और मऊई काजियान से बर्फी के नमूने लिए गए। रामगंगा चौकी पर बिक्री के लिए ले जाए जा रहे पनीर की जांच करते हुए वाहन संख्या यूपी-25 एटी-9278 से भी पनीर का नमूना लिया गया। इसके अलावा रेडिसन होटल, मुड़िया अहमदनगर से पनीर, फतेहगंज पूर्वी के सोहन लाल मिष्ठान भंडार से खोया और फरीदपुर बाजार क्षेत्र से दूध की लॉज का नमूना संग्रहित किया गया। 27 अगस्त को मौलागढ़ में शेरखान से बर्फी और आसपुर गौटिया में इदरीस से मिल्क केक का नमूना लिया गया। विभाग के अनुसार सभी नमूने जांच के लिए राजकीय खाद्य विश्लेषक को भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि रक्षाबंधन को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# नौ परिवारों के घरों में तोड़फोड़ करने और अभद्रता का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र के पचौमी गांव में नौ परिवारों के पक्के और कच्चे मकानों में जबरन घुसकर दबंगों द्वारा तोड़फोड़ और महिलाओं समेत परिजनों से अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवारों ने थाना पुलिस और एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित प्रेमपाल कश्यप, पुत्तूलाल कश्यप, अरविंद कश्यप, भगवानदास कश्यप, भुवनेश कश्यप, अवधेश मिश्रा, मधु कश्यप, हेमबती कश्यप और श्रीपाल मिश्रा का आरोप है कि कई वर्ष पहले उन्होंने गांव के बीरे सिंह की जमीन पर बने प्लाट लाखों रुपये देकर खरीदे थे। बीरे सिंह के भतीजे मुकेश पुत्र होशियार सिंह ने सभी परिवारों को स्टाम्प और नोटरी भी कराई थी। पीड़ितों के मुताबिक बीरे सिंह की कोई संतान नहीं थी। उनकी मृत्यु के बाद छह अगस्त को जमीन की फौती मुकेश आदि के नाम दर्ज हुई। आरोप है कि इसके बाद मुकेश अपने साथियों के साथ मिलकर परिवारों से दोबारा आठ लाख रुपये की मांग कर रहा है। रकम न देने पर घरों में घुसकर तोड़फोड़, मारपीट और महिलाओं से अभद्रता कर दबाव बनाने का आरोप है। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री को भी शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो मुख्यमंत्री जनता दरबार में न्याय की गुहार लगाएंगे। मामले में पुलिस का पक्ष सामने नहीं आया है।

## डीडीयू ग्रामीण कौशल केंद्र का शुभारंभ

**नवाबगंज।** ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए नवाबगंज में 'दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना' के प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. एमपी आर्य ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया।विधायक ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में केवल किताबी शिक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग की जरूरतों के मुताबिक कौशल विकास भी जरूरी है। उन्होंने युवाओं को लगन से प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें बेहतर आजीविका देना है। कार्यक्रम में एलबीएस के रोहित गंगवार, उमेश थरकुड़े और अनिल दीक्षित सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विवादित टिप्पणी: मौलाना पर एफआईआर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बहेड़ी के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मौलाना मारूफ रजा खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मंगदपुर निवासी रजत पंडित की तहरीर पर बहेड़ी थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है। इससे पहले पुलिस मौलाना को गिरफ्तार कर धारा 151 के तहत चालान कर चुकी है।

शिकायतकर्ता रजत पंडित ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि मौलाना मारूफ रजा खान ने अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो अपलोड किया था। आरोप है कि वीडियो में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण को लेकर आपत्तिजनक बातें कही गईं और उनके अस्तित्व तथा जन्म को लेकर टिप्पणी की गई। वीडियो वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ गया और हिंदू समाज के लोगों में नाराजगी सामने आई। शिकायत के बाद पुलिस ने पहले मौलाना को गिरफ्तार कर 151 में चालान किया था। अब तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले की विधिवत जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता ने मौलाना के फेसबुक पेज और वायरल वीडियो की जांच कराने के साथ ही उसे शेयर कर प्रसारित करने वाले सोशल मीडिया अकाउंट की भी जांच की मांग की है। तहरीर के साथ फेसबुक पेज की छायाप्रति भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस वायरल वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़े साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस वीडियो में कही गई बातों के संदर्भ, उसकी सत्यता और सोशल मीडिया पर उसके प्रसार के तरीके समेत विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विवादित वीडियो को लेकर शुरू हुआ मामला अब एफआईआर तक पहुंच गया है। हालांकि, आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस की जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

# पुलिस बनकर दवा विक्रेता से 5 हजार की छिनैती, 4 गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय




▶ अफीम तस्करी में जेल भेजने की धमकी देकर मांगे थे 50 हजार रुपये, चार मोबाइल बरामद और दो बाइक सीज

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में रात के समय पुलिस बनकर राहगीरों से छिनैती करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक दवा विक्रेता को पुलिसकर्मी बताकर रोक लिया और अफीम तस्करी में जेल भेजने की धमकी देकर 50 हजार रुपये मांगे। तलाशी के दौरान जेब में मिले पांच हजार रुपये छीनकर आरोपी फरार हो गए।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रात में ही रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटी गई रकम और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। दो बाइक भी सीज की गई हैं। इज्जतनगर की रजत विहार कॉलोनी निवासी पुष्पेंद्र एमआर हैं। बुधवार रात वह बाइक से मिलिट्री अस्पताल के पास पहुंचे थे। इसी दौरान दो बाइक सवार युवकों ने उनकी बाइक रुकवा ली। दोनों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए बैग की तलाशी कराने को कहा। पुष्पेंद्र ने चेकिंग का कारण पूछा और आईकार्ड दिखाने को कहा तो दोनों युवकों ने फोन कर अपने दो और साथियों को बुला लिया। आरोप है कि चारों ने पुष्पेंद्र से कहा कि लाल फाटक पर उनकी तलाशी होगी। इसके बाद उन्हें लाल फाटक पुल के नीचे ले गए। वहां अफीम तस्करी में जेल भेजने की धमकी देते हुए कहा कि मादक पदार्थ तस्करी का मुकदमा दर्ज कराकर जिंदगी बर्बाद कर देंगे। आरोपियों ने 50 हजार रुपये की मांग की। तलाशी के दौरान पुष्पेंद्र की जेब में मिले पांच हजार रुपये छीन लिए और फरार हो गए। बाद में पुष्पेंद्र ने आसपास जानकारी की तो पुलिस बनकर छिनैती करने वालों के बारे में पता चला। इसके बाद उन्होंने कैंट थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। थाना प्रभारी की टीम ने दबिश देकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी नशे की हालत में मिले। उनके कब्जे से पांच हजार रुपये और चार मोबाइल फोन बरामद हुए, जबकि दो बाइक सीज की गईं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उमरसिया निवासी कमल वर्मा और हेमंत तथा चनेहटी निवासी रोहित साहू के रूप में हुई है। गिरोह का सरगना कांधरपुर निवासी अभिषेक कश्यप बताया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि अभिषेक ब्याज और प्रॉपर्टी का काम करता है, जबकि कमल प्लंबर और हेमंत व रोहित फूड डिलीवरी का काम करते हैं। पुलिस के मुताबिक चारों नशे की हालत में रात के समय कैंट क्षेत्र में घूमते थे और मौका देखकर राहगीरों को पुलिसकर्मी बताकर लूट-छिनैती करते थे। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस गिरोह के अन्य आपराधिक मामलों और गतिविधियों की भी जांच कर रही है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413







## एक नजर

### डबल डेकर बस की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**बिनावर।** बरेली-बदायूं हाईवे के पास गंगा एक्सप्रेस-वे के चेंजओवर के निकट डबल डेकर बस की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के समय बस में करीब 40 यात्री सवार थे। ग्राम सिसइंया किशन, थाना दातागंज निवासी हरिओम (35) पुत्र भागीरथ बाइक से घटपुरी रेलवे स्टेशन की ओर जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान बदायूं की ओर से आ रही डबल डेकर बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने बस को नियंत्रित करने की कोशिश की, जिससे बस पलटने से बाल-बाल बची और सड़क की पटरी से नीचे उतर गई। हादसे में हरिओम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची बिनावर पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए बरेली भेजा। पुलिस ने घायल के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी है। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

# सीकरी प्रकरण में पुलिस का शिकंजा, आरोपियों की तलाश तेज

## नौ आरोपियों को अब तक पुलिस गिरफ्तार कर भेज चुकी है जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के सीकरी गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर हुए विवाद और पुलिस टीम पर पथराव के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मामले में अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं 32 नामजद आरोपियों में फरार चल रहे अन्य लोगों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

सीकरी गांव में सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने के प्रयास को लेकर विवाद शुरू हुआ था। सूचना पर पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इसी दौरान विरोध बढ़ गया और कुछ लोगों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया।



एसएसपी अंकिता शर्मा से जानकारी लेते डीआईजी अजय साहनी। -जागरण मोर्चा

अचानक हुए पथराव से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसमें पुलिसकर्मियों के अलावा कुछ अन्य लोग और पत्रकार भी चोटिल हुए थे। उपद्रव के दौरान वाहनों को भी निशाना बनाया गया, जिससे उनके शीशे क्षतिग्रस्त हो गए।

घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी शुरू की। पुलिस के अनुसार अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 32 लोगों को मुकदमे में नामजद किया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने के साथ ही फरार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। घटना के वीडियो और अन्य साक्ष्यों को भी जांच में शामिल किया जा रहा है।

**डीआईजी ने दिए थे सख्त कार्रवाई के निर्देश :** मामले की गंभीरता को देखते हुए बरेली रेंज के डीआईजी अजय साहनी ने बदायूं पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली थी। उन्होंने अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा कर उपद्रव में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद पुलिस ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान और तेज कर दिया है।



सीकरी गांव की सूनी पड़ी गली। -जागरण मोर्चा

> निर्दोष किसी व्यक्ति पर पुलिस कार्रवाई नहीं करेगी। पुलिस वीडियो के माध्यम से आरोपियों की पहचान कर रही है और उन्हीं को नामजद किया गया है। निर्दोष लोगों को किसी प्रकार का कोई डर नहीं है। गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है। सुरक्षा के लिहाज से गांव में पुलिस बल तैनात है।
> -अंशुमान श्रीवास्तव, सीओ बिसौली

**गांव में पुलिस बल तैनात :** घटना के बाद सीकरी गांव में पुलिस बल तैनात है। संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं और ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मायावती ने बदायूं के सीकरी विवाद पर जताई चिंता, कहा- प्रशासन

जागरण मोर्चा कार्यालय



बहुजन समाजवादी पार्टी की अध्यक्ष मायावती। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर जारी विवाद और तनाव की स्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मामले का तत्काल शांतिपूर्ण और उचित समाधान निकालने की अपील की है।

मायावती ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से जारी बयान में कहा कि भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने मानवतावादी, कल्याणकारी और सभी जाति-धर्मों के लोगों को समान अधिकार देने वाला संविधान देकर देश को एकता के सूत्र में बांधा। उन्होंने कहा कि संविधान सभी नागरिकों को अपने धर्म, धार्मिक ग्रंथों, रीति-रिवाजों और मान्यताओं के अनुसार शांतिपूर्ण जीवन जीने का अधिकार देता है। ऐसे मामलों में सभी को एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं और मान्यताओं की पवित्रता का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने महिलाओं की अस्मिता, सम्मान, पर्दा और आत्मसम्मान से जुड़े मामलों को भी संवेदनशीलता से देखने की बात कही। स्कूलों में यूनिफॉर्म, पर्दा, चादर या हिजाब पहनने जैसे विषयों को लेकर उन्होंने कहा कि इन्हें अनावश्यक रूप से तूल देकर अदालतों तक विवाद ले जाने के बजाय स्थानीय स्तर पर स्कूल प्रबंधन तथा शासन-प्रशासन को आपसी समझ और सूझबूझ से समाधान निकालना चाहिए।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि उनकी पार्टी सर्वसमाज के सम्मान तथा सभी के जान-माल और मजहब की सुरक्षा की पक्षधर है। किसी भी धर्म, धार्मिक ग्रंथ या धार्मिक मान्यताओं से जुड़े संवेदनशील मामलों पर लोगों को टीका-टिप्पणी से बचना चाहिए। उनके अनुसार इससे देश और जनहित में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में मदद मिलेगी।

**बदायूं के सीकरी प्रकरण का किया उल्लेख :** मायावती ने अपने बयान में विशेष रूप से बदायूं जिले में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर चल रहे विवाद का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मामले के कारण क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने शासन-प्रशासन से अपील की कि विवाद का तत्काल शांतिपूर्ण और उचित समाधान निकाला जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और सामाजिक सौहार्द कायम रह सके।

# सीकरी प्रकरण में चंद्रशेखर आजाद ने कार्रवाई पर उठाए सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के राजा की सीकरी गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई पर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर दो वीडियो पोस्ट कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले में हस्तक्षेप की मांग की।

चंद्रशेखर आजाद ने दावा किया कि ग्रामीणों के अनुसार घटना के बाद रात में घरों में दबिश दी जा रही है और तोड़फोड़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि कई घरों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग ही मौजूद हैं, जिससे उनमें भय का माहौल है।

उन्होंने सवाल उठाया कि यदि प्रतिमा स्थापना की तैयारियां करीब



आसपा अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद।

एक सप्ताह से चल रही थीं तो पुलिस और एलआईयू को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पथराव और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन इसकी आड़ में निर्दोष ग्रामीणों को परेशान करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। सांसद ने कहा कि आजाद समाज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जल्द सीकरी गांव पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी लेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। हालांकि, घरों में तोड़फोड़ और बदले की भावना से कार्रवाई के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

# राजा की सीकरी जाने से रोके गए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिसौली विधानसभा क्षेत्र के राजा की सीकरी गांव में पीड़ितों से मिलने जा रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव को गुरुवार को पुलिस प्रशासन ने रास्ते में रोक दिया। पुलिस उन्हें वापस नेकपुर स्थित उनके आवास ले गई, जहां देर शाम तक पुलिस बल तैनात रहा।

अजीत यादव गुरुवार को राजा की सीकरी गांव जाने के लिए निकले थे। आरोप है कि बिसौली रोड स्थित पटेल चौराहे के निकट सिविल लाइंस और शहर कोतवाली पुलिस ने उनकी गाड़ी रोक ली। इसके बाद उन्हें वापस घर ले जाकर बाहर नहीं निकलने दिया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए कहा कि सरकार विपक्ष को पीड़ितों से मिलने से रोक रही है।



सीकरी गांव जाने से कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव को रोकती पुलिस। -जागरण मोर्चा



हाउस अरेस्ट करने के बाद तैनात पुलिस जिलाध्यक्ष अजीत यादव से बात करती हुई। -जागरण मोर्चा

उन्होंने आरोप लगाया कि राजा की सीकरी गांव में ग्राम सभा की जमीन से डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा हटाए जाने के बाद हुए विवाद में निर्दोष लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने पुलिस की धरपकड़ बंद करने और निर्दोष ग्रामीणों को प्रताड़ित न करने की मांग की।

अजीत यादव ने जेल भेजे गए लोगों के साथ थाने में मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए उनका चिकित्सकों के पैनल से मेडिकल परीक्षण कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि दलितों और अंबेडकर के अनुयायियों के साथ किसी प्रकार का अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस पीड़ितों के साथ खड़ी है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी फोन पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जल्द ही बदायूं आकर राजा की सीकरी गांव में पीड़ितों से मिल सकते हैं। इस दौरान कांग्रेस जिला सचिव राजीव पटेल, नवनीत यादव और सेवानिवृत्त कानूनगो सुरेंद्र सिंह सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**दातागंज।** बेलाडांडी रोड पर राइस मिल के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार तीनों लोगों ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। कोतवाली क्षेत्र के गांव काशी निवासी शेर बहादुर अपनी दो महिला रिश्तेदारों को बाइक से उनकी ससुराल बेलाडांडी गांव छोड़ने जा रहे थे। कस्बे से निकलते ही सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों बाइक सवार उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने इंदु देवी (36) पत्नी सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। उनकी जेठानी तारावती (42) पत्नी सर्वेश और बाइक चालक शेर बहादुर घायल हैं। पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। वहीं,पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। सीओ अशेष नाथ सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यालय का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** थाना बिनावर पुलिस ने विद्यालय का वीडियो आपराधिक आशय से बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी अजय राठौर पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम दियोरीजीत को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक 19 अगस्त को संविलियन विद्यालय दियोरीजीत के प्रधानाध्यापक विजय कुमार शर्मा ने थाने में तहरीर देकर विद्यालय का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने की शिकायत की थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच में सामने आए तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी अजय राठौर को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मामराज सिंह मय पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना बिनावर में मुकदमा दर्ज किया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, साथी गंभीर

**सहसवान।** क्षेत्र में बुधवार शाम तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बदायूं मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। गांव होतीपुर निवासी सुभाष (25) पुत्र श्याम सिंह और सोनपाल (52) पुत्र भागीरथ बुधवार शाम बाइक से खितौरा कुछ सामान लेने गए थे। रात करीब सात बजे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। बहबलपुर के पास पहुंचने पर तेज गति से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# पुलिस को चकमा देकर सीकरी पहुंचे गुलशन कुमार, वीडियो जारी कर पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के राजा की सीकरी गांव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा हटाए जाने और क्षतिग्रस्त होने के बाद उपजे विवाद के बीच आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गुलशन कुमार बुधवार को पुलिस की सख्ती के बावजूद गांव पहुंच गए। गांव पहुंचने के बाद उन्होंने मौके से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किए हैं। वीडियो के माध्यम से उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत और गांव की स्थिति को सामने रखने का प्रयास किया है। बताया जा रहा है कि प्रकरण के बाद से सीकरी गांव में पुलिस-प्रशासन की निगरानी बढ़ा दी गई है। गांव में पुलिस बल तैनात है और स्थिति को देखते हुए आवाजाही पर भी नजर रखी जा रही है। ऐसे में पुलिस की निगरानी के बीच गुलशन कुमार के गांव पहुंचने की बात सामने आने के बाद मामला फिर चर्चा में आ गया है।



आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गुलशन से बात करती गांव की महिलाएं।

**सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर बताया ग्रामीणों का पक्ष :** गुलशन कुमार ने सीकरी पहुंचने के बाद बनाए गए वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। वीडियो में वह ग्रामीणों से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। उनके द्वारा ग्रामीणों से पुलिस कार्रवाई और घटना के बाद की स्थिति के संबंध में जानकारी ली जा रही है। वीडियो के साथ किए गए पोस्ट में पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों की ओर से रात में दबिश और घरों में तोड़फोड़ किए जाने जैसे आरोप लगाए जाने की बात भी सामने रखी गई है।जो वीडियो में साफ सुनाई दें रही है। जागरण मोर्चा समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

**पुलिस कार्रवाई के बीच बढ़ी राजनीतिक सक्रियता :** सीकरी प्रकरण में पुलिस की कार्रवाई जारी रहने के बीच अब राजनीतिक सक्रियता भी बढ़ती दिखाई दे रही है। एक ओर पुलिस नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है, वहीं दूसरी ओर आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत कर रहे हैं और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। फिलहाल गांव में पुलिस बल तैनात है और प्रशासन की ओर से शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उघैती।** बदायूं-बिजनौर हाईवे पर मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। ग्राम टिटौली स्थित एक पब्लिक स्कूल के पास रोडवेज बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार युवक बस के नीचे जा घुसा। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई और हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंगलवार शाम करीब साढ़े चार बजे रोडवेज बस इस्लामनगर की ओर जा रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से बाइक पर सवार होकर आ रहा युवक बस की चपेट में आ गया। बस की टक्कर लगते ही युवक बाइक समेत सड़क पर गिरकर बस के नीचे फंस गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से घायल युवक को बाहर निकलवाकर रुदायन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गुफरान (25) पुत्र अबरार निवासी बेहटा गुसाईं, थाना बिल्सी के रूप में हुई।

युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सीओ आलोक सिद्धू ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। घटना के संबंध में अभी परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# कछला घाट पर प्रसाद वितरण, राष्ट्रीय हनुमान दल ने की नई नियुक्तियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** राष्ट्रीय हनुमान दल, जनपद बदायूं की ओर से शिव तेरस के अवसर पर पावन कछला घाट पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट संजीव कुमार सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर प्रशान्त सिंह, जिला महामंत्री एडवोकेट सार्थक चित्रांश, जिला महामंत्री नरेंद्र गुप्ता, युवा मोर्चा के जिला मंत्री कुनाल ठाकुर सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सेवा, सद्भाव और एकजुटता की भावना को मजबूत करना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



वहीं संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह ने विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां भी कीं। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नई नियुक्तियों में अंकित सिंह को दातागंज ब्लॉक प्रचार मंत्री, धर्मपाल को दातागंज नगर महामंत्री, मोनू को नगर बदायूं संयोजक, रनजीत को नगर बदायूं मंत्री, अवनेश कुमार को जिला संयोजक, वेदराम को जिला मंत्री तथा दिनेश चन्द्र को दातागंज ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

जिलाध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन की विचारधारा एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ समाज सेवा, धर्म रक्षा और राष्ट्रहित के कार्यों में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

**जागरूकता** गांव-गांव और विद्यालयों तक पहुंचेगा जागरूकता अभियान, महिलाओं, विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों पर रहेगा विशेष जोर

# साइबर ठगी के खिलाफ ह्यूमन विजन फाउंडेशन चलाएगा 'साइबर सेफ सोसायटी मिशन-2026'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बढ़ती ऑनलाइन ठगी, डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से नागरिकों को बचाने के लिए ह्यूमन विजन फाउंडेशन ट्रस्ट ने 'साइबर सेफ सोसायटी मिशन-2026' शुरू करने की तैयारी की है। अभियान को प्रारंभिक चरण में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया जाएगा। इसके तहत गांवों से लेकर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शहरी क्षेत्रों तक पहुंचकर लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। संस्था के संस्थापक रितेश भारतीय ने बताया कि ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई, ओटीपी, फर्जी केवाईसी कॉल, फर्जी नौकरी, लोन, निवेश और संदिग्ध लिंक के जरिए साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जानकारी के अभाव



डीएम को ज्ञापन सौंपते संस्था के लोग। -जागरण मोर्चा

में कई लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा देते हैं। इसी को देखते हुए ट्रस्ट ने साइबर जागरूकता को व्यापक सामाजिक अभियान का रूप देने का निर्णय लिया है।

**डीएम से मांगा प्रशासनिक सहयोग :** अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने के लिए संस्था की ओर से डीएम अवनीश राय से प्रशासनिक सहयोग का आग्रह किया गया है। ट्रस्ट का प्रयास है कि अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों तक साइबर सुरक्षा की बुनियादी जानकारी पहुंचाई जाए।

**ओटीपी से लेकर फर्जी लिंक तक बताए जाएंगे बचाव के तरीके :** अभियान के दौरान लोगों को ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम व डेबिट कार्ड, सीवीवी, फर्जी लिंक, क्यूआर कोड, सोशल मीडिया अकाउंट, फर्जी केवाईसी, ऑनलाइन नौकरी, लोन और निवेश से जुड़ी ठगी से बचने के उपाय बताए जाएंगे। लोगों को समझाया जाएगा कि बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।

**विद्यार्थियों और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान:** ट्रस्ट की योजना में विद्यार्थियों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और आम नागरिकों को प्राथमिकता दी गई है। विद्यालयों व महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को सोशल मीडिया सुरक्षा, साइबर बुलिंग, फर्जी प्रोफाइल, संदिग्ध लिंक और ऑनलाइन गेमिंग के जरिए होने वाली ठगी के प्रति जागरूक किया जाएगा। वहीं वरिष्ठ नागरिकों को फर्जी बैंक अधिकारी बनकर किए जाने वाले फोन कॉल, ओटीपी और यूपीआई से संबंधित धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी जाएगी।

# रक्षाबंधन पर मातृशक्ति को निशुल्क बस यात्रा का तोहफा

## 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को आजीवन मुफ्त बस यात्रा की सुविधा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश सरकार ने मातृशक्ति को निशुल्क बस यात्रा का तोहफा दिया है। बुधवार को परिवहन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण अध्याय परिसर स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के नेता। -जागरण मोर्चा



मंत्री धर्मपाल सिंह को राखी बांधती शिक्षकायें। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं को साड़ी और मिठाई वितरित की गई।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन से एक दिन पहले से एक दिन बाद तक माताओं-बहनों के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की व्यवस्था की है। इसके साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए आजीवन निशुल्क बस यात्रा की सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं चला रही है। मातृशक्ति का सम्मान बढ़ाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन पर मातृशक्ति को तीन दिन की निशुल्क बस यात्रा का उपहार दिया है। वहीं 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए आजीवन निशुल्क यात्रा का प्रावधान किया गया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार महिलाओं के सम्मान और सशक्तीकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि शरदेंदु पाठक समेत पार्टी पदाधिकारी, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समाज कल्याण विभाग के महाराज सिंह ने किया।

### राखी बांधकर शिक्षिकाओं ने मांगा नौकरी का सुरक्षा कवच

**बदायूं।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बदायूं की तहसील प्रभारी प्रीति राठौर के नेतृत्व में शिक्षिकाओं का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह से मिला। इस दौरान शिक्षिकाओं ने मंत्री को रक्षासूत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की परंपरा निभाई। राखी बांधने के बाद शिक्षिकाओं ने मंत्री के सामने अपनी प्रमुख मांग रखते हुए नौकरी की सुरक्षा और भविष्य के स्थायित्व का उपहार मांगा। प्रीति राठौर ने कहा कि शिक्षिकाओं को रक्षाबंधन पर किसी भौतिक उपहार की आवश्यकता नहीं है। उनकी सबसे बड़ी चिंता नौकरी, भविष्य और परिवार की सुरक्षा को लेकर है। उन्होंने कहा कि शिक्षिकाएं चाहती हैं कि उनकी सेवाएं सुरक्षित रहें और किसी भी स्थिति में परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा न हो।

## संक्षेप समाचार

### राखी बनाओ प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा



राखी प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चे। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** एसडीबी पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के लिए राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियां तैयार कर अपनी कल्पनाशीलता व कला-कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। बृहस्पतिवार को आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगों, मोतियों और सजावटी सामग्री का प्रयोग करते हुए सुंदर राखियां बनाईं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मक सोच का परिचय दिया। प्रतियोगिता में काव्य बसु, साक्षी, अक्षिता, नव्या, एंजेल, अनन्या, सूर्यांश, आयुष, अरनव, रुद्रांश, दिव्यांश अग्रवाल, दीपांशु, दक्ष, राधिका, इंदु, काव्या, कनक, राफिया, दीक्षा, अंशिका सिंह, सपना, रौनक, आस्था गौर, सृष्टि, तनु, देव, अतिक्ष, साहिल और रुद्राक्ष सहित अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश वार्ष्णेय एवं प्रधानाचार्या मीनू बत्रा ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ता है। साथ ही बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति रुचि और जुड़ाव भी मजबूत होता है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिक्षिकाओं गुंजन वार्ष्णेय, काव्या शंखधार, शालिनी मिश्रा एवं प्रीति पाल का विशेष सहयोग रहा।

### रक्षाबंधन पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र, दिया सद्भाव का संदेश



एसडीएम प्रियंका गोयल को राखी बांधने के बाद संदेश पत्र देती ब्रह्म कुमारी बहने।

**बिसौली।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिसौली की बहनों ने भाई-बहनों को रक्षा सूत्र बांधकर पवित्रता, प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की कलाई पर राखी बांधकर उनके सुखमय और शांतिपूर्ण जीवन की कामना की। बृहस्पतिवार को ब्रह्माकुमारी बहनों ने एसडीएम प्रियंका गोयल, सीओ अंशुमन श्रीवास्तव और नायब तहसीलदार मो. हारिस को राखी बांधी। रक्षा सूत्र बांधते हुए बहनों ने रक्षाबंधन पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को आपसी प्रेम व सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी वीके मिथलेश बहन ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक-दूसरे की कलाई पर पवित्र सूत्र बांधने का पर्व नहीं है, बल्कि यह पवित्रता, आत्मिक भाईचारे, श्रेष्ठ संकल्प और परमात्म स्मृति का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, शांति और सद्भाव की भावना को मजबूत करना ही इस पर्व का वास्तविक उद्देश्य है। इस अवसर पर एसडीएम के स्टेनो जहीर आलम, बीके रूपम दीदी, बीके रेनू बहन, बीके महेश भाई समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### बदायूं के तुषार राज को सीएम योगी ने दी स्टार्टअप प्रोत्साहन राशि



लखनऊ में तुषार को प्रोत्साहन राशि भेंट करते मुख्यमंत्री आदित्यनाथ। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोक भवन में आयोजित यूपी स्टार्टअप इकोसिस्टम इवेंट 2026 में बदायूं से जुड़े फैबलेस सेमीकंडक्टर स्टार्टअप फोटोनशीलीका पहसी टेक्नोलॉजीज एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक तुषार राज को स्टार्टअप प्रोत्साहन राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री से सम्मान और प्रोत्साहन मिलने पर तुषार राज ने इसे प्रदेश से उभर रहे युवा डीप-टेक उद्यमियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश स्टार्टअप पॉलिसी-2026 की पुस्तिका का विमोचन किया और उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन पोर्टल का शुभारंभ भी किया। सरकार का उद्देश्य प्रदेश में नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप्स को संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराकर स्टार्टअप इकोसिस्टम को और मजबूत करना है। समारोह में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार समेत प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे। बदायूं से जुड़ा फोटोनशीलीका एक फैबलेस सेमीकंडक्टर स्टार्टअप है, जो मिशन-क्रिटिकल क्षेत्रों के लिए डिप्लोयबल और सोवेरेन सिलिकॉन सलूशन्स विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है।

# स्कूल से किशोर को अगवा कर जंगल में ले जाने का आरोप, पिस्तौल तानकर दी धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के इंदिरा चौक इलाके में एक किशोर को स्कूल से जबरन ले जाकर मारपीट करने और पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिजनों ने कुछ युवकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मामला अलग-अलग समुदायों से जुड़ा होने के कारण इलाके में तनाव की स्थिति बताई जा रही है।

परिजनों के अनुसार, इंदिरा चौक निवासी अंश को कुछ युवक स्कूल से अपने साथ जबरन ले गए। आरोप है कि उसे सुनसान जंगल में ले जाकर उसके साथ मारपीट की गई। इसी दौरान आरोपियों ने पिस्तौल तानकर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद किशोर और उसके परिजन दहशत में हैं।

घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन सिविल लाइंस थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपों की पुष्टि के लिए घटनास्थल और आसपास के लोगों से जानकारी जुटा रही है।

बताया जा रहा है कि मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने एहतियात के तौर पर क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपों की जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# अनियंत्रित डंपर ने छीना देश का भावी सैनिक, हादसे में युवक की मौत



घायल को अस्पताल ले जाती पुलिस व परिजन। -जागरण मोर्चा



युवक की मौत की खबर सुन रोते बिलखते परिजन। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** गुरुवार की सुबह एक भीषण और दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। बिसौली-आसफपुर मार्ग पर एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार डंपर (ट्रक) ने बाइक सवार दो युवाओं को रौंद दिया। इस भयानक टक्कर में 18 वर्षीय तरुण यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका साथी अर्पित गंभीर रूप से घायल हो गय, जिसे बरेली उपचार हेतु भेजा गया। गुलड़िया निवासी तरुण यादव पुत्र मनोज यादव और अर्पित पुत्र रामनिवास यादव आपस में गहरे दोस्त थे। देश सेवा का जज्बा रखने वाले दोनों युवाओं का हाल ही में भारतीय सेना (फौज) में चयन हुआ था। गुरुवार सुबह दोनों दोस्त खेल मैदान से अपनी शारीरिक तैयारी और रनिंग पूरी कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बदरपुर लेकर गुजर रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों को तुरंत स्थानीय निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तरुण को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल अर्पित को प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत बरेली हायर सेंटर सघन उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। तरुण अपने पिता का इकलौता बेटा था। उनके पिता बिसौली नवीन मंडी में चालक के पद पर कार्यरत हैं। अस्पताल के बाहर एम्बुलेंस में पड़े तरुण के शव को देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। स्थानीय लोगों के अनुसार, आसफपुर मार्ग पर बदरपुर ढोने वाले भारी ट्रक और डंपर अक्सर बेकाबू रफ्तार से दौड़ते हैं, जिससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। प्रशासन से लगातार शिकायत के बावजूद इन पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# मिशन रक्षा सूत्र के तहत निकली जागरूकता रैली, महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत मिशन शक्ति अभियान के तहत मिशन रक्षा सूत्र के अंतर्गत गुरुवार को महिला थाना पुलिस ने जनजागरूकता रैली निकाली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में निकाली गई रैली में महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।




रैली निकालते पुलिस अधिकारी। -जागरण मोर्चा

रैली के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। महिला थाना प्रभारी ने अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न, साइबर अपराध अथवा आपात स्थिति में बिना संकोच संबंधित हेल्पलाइन पर संपर्क करें।

पुलिसकर्मियों ने सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल को लेकर भी जागरूक किया। महिलाओं और बालिकाओं से निजी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की अपील की गई।

पुलिस के अनुसार मिशन रक्षा सूत्र का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा को लेकर विश्वास मजबूत करना और उन्हें जागरूक, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। रक्षाबंधन के अवसर पर बदायूं पुलिस ने बहन-बेटियों की सुरक्षा और सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए आमजन से भी सुरक्षित एवं जागरूक समाज के निर्माण में सहयोग की अपील की।

# मां की मौत का सदमा नहीं सह सका बेटा, एक घर से उठे दो जनाजे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उसहैत।** कस्बा उसहैत के वार्ड नंबर आठ में बुधवार को एक हृदयविदारक घटना ने सभी को गमगीन कर दिया। बीमारी के चलते 70 वर्षीय अख्तरी की मौत के कुछ ही घंटे बाद उनके बड़े बेटे यूनुस मंसूरी (42) की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई। बृहस्पतिवार को मां-बेटे के जनाजे एक साथ उठे तो हर किसी की आंखें नम हो गईं।

कल्लू मंसूरी की पत्नी अख्तरी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। बुधवार को बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। परिजन उनके अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटे थे। इसी बीच रात करीब दस बजे उनके बड़े बेटे यूनुस मंसूरी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार उन्हें हार्ट अटैक आया। आनन-फानन में परिजन उन्हें इलाज के लिए बदायूं ले गए, जहां डॉक्टरों ने यूनुस को मृत घोषित कर दिया।



अख्तरी का फाइल फोटो।



यूनुस का फाइल फोटो।

एक ही परिवार में कुछ ही घंटों के अंतराल पर दो मौतों की खबर से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। जिसने भी घटना सुनी, वह परिवार को सांत्वना देने और मृतकों के अंतिम दर्शन के लिए पहुंचने लगा। बृहस्पतिवार को जब मां अख्तरी और बेटे यूनुस के जनाजे एक साथ घर से उठे तो माहौल बेहद गमगीन हो गया। मां-बेटे को एक साथ अंतिम विदाई देते देख मौजूद लोगों की आंखें भर आईं। दोनों को कस्बे के स्थानीय कब्रिस्तान में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान चेयरमैन नवाब हसन, छम्मन साविर मंसूरी, इमरान अहमद, जावेद अंसारी, चांद मियां सिद्दीकी, सईदउल्लाह मंसूरी, आबिद खां, मोअज्जम मंसूरी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**पड़ताल** | चौकी पुलिस की लापरवाही हो सकती है उजागर, आठ दिन पहले से पुलिस को थी मूर्ति गांव में आने की जानकारी

# सीकरी में प्रतिमा विवाद प्रकरण की जांच में खुलेंगे कई गहरे राज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के राजा की सीकरी गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर हुआ विवाद अब कई सवालों के घेरे में है। प्रतिमा स्थापना के प्रयास से शुरू हुआ मामला पुलिस-ग्रामीण टकराव, पथराव, मुकदमे और गिरफ्तारी तक पहुंच गया। पुलिस ने अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर 32 लोगों को नामजद किया है। फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।



गांव में तैनात पुलिस बल। -जागरण मोर्चा



घरों में पड़े ताले। -जागरण मोर्चा

प्रशासन के अनुसार प्रतिमा सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर बिना अनुमति स्थापित करने का प्रयास किया गया था। पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तो विरोध बढ़ गया और पथराव की स्थिति पैदा हो गई। इसमें पुलिसकर्मियों समेत अन्य लोगों के घायल होने और वाहनों को नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है।

वहीं, ग्रामीण पुलिस की कार्रवाई और घटना से पहले की तैयारियों को लेकर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी की जानकारी पुलिस को करीब आठ दिन पहले से थी। ऐसे में सवाल यह है कि समय रहते विवाद को बातचीत से क्यों नहीं सुलझाया गया। चौकी पुलिस और एलआईयू को इसकी जानकारी थी या नहीं, यह भी जांच का अहम बिंदु बन गया है।

घटना के बाद बरेली रेंज के डीआईजी अजय साहनी ने मौके का जायजा लेकर अधिकारियों को उपद्रव में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अब वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है।

इधर, आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए निर्दोष ग्रामीणों को परेशान नहीं करने की मांग की है। उनके आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

अब जांच में यह स्पष्ट होना बाकी है कि प्रतिमा की जानकारी पुलिस को कब मिली, समय रहते क्या कार्रवाई की गई और पथराव में वास्तव में कौन शामिल था। दोषियों पर कार्रवाई के साथ निर्दोषों को बचाना प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती है। सीकरी में कानून-व्यवस्था के साथ ग्रामीणों का भरोसा कायम करना भी जरूरी हो गया है।

# श्रावण पूर्णिमा पर बदायूं में यातायात डायवर्जन, कछला-अटैना जाने वाले श्रद्धालुओं को राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** श्रावण पूर्णिमा एवं गंगा स्नान पर्व को लेकर पुलिस-प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए जिले में यातायात डायवर्जन लागू किया है। कछला और अटैना घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए यह व्यवस्था 27 अगस्त की रात आठ बजे से 28 अगस्त की रात आठ बजे तक प्रभावी रहेगी।

### इन स्थानों पर रहेगी पुलिस की तैनाती

यातायात डायवर्जन को प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए नौशेरा तिराहा, राजकीय मेडिकल कॉलेज तिराहा, उझानी बड़ा बाईपास, मुजरिया चौराहा और सहसवान के कछला रोड पर पुलिस एवं यातायात पुलिस की तैनाती की गई है। पुलिसकर्मी वाहनों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से गुजारेंगे और यातायात व्यवस्था बनाए रखेंगे।

### श्रद्धालुओं के वाहनों पर लागू नहीं होगा डायवर्जन

पुलिस के मुताबिक कछला एवं अटैना घाट पर गंगा स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों पर यह डायवर्जन व्यवस्था लागू नहीं होगी। श्रद्धालुओं से निर्धारित मार्ग और पार्किंग व्यवस्था का ही इस्तेमाल करने तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है।

यातायात पुलिस के अनुसार बदायूं से हाथरस, अलीगढ़, मथुरा और राजस्थान की ओर जाने वाले हल्के, मध्यम एवं भारी वाहन उझानी बाईपास से मुजरिया, सहसवान, जरीफनगर, गुन्नौर, बबराला और अलीगढ़ होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। वहीं बदायूं से कासगंज, एटा और आगरा की ओर जाने वाले वाहनों को नौशेरा तिराहा, थाना कादरचौक और गंजडुंडवारा होते हुए आगे भेजा जाएगा।

**मुजरिया और सहसवान से कछला जाने वाले मार्ग पर रोक**

3 गंगा स्नान पर्व के दौरान मुजरिया चौराहे से कछला होते हुए कासगंज की ओर किसी भी वाहन को आवागमन की अनुमति नहीं होगी। इसी तरह सहसवान के कछला रोड से कछला होते हुए कासगंज की ओर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इन मार्गों पर पुलिस की तैनाती कर यातायात व्यवस्था की निगरानी की जाएगी।

## एक नजर

### चीनी के बढ़ते मुल्य के हिसाब से गन्ने का रेट 700 रूपये किया जाय

**तिलहर- शाहजहांपुर।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) की एक पदाधिकारीयों की आवश्यक बैठक संगठन को गति प्रदान करने के लिए तिलहर कार्यालय पर संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता संस्थापक ओमप्रकाश सिंह ने की तथा संचालन प्रवीण यादव तहसील प्रभारी ने किया बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा प्रदेश व केंद्र सरकार किसान विरोधी है आज देश का 70% किसान मजदूर खेती पर निर्भर है लेकिन उसे उसकी फसल का वाजिव मूल्य नहीं मिल रहा है सरकार किसान हितैषी होने का ढिंढोरा पीट रही है लेकिन वास्तव में किसानों के लिए धरातल पर उनके हित के कार्य नहीं हो रहे हैं इससे स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि सरकार किसान विरोधी कार्य कर रही हैं और पूंजी पतियों को लाभ पहुंचा रही है उन्होंने कहा केंद्र सरकार ने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड रुपए माफ कर साबित कर दिया है की सरकार पूंजी पतियों की सरकार है।

# तिलहर नगर पालिका में फर्जीवाड़े पर सर्जिकल स्ट्राइक

## डीएम ने FIR और ब्लैकलिस्टिंग के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद तिलहर में निर्माण कार्यों के टेंडर में फर्जी चरित्र प्रमाणपत्र लगाए जाने का मामला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने संबंधित फर्म के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने और उसे ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।यह कार्रवाई नगर पालिका परिषद तिलहर के सभासद कय्यूम खान की शिकायत के बाद कराई गई जांच के आधार पर की गई है। शिकायत में मथुरा कंस्ट्रक्शन की ओर से टेंडर प्रक्रिया में लगाए गए चरित्र प्रमाणपत्रों की सत्यता पर सवाल उठाए गए थे।फर्म मथुरा कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार तिलहर के नितगंजा मोहल्ला निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता बताए गए हैं।



जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

शिकायत के बाद फर्म द्वारा प्रस्तुत चरित्र प्रमाणपत्रों का संबंधित कार्यालय से सत्यापन कराया गया। जांच में क्रमांक 03, 04, 05, 06, 09 और 10 पर दर्शाए गए चरित्र प्रमाणपत्र कार्यालय से निर्गत नहीं पाए गए।जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में इन प्रमाणपत्रों को कूटरचित एवं फर्जी ढंग से तैयार किए जाने की बात कही है। रिपोर्ट में वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक मथुरा कंस्ट्रक्शन के नाम स्वीकृत निर्माण कार्यों में लगाए गए चरित्र प्रमाणपत्रों का विवरण भी शामिल है। इनमें सड़क निर्माण, सामुदायिक केंद्र, नाली निर्माण, विद्यालयों में कार्य, पाइपलाइन लीकेज रिपेयरिंग सामग्री की आपूर्ति समेत विभिन्न कार्य शामिल हैं।जांच में कुछ प्रमाणपत्र सही पाए गए, जबकि छह प्रमाणपत्रों के कार्यालय से जारी न होने की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि कार्यालय से जारी वास्तविक चरित्र प्रमाणपत्रों की क्रम संख्या और फर्म की ओर से टेंडर में प्रस्तुत प्रमाणपत्रों की क्रम संख्या में अंतर था।





कार्यालय नगर पालिका परिषद तिलहर। -जागरण मोर्चा

डीएम ने निर्देश दिए हैं कि फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार करने तथा उन्हें टेंडर प्रक्रिया में प्रस्तुत कर धोखाधड़ी करने के संबंध में संबंधित मामलों में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। इसके साथ ही फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी 15 दिन के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।जांच के बाद फर्म की जमानत राशि आदि की स्थिति में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए धनराशि की वसूली के निर्देश भी दिए गए हैं। शिकायतकर्ता द्वारा एफडीआर के सत्यापन की मांग की गई थी, जिस पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी को एफडीआर का सत्यापन कराकर आख्या उपलब्ध कराने को कहा है।डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि फर्म के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं और उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि फर्म द्वारा नगर निगम में कुछ टेंडर हासिल किए जाने की जानकारी सामने आई है, जिसकी पत्रावली की भी जांच कराई जाएगी।

# केमिकल से तैयार सिंथेटिक दूध का खेल

## छापे में खुला खेल, सहायक आयुक्त के नेतृत्व में खाद्य विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के कन्हानी नगला देहात माली गांव में छापा मारकर कथित रूप से नकली दूध तैयार करने का मामला पकड़ा। टीम ने मुन्नालाल पुत्र राम भरोसे के घर से करीब 30 लीटर दूध बरामद किया। मौके पर दूध से खोया तैयार किया जा रहा था। जांच में दूध में मिलावट की पुष्टि हुई। तलाशी के दौरान टीम को दूध और खोया के अलावा रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, लॉन्ड्री लिक्विड डिटर्जेंट और अज्ञात रसायन मिला। खाद्य सुरक्षा विभाग ने दूध, खोया, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, डिटर्जेंट और अज्ञात रसायन के अलग-अलग नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। मौके पर बरामद मिलावटी दूध और खोया नष्ट करा दिया गया। खाद्य विभाग के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कथित रूप से कई वर्षों से इस काम में लगा था। वह केमिकल की मदद से रोजाना करीब 50 से 60 लीटर दूध तैयार करता था। इसके बाद इसे आसपास के लोगों से एकत्र किए गए दूध में मिलाकर बरेली के फतेहगंज स्थित सृजनी दुग्ध केंद्र में आपूर्ति किए जाने की बात सामने आई है। विभाग ने बरेली के संबंधित अधिकारियों को भी इसकी सूचना दी है। टीम ने मौके से बरामद दूध, खोया, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, लॉन्ड्री लिक्विड डिटर्जेंट और अज्ञात रसायन को सीज कर पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया। आरोपी मुन्नालाल के खिलाफ बीएनएसएस की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे पुलिस अभिरक्षा में दिया गया है। पूरी कार्रवाई सहायक आयुक्त विनीत कुमार के नेतृत्व में की गई। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभाष तिवारी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार यादव, मनोज कुमार और सौरभ सोनी शामिल रहे। अभियान के दौरान दूसरी टीम ने हथौड़ा बुजुर्ग स्थित मामा स्वीट्स से पेड़ा का नमूना भी लिया। नमूना जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई से मिलावट का कारोबार करने वालों में खलबली मची है। विभाग ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है।



गढ़िया रंगीन क्षेत्र में खाद्य विभाग की टीम। -जागरण मोर्चा

# जिला कारागार में बंदियों की कलाई पर सजी राखी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर जिला कारागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहयोग संस्था तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बहनों ने जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों की कलाई पर राखी बांधी और उन्हें मिठाई खिलाकर भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह एवं भाईचारे का संदेश दिया।इस दौरान बहनों ने बंदियों से नशामुक्ति का संकल्प भी लिया। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बंदियों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में सकारात्मक सोच और सामाजिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों के भीतर सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों, आत्मीयता, भाईचारे और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना रहा। सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित कार्यक्रम में सहयोग संस्था के सदस्य शिवम वर्मा, कैप्टन प्रमोद गुप्ता, स्तुति गुप्ता मौजूद रहे।वहीं, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की क्षेत्रीय संचालिका बहन चरिता कुमारी, जेल अधीक्षक जे.पी. तिवारी, कारापाल रामनरेश गौतम सहित अन्य जेल कर्मचारी उपस्थित रहे।जेल प्रशासन ने संस्था के इस मानवीय एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मानवीय संवेदनाएं, अपनापन और भाईचारे की भावना समाज के हर वर्ग तक पहुंचनी चाहिए।





जेल में रक्षाबंधन मनाते कैदी।

# शाहजहांपुर की बहनों को समाजसेवी विनय अग्रवाल का तोहफा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** योगी जी ने जहां पूरे प्रदेश में रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों को एक हेल्पर के साथ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा का तोहफा देकर बहनों को निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की है इससे प्रेरित होकर शाहजहांपुर के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाज सेवी विनय अग्रवाल ने भी शाहजहांपुर महानगर में रक्षाबंधन के दिन बहनों को एक तोहफा देते हुए महानगर में 40 ई-रिक्शा तैनात करके एक सहयात्री के साथ निशुल्क यात्रा की पहल की है ।यह खबर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है । उनकी इस पहल को महानगर रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जनपद के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी विनय अग्रवाल ने बहनों के लिए एक अनूठी और सराहनीय पहल की है।उन्होंने रक्षाबंधन के अवसर पर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बहनों के सुरक्षित और सुगम सफर के लिए ई-रिक्शे पूरी तरह निशुल्क संचालित करवाए हैं। रक्षाबंधन त्यौहार के मौके पर अपने भाइयों के घर राखी बांधने जाने वाली महिलाओं को आवागमन में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसी उद्देश्य से यह सुविधा शुरू की गई है।



उद्योगपति और समाजसेवी विनय अग्रवाल।

### पहल की मुख्य बातें

**40 ई-रिक्शों का बेड़ा :** शहर के प्रमुख चौराहों से लेकर ग्रामीण रूटों तक कुल 40 ई-रिक्शे तैनात किए गए हैं।

**पूर्णत : निशुल्क सेवा :** सफर करने वाली किसी भी बहन से कोई किराया नहीं लिया जाएगा। भीड़भाड़ और महंगे किराए की समस्या से बहनों को राहत मिलेगी। स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों ने विनय अग्रवाल के इस सामाजिक सरोकार की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। क्षेत्र की महिलाओं ने इस उपहार के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए इसे रक्षाबंधन का सबसे उपयोगी तोहफा बताया है।

# पार्षदों के वायरल वीडियो से आहत महिला पार्षद ने दिया इस्तीफा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर निगम के कुछ पार्षदों के कथित नगर निगम की आमदनी का हिस्सा मिलकर खायेंगे का शपथ कांड का वीडियो देशभर में वायरल होने के बाद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मामले में कुछ पार्षद जहां सफाई पेश कर रहे हैं, वहीं पार्षदों की हो रही किरकिरी से आहत एक मनोनीत महिला पार्षद ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया। वह त्यागपत्र लेकर नगर निगम पहुंचीं और महापौर अर्चना वर्मा तथा नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी को सौंपने का प्रयास किया। त्यागपत्र लिए जाने की पुष्टि न होने पर उन्होंने उसे अधिकारियों की मेज पर रख दिया। इस्तीफा देने वाली मनोनीत पार्षद पूनम मेहरोत्रा ने दूरभाष पर बातचीत में कहा कि वीडियो सामने आने के बाद उन्हें पार्षद शब्द से ही एक अजीब तरह की उलझन महसूस होने लगी है। उनका कहना था कि कुछ लोगों के कृत्य का असर सभी पार्षदों पर पड़ रहा है और लोगों की प्रतिक्रियाओं के कारण उन्हें मानसिक रूप से काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति दिन-रात शहर के विकास के बारे में सोचकर योजनाएं ला रहा है और शहर के कायाकल्प के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद वह शहर के लोगों के लिए समय निकालते हैं और आमजन के लिए उपलब्ध रहते हैं। ऐसे में उनका सहयोग करने के बजाय कुछ लोगों द्वारा किए गए कृत्य किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराए जा सकते। पूनम मेहरोत्रा ने कहा कि वीडियो वायरल होने के बाद लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। इससे सभी पार्षदों को एक ही नजर से देखा जा रहा है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि वह इससे पहले भी अपने संस्थान के माध्यम से जनसेवा के कार्य करती रही हैं। उन्हें पार्षद पद के लिए मनोनीत भी किया गया था, लेकिन अब लोग अनावश्यक रूप से उन्हें भी सवालों के घेरे में ला रहे हैं। उन्होंने कहा



नगर निगम की नामित पार्षद पूनम मल्होत्रा।

## संक्षेप समाचार

### मारपीट व फायरिंग में वांछित गिरफ्तार





मारपीट व फायरिंग में गिरफ्तार अभियुक्त गण। -जागरण मोर्चा

**खुदागंज।** जमीन के विवाद में मारपीट व फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से एक लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक दो जिंदा कारतूस एक तमंचा 315 बोर बा कारतूस बरामद किए हैं। खुदागंज थाना क्षेत्र के ग्राम मकरंदापुर में बुधवार को जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी जहां फायरिंग करने गोली लगने से गांव के आदेश सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे जबकि कल्प सिंह रमन पाल सिंह को भी गंभीर चोटें आई थी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था दबिश के दौरान पुलिस नेचार अभियुक्त राम लड़ैते सिंह जगपाल सिंह गिरीश पाल सिंह राम प्रकाश उर्फ बाबा सिंह को गिरफ्तार किया है जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### अध्यक्ष और प्रभारी निरीक्षक को राखी बांध मनाया रक्षाबंधन



कटरा में प्रभारी निरीक्षक को राखी बांधने के बाद बच्चे। -जागरण मोर्चा

**मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर।** रक्षाबंधन के अवसर पर शान किंडर गार्टन के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने प्रेम, सुरक्षा और सम्मान के पवित्र बंधन को अनूठे अंदाज में मनाया। बच्चों ने कटरा थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश सेंगर से मुलाकात कर उन्हें राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया और थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चाक चौबंद रखने पर उन्हें धन्यवाद दिया। बच्चे कटरा थाने पहुंचे, जहां उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सेंगर को राखी बांधकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नगरवासियों की सुरक्षा में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद बच्चों ने नगर पंचायत कटरा पहुंचकर चेयरमैन डॉ. पूजा कसाना समेत अन्य नगर पंचायत सदस्यों को भी राखी बांधी। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम ने नन्हे बच्चों को समाज की सुरक्षा और सेवा में जुटे लोगों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान का सुंदर संदेश दिया।

### नन्हे-मुन्ने संग डीएम ने मनाया रक्षाबंधन



बच्चों संग रक्षाबंधन मनाते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी कार्यालय में उस समय बेहद आत्मीय और खुशनुमा माहौल देखने को मिला, जब नन्हें-मुन्ने बच्चे जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मिलने पहुंचे। मासूम बच्चों ने पूरे उत्साह और स्नेह के साथ जिलाधिकारी की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। जिलाधिकारी ने भी बच्चों का बड़े ही आत्मीय भाव से स्वागत किया, उनसे पढ़ाई और खेलकूद को लेकर सहज बातचीत की और उनका हौसला बढ़ाया। इस खास मौके पर उन्होंने सभी बच्चों को मिष्ठान खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया, उपहार भेंट किए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारा आशीर्वाद देकर त्योहार की खुशियां साझा कीं।

### आदित्य श्रीवास्तव बने तिलहर के नए एसडीएम

**तिलहर शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में प्रशासनिक फेरबदल तिलहर तहसील में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने उप जिलाधिकारी के पदों में परिवर्तन किया है नवजात आईएएस अधिकारी को उप जिलाधिकारी तिलहर तथा तिलहर में तैनात उप जिलाधिकारी को शाहजहांपुर भेजा गया है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आईएएस अधिकारी आदित्य श्रीवास्तव को तिलहर का नया एसडीएम नियुक्त किया है जबकि तिलहर में तैनात उप जिलाधिकारी नीलम यादव को सदर में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया है। अधिकारी उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद तहसील के प्रशासनिक कार्यों में और तेजी आने की उम्मीद है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि तबादले के आदेश के बाद दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने पदों का कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**आक्रोश** रजनीश गुप्ता ने नगर निगम को घेरा, बोले-भ्रष्टाचार की कसम लेने वालों पर हो कार्रवाई

# गंगाजल की शपथ वायरल वीडियो पर कांग्रेस का हल्लाबोल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर निगम के कुछ पार्षदों के गंगाजल हाथ में लेकर शपथ लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने इसे लेकर नगर निगम पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने वायरल वीडियो को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि वीडियो में पार्षद भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की शपथ लेते नजर आ रहे हैं तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल नगर मजिस्ट्रेट से मिला और जिलाधिकारी को संबोधित मांगपत्र सौंपा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वायरल वीडियो ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुप्ता ने कहा कि गंगाजल हाथ में लेकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने जैसी शपथ का वीडियो सामने आना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे शहीदों की नगरी शाहजहांपुर की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कुछ माह पूर्व नगर निगम कार्यालय परिसर में अमर शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से हटाए जाने के मामले को भी फिर से मुद्दा बनाया। उन्होंने कहा कि एक ओर शाहजहांपुर को शहीदों की नगरी कहा जाता है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम परिसर में शहीदों की प्रतिमाओं के साथ जिस तरह का व्यवहार हुआ, वह शर्मनाक था। उन्होंने कहा कि शहीद प्रतिमाओं का प्रकरण हो या वायरल वीडियो, दोनों मामलों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा किया है। इन घटनाओं से शहर की छवि देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रभावित हुई है।रजनीश गुप्ता ने नगर निगम पर विकास कार्यों के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में जनसमस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। सड़क, सफाई, जलभराव और अन्य नागरिक समस्याओं से लोग परेशान हैं, जबकि नगर निगम में विवादों का सिलसिला थम नहीं रहा है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि दोनों मामलों में जल्द और प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी नगर निगम के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। गुप्ता ने कहा कि जनता के सम्मान, शहीदों की गरिमा और शहर की प्रतिष्ठा से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।प्रतिनिधिमंडल में निवर्तमान प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, पीसीसी सदस्य गौरव त्रिपाठी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, एनएसयूआई अध्यक्ष रफी उल हसन, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी और युवा नेता शाश्वत मिश्रा शामिल रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

# शिक्षकों की योग्यता पर उठे सवालों का टीईटी परिणाम ने दिया जवाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी ने कहा कि प्रदेश के कार्यरत शिक्षकों की योग्यता पर संदेह जताते हुए नियुक्ति नियमावली के विपरीत टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) को अनिवार्य किया जाना उत्पीड़नात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षकों पर भी यह व्यवस्था लागू की गई है, जिन्होंने 20 से 30 वर्ष से अधिक समय तक सेवा देकर हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारा है। राजकुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षकों ने चुनौती को स्वीकार करते हुए अपनी योग्यता और क्षमता का परिचय दिया है। सामान्य तौर पर टीईटी का परिणाम 14 से 18 प्रतिशत के बीच रहता है, जबकि कार्यरत शिक्षकों ने इसमें अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। प्राथमिक स्तर पर 76.29 प्रतिशत और जूनियर स्तर पर 77.45 प्रतिशत शिक्षक सफल हुए। उन्होंने कहा कि परिणाम ने शिक्षकों की योग्यता, अनुभव और शिक्षण क्षमता पर सवाल उठाने वालों को सशक्त जवाब दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि योग्यता परीक्षण की व्यवस्था केवल शिक्षकों के लिए ही क्यों हो? यदि परीक्षा में असफल होने पर शिक्षकों की नौकरी पर संकट आएगा तो क्या यही नियम अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोगों पर भी लागू होगा? उन्होंने कहा कि यदि 'एक देश, एक नियम' की बात होती है तो व्यवस्था सभी के लिए समान होनी चाहिए। केवल शिक्षकों पर इस तरह के नियम थोपना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ नियुक्ति नियमावली के विपरीत 30 वर्ष से अधिक सेवा दे चुके शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता का स्पष्ट विरोध करता है। संघ का मानना है कि यह आदेश शिक्षकों के सम्मान, अनुभव और वर्षों की सेवाओं की अवहेलना है। राजकुमार तिवारी ने कहा कि जब तक यह उत्पीड़नात्मक आदेश वापस नहीं लिया जाता, तब तक संघ की न्यायिक और आंदोलनात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। शिक्षकों के सम्मान, अधिकारों और भविष्य की रक्षा के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करता रहेगा।



राजकुमार तिवारी। -जागरण मोर्चा



# सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

## छात्र-छात्राओं को हेलमेट के उपयोग के प्रति जागरूक करना जरूरी : जिलाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, वाहनों की फिटनेस, ओवरलोडिंग तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश द्वारा पूर्व में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति से अवगत कराया गया। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। चेक पोस्ट के निर्माण के संबंध में खनन निरीक्षक से जानकारी प्राप्त की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं जल निगम ग्रामीण के संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए जिन सड़कों को खोदा गया है, उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। जनपद में प्रत्येक थाने के सामने मुख्य मार्ग पर पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा एनजीओ के सहयोग से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने तथा आवश्यकता के अनुसार हेलमेट उपलब्ध कराने की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी द्वारा विभाग द्वारा की गई विशेष प्रवर्तन कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी दी गई। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को हेलमेट के उपयोग के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि वह स्वयं हेलमेट का प्रयोग करने के साथ-साथ अपने अभिभावकों एवं आसपास के लोगों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित कर सकें। एडीएम ने स्कूलों में संचालित वाहनों की फिटनेस की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अभिभावकों द्वारा निजी रूप से लगाए गए वाहनों की भी जांच की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप फिट एवं सुरक्षित हों। उन्होंने आरटीओ को निर्देशित किया कि नवीन कलेक्ट्रेट स्थल( टिकटा रोड़) की ओर संचालित होने वाले डंपरों की प्राथमिकता के आधार पर जांच की जाए तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश, एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गंगा एक्सप्रेसवे पर होने वाली घटनाओं को लेकर विशेष सतर्कता के निर्देश

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एडीएम ने समस्त संबंधित अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने गंगा एक्सप्रेसवे पर होने वाली दुर्घटनाओं एवं घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के साथ संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में घायलों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। मार्गों के किनारे खड़े वाहनों की चेकिंग के संबंध में एआरटीओ द्वारा अवगत कराया गया कि ट्रैफिक पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर चालान एवं प्रशमन शुल्क की कार्रवाई की गई है। बैठक में गुड सेमेरिटन के संबंध में भी चर्चा की गई।

### एक नजर

## 29 अगस्त से अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन करेंगे किसान

**चंदौसी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले जिलाध्यक्ष कुलदीप चौधरी के नेतृत्व में चल रहे किसानों के अनिश्चितकालीन धरने को 8 दिन पूरे हो चुके हैं। वीनस शुगर मिल मझवली द्वारा सत्र 2006-07 के गन्ना भुगतान की शेष पर्चियों को लेकर किसान परेशान हैं, लेकिन डीसीओ संभल उनके प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं कर रहे हैं।किसानों का आरोप है कि मिलों पर गन्ना ब्याज के आदेश को 40 दिन बीतने के बाद भी जिला गन्ना अधिकारी ब्याज का हिसाब देने से कतरा रहे हैं। रोष व्याप्त किसानों का कहना है कि प्रशासन द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की जा रही है। अपनी मांग पर अड़े किसानों ने चेतावनी दी है कि वे ब्याज का हिसाब लेकर ही मानेंगे और 29 अगस्त से क्रमिक अनशन शुरू करेंगे। किसी भी अनहोनी की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



चंदौसी के स्टेशन रोड पर जलभराव से होकर गुज़रते वाहन व लोग।

## झमाझम बारिश से जलभराव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** बृहस्पतिवार को दो घंटे की झमाझम बारिश से शहर की सड़कें जलमग्न हो गई। सड़कों पर जलभराव होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश रुकने के एक घंटा बाद सड़कों से पानी उतर सका। इसके बाद नागरिकों ने राहत की सांस ली। पूरे दिन बूंदा-बांदी होती रही हुई। बारिश होने से मौसम में सुहावना हो गया। बृहस्पतिवार की रात से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे। सुबह सात बजे से झमाझम बारिश शुरू हो गई और दो घंटे की बारिश से देखते ही देखते सड़कों पर जलभराव हो गया। जिससे स्टेशन रोड, फव्वारा चौक, शक्ति नगर, मुंसिफ रोड, विकास नगर, पंचशील कालोनी, एफआर रोड, मोहल्ला कागजी, संभल गेट, आवास विकास कालोनी, सीता रोड, सीकरी गेट,बिसौली गेट, सुभाष रोड पर नागरिकों व राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर तक सड़कों से पानी हटने के बाद नागरिकों ने राहत महसूस की। बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

# रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व बस स्टैंड पर उमड़ी भीड़



चंदौसी के रोडवेज बस स्टैंड पर लगीं यात्रियों की भीड़। -जागरण मोर्चा



रोडवेज बस स्टैंड पर रोडवेज प्रभारी से जानकारी करते कोतवाली प्रभारी निरीक्षक।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** रक्षाबंधन के एक दिन पहले रोडवेज बसों में बहनों की भीड़ उमड़ने लगी है। बृहस्पतिवार को रोडवेज बस स्टैंड पर बस आते ही चढ़ने के लिए होड़ मच गई, लंबी लाइनों में बहनों को मशक्कत करनी पड़ी। रक्षाबंधन के लिए ग्रामीण अंचलों की बहनें मायके के लिए निकल पड़ी हैं। बारिश के बीच बस स्टैंड में भीड़ और बढ़ गई। हालात ये कि बस में सीट पाने के लिए धक्का-मुक्की तक हो रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने पुलिस बल के साथ रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंच कर यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जेबकतरों से बचने के लिए चेकिंग अभियान चलाया।बदायूं जा रही पूनम रानी ने बताया कि भाई के घर त्योहार मनाने जा रही हूं, बस में चढ़ना ही सबसे बड़ी चुनौती है। हापुड़ जाने वाली कविता मिश्रा बोलीं कि बारिश अलग परेशान कर रही है, भीड़ अलग। विकास कुशवाहा ने बताया कि वह अपने बहन को लेने के लिए उसके ससुराल बिजनौर जा रहा है। बस में चढ़ने के लिए लाइन लगानी पड़ी। बड़ी मुश्किल से बस में चढ़ पाया। उधर, रोडवेज बस स्टैंड प्रभारी राजीव यादव ने बताया कि यात्रियों के लिए पर्याप्त बसें चल रही हैं, मुफ्त यात्रा शुरू होते ही बसों की संख्या और बढ़ा दी गई है।

## महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी यादवती

**चंदौसी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का एक मजबूत जरिया बन चुका है। बनियाखेड़ा ब्लॉक के ग्राम जेरोई हयातनगर की रहने वाली 34 वर्षीय यादवती इसकी एक जीती-जागती मिसाल हैं। साल 2021 से पहले जो यादवती केवल घर की चारदीवारी तक सीमित थीं, आज वह एक सफल महिला उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। त्योहारों के अनुसार उत्पाद बनाकर कलेक्ट्रेट में स्टॉल लगाने से लेकर अपने चार बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च वह खुद उठा रही हैं। एक साधारण गृहणी से 'नई किरण स्वयं सहायता समूह' की सदस्य और फिर कृषि आजीविका सखी बनने तक का उनका यह सफर अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गया है।

# बहनों ने चुनीं भाई की पसंद की राखियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** राखियों की खरीदारी बढ़ गई है। महिलाएं और युवतियां भाई की पसंद को ध्यान में रखते हुए राखियां खरीद रही हैं। दुकानों पर रंग-बिरंगी, कार्टून, खिलौने और आकर्षक डिजाइन वाली राखियां उपलब्ध हैं।शहर के बड़ा बाजार, मुरादाबाद गेट, बहजोई रोड, फव्वारा चौक घंटाघर संभल गेट समेत प्रमुख बाजारों में राखियों की दुकानें सजी हैं।

महिलाओं का कहना है कि इस बार बाजार में राखियों की अच्छी वैरायटी आई है। पूजा ने बताया कि वह हर साल भाई के लिए उसकी पसंद की राखी खरीदती हैं। इस बार आकर्षक डिजाइन वाली राखी पसंद आई है। प्रति ने बताया कि बच्चों के लिए कार्टून और खिलौने वाली राखियां खूब पसंद की जा रही हैं। उसने अपने छोटे भाई के लिए कार्टून वाली राखी खरीदी है। वहीं श्वेता ने बताया कि बाजार में 10 से 500 रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं। अलग-अलग बजट में अच्छी डिजाइन मिलने से खरीदारी आसान हो गई है। दुकानदार मोनू खुराना व विनोद गुलाटी ने बताया कि शाम के समय बाजार में महिलाओं की भीड़ बढ़ रही है। राखियों के साथ महिलाएं भाइयों के लिए मिठाई और उपहार भी खरीद रही हैं। रक्षाबंधन करीब आते ही बिक्री में और तेजी आने आई है।



चंदौसी में भाईयों के लिए राखियां खरीदती बहनें। -जागरण मोर्चा

▸ रंग-बिरंगी और कार्टून राखियों की बढ़ी मांग



चंदौसी मे सार्वजनिक शौचालय का फीता काटकर शुभारंभ करती पालिकाध्यक्ष।

## आमजन की सुविधा: बदायूं चुंगी पर सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** शहर के बदायूं चुंगी पर व्यापारियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद की पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करवाया। बृहस्पतिवार को लोकार्पण कर उन्होंने इसे व्यापारियों और स्थानीय लोगों को समर्पित कर दिया। पालिकाध्यक्ष के कर-कमलों द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने पालिकाध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह शौचालय क्षेत्र में आमजन की सुविधा की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए हम सभी पालिकाध्यक्ष के आभार व्यक्त करते है। इस अवसर पर सभासद ममता, नव कांत शर्मा, किशन, मोहित दिवाकर, सुनील कुमार, चंद्रमोहन, मुकुल शर्मा, कृष्ण मोहन आदि रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** लखनऊ स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में 3 सितंबर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 33 वाँ स्थापना दिवस स्वदेशी व्यापार मंच पर मनाया जाएगा। इस सम्बन्ध में एक सभा का आयोजन अनुराग भार्गव द्वारा अपने प्रतिष्ठान भार्गव प्रिंटिंग प्रेस में किया गया।

जिसमें जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने सभा में सभी व्यापारियों से साथ मिलकर 3 सितम्बर को लखनऊ चलने की अपील की और बताया कि जिला संभल से लगभग 100 व्यापारियों का लखनऊ सम्मेलन में शामिल होने की आशा है। उन्होंने कहा कि हमारे व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व स्वदेशी व्यापार मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक संदीप बंसल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना है व व्यापार मंडल के महा सम्मेलन को सफल बनाना है, जिला संभल चंदौसी में आयोजित इस सभा में स्वदेशी व्यापार मंच के अध्यक्ष उमेश चंद्र वार्ष्णेय ने स्थापना दिवस के सम्मेलन को सफल बनाने के लिए व्यापारियों को एकजुट होकर साथ चलने का आह्वान किया और कहा कि प्रत्येक व्यापारी बंधु को स्वदेशी व्यापार मंच के आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी अपनी भागीदारी निभानी है। इस सभा में जिला महामंत्री प्रभात कृष्णा ने कहा कि सभी व्यापारियों के हित में कार्य करने के लिए शासन प्रशासन के सामने हमारा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सदैव अग्रणी रहता है। मीडिया प्रभारी रमेश ग्रेवाल ने कहा कि व्यापारियों के हित की आवाज उठाने के लिए मीडिया का बहुत बड़ा रोल होता है जिसके लिए मीडिया प्रभारी हर उस आवाज को मीडिया के माध्यम से शासन प्रशासन तक पहुंचाएगा। युवा जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति सभी व्यापारियों की आवाज को उठाने के लिए शासन प्रशासन के सामने अड़ा व खड़ा रहेगा और 3 सितम्बर को अपनी युवा शक्ति के साथ लखनऊ पहुंचेगा। सभा में अनुराग भार्गव, प्रेम ग्रोवर,उमेश चंद्र वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, सुभाष मित्तल, शाह आलम मंसूरी, इरफान खान, रमेश ग्रेवाल, जय शंकर दुबे, अनुज वार्ष्णेय, सुशील अग्रवाल, प्रहलाद लोधी, निशु अग्रवाल आदि व्यापारी लोग शामिल हुए।



चंदौसी में व्यापारियों की सभा में बोलते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

## महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर के गांव अकरौली में एक महिला ने बुधवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका ने एक साल पहले कोर्ट मैरिज की थी। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस में सब पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बरेली के अलीगंज थाना क्षेत्र के चंदनपुर गांव निवासी सोनी (19) पुत्री सतेंद्र ने करीब एक बर्ष पूर्व थाना बनियाठेर के गांव अकरौली निवासी युवक से लव मैरिज की थी। बताया जाता है कि दोनों की मुलाकात इंस्टाग्राम पर हुई थी। सोनी ने बुधवार की शाम घर के कमरें में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौत से लगभग 40 मिनट पहले उसने सोशल मीडिया पर एक गाने पर रील बनाकर पोस्ट की थी। महिला के ससुराल वालों ने काफी देर तक घटना के बारे में नहीं बताया और घटना को छुपाए रहे। इस दौरान ग्रामीणों के सूचना करने पर महिला के मायके वाले भी पहुंच गए। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर उनकी बेटी को परेशान करने और उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, विवाहिता की मौत की जानकारी उन्हें देर शाम मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, पंचनामा भर और रात करीब 9 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बनियाठेर थाना प्रभारी बोविंद्र शर्मा ने बताया कि महिला के आत्महत्या करने की जानकारी देर शाम मिली थी। मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए हैं, लेकिन अभी उनकी ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

### गणेश मेला

मेला ग्राउंड को 16 ब्लॉकों में किया गया विभाजित, 12 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होगा गणेश चतुर्थी मेला

# गणेश चौथ मेला को लेकर 30 अगस्त को होगा दुकानों का आवंटन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाने के लिए श्री गणेश मेला परिषद द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मेला इस वर्ष 12 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।

मेले में देश-प्रदेश के विभिन्न स्थानों से पहुंचने वाले दुकानदारों, व्यापारियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दुकानों एवं विभिन्न स्टॉलों के आवंटन की प्रक्रिया को लेकर मेला परिषद द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। 30 अगस्त को मेला ग्राउंड स्थित मेला कार्यालय में दुकानों एवं स्टॉलों का आवंटन किया जाएगा। आवंटन प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए मेला परिसर में दुकानों, स्टॉलों एवं विभिन्न स्थानों के निर्धारण का नक्शा-नजरी तैयार किया जा रहा है। मेला ग्राउंड को 16 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। इन ब्लॉकों का नामकरण धार्मिक एवं पौराणिक महत्व के अनुरूप किया गया है। इनमें दुर्गा ब्लॉक, विष्णु ब्लॉक, लक्ष्मी ब्लॉक, सरस्वती ब्लॉक, कृष्णा ब्लॉक, राधा ब्लॉक, राम ब्लॉक, सीता ब्लॉक, नारद ब्लॉक-1, नारद ब्लॉक-2, नारद ब्लॉक-3, शंकर ब्लॉक, पार्वती ब्लॉक, गणेश ब्लॉक, रिद्धि-सिद्धि ब्लॉक एवं हनुमान ब्लॉक शामिल हैं। मेला इंचार्ज रविन्द्र कुमार रूपी ने बताया कि, मेला गणेश चौथ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि चन्दौसी की ऐतिहासिक पहचान, आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। इसी भावना के अनुरूप इस वर्ष मेले को और अधिक भव्य, आकर्षक, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दुकानों एवं स्टॉलों के लिए स्थान निर्धारण से लेकर मेला परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं तक प्रत्येक कार्य को योजनाबद्ध तरीके से अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि मेले में आने वाले दुकानदारों, व्यापारियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मेला परिषद के पदाधिकारियों ने सभी दुकानदारों एवं व्यापारियों से निर्धारित तिथि पर मेला कार्यालय पहुंचकर आवंटन प्रक्रिया में सहभागिता करने का आह्वान किया है। परिषद द्वारा मेले की व्यवस्थाओं को लेकर लगातार तैयारियां एवं आवश्यक कार्यवाही की जा रही है, जिससे इस वर्ष का मेला और अधिक भव्य, आकर्षक एवं सुव्यवस्थित रूप में आयोजित किया जा सके।

इस अवसर पर कार्यवाहक मुख्य सचिव ललित किशोर गुप्ता, रविन्द्र कुमार रूपी, सुधीर गुप्ता, मनोज गुप्ता मीनू, लोकेंद्र शर्मा, सत्येंद्र मामा, प्रजीत कुमार लालू, शशिकांत गुप्ता, मुकेश वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



दुकान आवंटन को लेकर तैयारीयां करते कमेटी के पदाधिकारी।

# विचार विमर्श कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** न्यू सत्यम अकादमी में गुरुवार को शिक्षकों के लिए जिला स्तरीय विचार विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बदलते शैक्षिक परिवेश में शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण-पद्धतियों, तकनीकी दक्षताओं तथा विद्यार्थियों के सीखने को अधिक प्रभावी एवं रुचिकर बनाने वाले नवीन प्रयोगों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में न्यू सत्यम एकेडमी, सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल, आरआरके स्कूल, सिल्वर स्टोन स्कूल बहजोई, गोया वर्ल्ड स्कूल संभल, बाल विद्या मंदिर संभल, एचएम ग्लोबल स्कूल संभल आदि स्कूलों के कुल 27 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने अनुभव, विचार एवं शिक्षण-प्रयोग साझा किए तथा यह भी चर्चा की कि तकनीक एवं नवीन गतिविधियों का प्रयोग कक्षा-कक्ष में किस प्रकार विद्यार्थियों की रचनात्मकता, तार्किक सोच और समस्या-समाधान क्षमता को विकसित करने में किया जा सकता है। कार्यक्रम में केस-पेपर प्रेजेंटेशन, समूह चर्चा एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पर विशेष जोर दिया गया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने का अवसर मिला। कार्यक्रम का आयोजन न्यू सत्यम अकादमी के लिए शैक्षिक नवाचार और शिक्षक क्षमता-विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों को निरंतर सीखने, नए प्रयोग करने तथा विद्यार्थियों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सतीश चंद्र गंगवार आदि शिक्षक मौजूद रहे।



चंदौसी मे जिला स्तरीय विचार-विमर्श कार्यक्रम में शामिल शिक्षक।



## गीता सार

आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन।
सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः॥

भावार्थ : हे अर्जुन! योग में स्थित जो मनुष्य अपने ही समान सभी प्राणीयों को देखता है, सभी प्राणियों के सुख और दु:ख को भी एक समान रूप से देखता है, उसी को परम पूर्ण–योगी समझना चाहिए।

# आजादी-मर्यादा में अंतर

'मिमी' जैसी मजबूत फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कृति सेनन हाल के दिनों में ट्रोलिंग का सामना कर रही हैं। उन्होंने रक्षाबंधन का एक विज्ञापन किया। ये एक ज्वेलरी ब्रांड का एड था। मगर इसकी चर्चा गहनों की वजह से नहीं बल्कि कृति सेनन के पहनावे की वजह से ज्यादा हुई। कृति सेनन एड में ब्रालेट टॉप, ड्रेप्ड स्कर्ट और केप वाला इंडियन वेस्टर्न ड्रेस में नजर आईं। एड में भाई के साथ पेट डॉग को भी शामिल किया गया था। अब ये दोनों ही मुद्दे ट्रोल्स के लिए काफी थे। फिर क्या था, इतना बवाल हुआ कि ब्रांड को एड हटाना पड़ गया। रक्षाबंधन से जुड़े इस विज्ञापन पर



इतना बवाल हुआ कि ट्रोलिंग से निकलकर ये राजनीति का शिकार हो गया। शुरुआत हुई कंगना रनौत से। जिन्होंने ब्रालेट टॉप पहनने को लेकर कृति सेनन पर निशाना साधा। उन्होंने मर्यादा याद दिलवाते हुए कहा कि क्या बिकिनी या अंडरगार्मेंट पहनकर राखी बांधना सही है? ये विज्ञापन जानबूझकर ऐसा अजीब बनाया गया है। राहुल गांधी इसके सपोर्ट में उतरे। कांग्रेस नेता ने कहा कि महिलाएं क्या पहने क्या नहीं, ये उनकी चॉइस है। वहीं कृति सेनन ने भी विवाद बढ़ने के बाद अपने कपड़ों को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि कब तक हम ये बताएंगे कि औरतों को क्या पहनना चाहिए? ज्वेलरी ब्रांड का यह विज्ञापन कब कपड़ों और पहनावे की बहस में बदल गया, किसी को पता ही नहीं चला। किसी को क्या पहनना है, यह पूरी तरह उसकी व्यक्तिगत पसंद-नापसंद है। इस अधिकार पर सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए। लेकिन इस पूरे विवाद का दूसरा पहलू भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विवाद की वजह से एड को खूब चर्चा मिली, इतनी शायद सामान्य तौर पर नहीं मिल पाती। राजनीतिक बयानबाजी शुरू हुई, सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी और देखते ही देखते यह एक राष्ट्रीय मुद्दा बन गया। जिन विज्ञापन को हम देखते तक नहीं हैं। इन्हें देखते ही 'स्किप' करने का बटन खोजने लगते है। आज वो हॉट टॉपिक बन गया। नतीजा यह हुआ कि विज्ञापन को जबरदस्त चर्चा और मुफ्त का प्रचार मिल गया। ब्रांड का काम पूरा हो गया। राजनीति करने वालों को अपना मुद्दा मिल गया। वह भी रोटी सेंकने में लगे हैं। अब बात करते हैं मर्यादा और आजादी की। यह किसी छोटे-मोटे ब्रांड का विज्ञापन नहीं है। इतने बड़े ब्रांड के कैंपेन में हर चीज सोच-समझकर तय होती है। कृति सेनन से पहले अनुष्का शर्मा जैसी बड़ी एक्ट्रेस इस ब्रांड का चेहरा रह चुकीं हैं। ऐसे में यह मानना मुश्किल है कि विज्ञापन में कपड़ों से लेकर सेट और कॉन्सेप्ट तक कुछ भी यूं ही तय कर दिया गया होगा। एक विज्ञापन के पीछे पूरी टीम काम करती है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि हिंदू त्योहार रक्षाबंधन से जुड़े विज्ञापन के लिए इस खास तरह की स्टाइलिंग को क्यों चुना गया?

## चुपके-चुपके कर रहा तैयारी

# आखिर क्या हैं जंगजू पाकिस्तान के इरादे?



संजय श्रीवास्तव

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था दबाव में है। सामाजिक संकट गहरा है। राजनीतिक अस्थिरता भी बनी हुई है। साथ ही आतंकवाद खुद उसके भीतर बड़ी चुनौती बन चुका है। इसके बावजूद उसकी सेना के लिए संसाधनों में लगातार वृद्धि और चीन–तुर्किये से अत्याधुनिक हथियारों की खरीद यह बताती है कि इस्लामाबाद ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में सैन्य शक्ति को सबसे ऊपर रखा है। क्या भारत के लिए यह वाकई चिंता की वजह होनी चाहिए?



इमेज

पाकिस्तान ने बला की तेजी दिखाते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ध्वस्त आतंकी ठिकानों, प्रशिक्षण केंद्रों को फिर से खड़ा कर लिया। जैश-ए-मोहम्मद जिसे संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका आतंकवादी संगठन मानते हैं, उसके बहावलपुर स्थित मरकज सुभानल्लाह परिसर का सैन्य कार्रवाई के बाद फिर बनाना उस नेटवर्क की पुनर्संगठन और पाकिस्तान की मिलीभगत बहुत कुछ कहती है। मक्का में पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच मुस्लिम नाटो के रूप में देखे जानेवाला एक त्रिपक्षीय रणनीतिक समझौता, जिसमें अब किसी एक पर हमला सभी पर हमला माना जाएगा, के बाद अमेरिकी विदेश विभाग ने पाकिस्तान के सैन्य इरादों पर निशाना साधा। पाकिस्तान ने अपना रक्षा व्यय अचानक अंधाधुंध तरीके से तीन ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपए (लगभग 10.8 अरब डॉलर) बढ़ा दिया। यह उसके संघीय खर्च का करीब 16 प्रतिशत और अनुमानित जीडीपी का 2 प्रतिशत से अधिक है। इससे अमेरिका ने सवाल खड़े कर दिए कि जब देश में गरीबी दर तीस प्रतिशत तक पहुंच रही हो और 7 करोड़ से अधिक लोग अत्यधिक गरीबी में जीने को मजबूर हैं, तो मिलिट्री और इंटेलिजेंस पर यह खर्च कितना उचित है? जिस देश को आर्थिक स्थिरता, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए संसाधनों की सख्त जरूरत है, वहां सैन्य क्षमता विस्तार को इतनी प्राथमिकता क्यों? उसका दावा है कि इस रक्षा व्यय पर पर्याप्त संसदीय और नागरिक निगरानी नहीं हुई। पाकिस्तान ने पैसे कहां खर्च किए इसका कोई हिसाब किताब नहीं है। इसी महीने पाकिस्तान में लगातार साठ घंटों तक हर बार देर रात को रावलपिंडी के नूर खान और कराची के मसरूर एयरबेस पर तुर्की के सी-130 सैन्य विमानों की और मुरीदके एयरबेस पर ए-400-एम विमान की आवाजाही ने दुनियाभर के कान खड़े कर दिए। पता लगा कि इसके जरिये तुर्की ने पाकिस्तान को बायरक्तार टीबी2 और अकिंसी ड्रोन के अलावा एआई-गाइडेड क्रूज मिसाइल तथा कुछ अन्य घातक हथियारों की बड़ी खेप पहुंचाई। सीपरी के अनुसार 2021 से 2025 तक पाकिस्तान के हथियार आयात में 66 प्रतिशत वृद्धि हुई और वह दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा प्रमुख हथियार आयातक देश बन गया है। तुर्की और चीन की मदद से पाकिस्तान का अपना हथियारों का जखीरा बढ़ाना सामान्य बात है पर इस तरह गुपचुप तरीके से लेना सवाल खड़े करता है। भले मक्का समझौता सामान्य पहल हो पर उसमें बांग्लादेश को साथ लेना प्रश्न पैदा करता है। आखिर पाकिस्तान की मंशा क्या है? उसे किससे इतना खतरा है कि इतनी तैयारी की जरूरत है या फिर किसे अपनी सैन्य ताकत दिखाना है? वह यह सब किस रणनीतिक उद्देश्य के लिये कर रहा है? भारत ऐतिहासिक और राजनीतिक रूप से उसका प्राथमिक प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। यों तो अफगानिस्तान के साथ उसकी क्षेत्रीय दुश्मनी हाल के महीनों में खुले सैन्य संघर्ष में बदल गई है, पर क्या उस छोटे से देश के विरुद्ध इतनी बड़ी तैयारी है? बलूचिस्तान के सक्रिय बलूच विद्रोही समूहों की गतिविधियों के नियंत्रण के लिए भी इतनी तैयारी गैर मुनासिब है। इस तरह बचता सिर्फ भारत ही है। यह ठीक है कि इन हथियारों का एक छोटा हिस्सा पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा अभियानों, अफगानिस्तान और बलूच विद्रोहियों के लिए भी इस्तेमाल हो सकता है लेकिन भारत को असली खतरा इस संभावित दोहरे इस्तेमाल से है। पाकिस्तान जिस सैन्य क्षमता को बलूचिस्तान के लिए खरीदता है, वही क्षमता भविष्य में भारत के खिलाफ भी इस्तेमाल की जा सकती है। यही कारण है कि 'बलूचिस्तान बहाना है और भारत निशाना' के नारे को भले अभी निष्कर्ष की तरह नहीं तो भी गंभीर सुरक्षा परिकल्पना की तरह तो देखना ही चाहिए। पाकिस्तान की रणनीति लंबे समय से पारंपरिक युद्ध और अप्रत्यक्ष युद्ध दोनों को साथ लेकर चलने की रही है। ड्रोन इस रणनीति के लिए अत्यंत सुविधाजनक माध्यम हैं- कम लागत, कम जोखिम, सीमा पार घुसपैठ के बिना हमला, निगरानी और हथियार पहुंचाने की क्षमता। पाकिस्तान केवल परंपरागत हथियारों की संख्या नहीं बढ़ा रहा बल्कि युद्ध की प्रकृति बदलने वाली प्रणालियों- ड्रोन, लोइटरिंग म्यूनिशन, निगरानी प्रणालियों, वायु रक्षा और सटीक मारक क्षमता पर जोर दे रहा है। मक्का संयुक्त रक्षा समझौता नई चिंता पैदा करता है। सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान ने जिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, इसमें किसी एक पर सशस्त्र हमला तीनों पर हमला मानने के अलावा रक्षा सहयोग बढ़ाने की बात कही गई है। इसे सीधे-सीधे 'भारत विरोधी सैन्य गठबंधन' कहना तो ठीक नहीं, लेकिन इसके रणनीतिक परिणामों को कम करके नहीं आंका जा सकता। बांग्लादेश का इससे संभावित जुड़ाव बेहद संवेदनशील है। यदि ढाका पाकिस्तान-सऊदी-तुर्किये के रक्षा ढांचे में औपचारिक रूप से शामिल होता है, तो भारत के पश्चिमी मोर्चे के साथ पूर्वी पड़ोस में भी एक नया रणनीतिक समीकरण और घेरेबंदी की वजह बन सकता है। वैसे भी पहली बार पाकिस्तान को एक ऐसे त्रिपक्षीय ढांचे में जगह मिली है, जिसमें एक परमाणु शक्ति, एक बड़ी रक्षा औद्योगिक अत्यंत सम्पन्न आर्थिक शक्ति एक साथ हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि सऊदी अरब भारत-पाकिस्तान संघर्ष में खुद आगे आकर भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य सहायता करेगा। लेकिन पाकिस्तान की कूटनीतिक और आर्थिक क्षमता को इससे सहारा मिल सकता है।



## श्रीरामचरितमानस

सतीं बिलोके ब्योम बिमाना। जात चले सुंदर बिधि नाना॥
सुर सुंदरी करहिं कल गाना। सुनत श्रवन छूटहिं मुनि ध्याना॥

भावार्थ : सतीजी ने देखा, अनेकों प्रकार के सुंदर विमान आकाश में चले जा रहे हैं, देव–सुन्दरियां मधुर गान कर रही हैं, जिन्हें सुनकर मुनियों का ध्यान छूट जाता है॥

## कैसे बेफिक्र होकर सोते हैं

# आसमान में उड़ते पक्षी

एन. के. अरोड़ा



जमीन से मीलों ऊपर उड़ते हुए पक्षी जब हजारों किलोमीटर की अपनी लंबी यात्रा पर होते हैं, तो हर समय जगे हुए नहीं होते, बीच-बीच में सोते भी हैं। फिर चाहे वे जिस आसमान में उड़ रहे हों, उसके नीचे चारों तरफ हजारों मील तक समुद्र ही क्यों न पसरा हो। यही नहीं अगर सैकड़ों किलोमीटर तेज आंधी भी चल रही होती है, तो भी उनकी सेहत पर फर्क नहीं पड़ता। वे उस समय भी उड़ते हुए अपनी जरूरी नींद ले लेते हैं। इंसान को धरती का सबसे तेज दिमाग वाला जीव समझा जाता है, लेकिन इंसान ने अभी तक ऐसी कामयाबी नहीं हासिल कर सका। कामयाबी तो दूर अभी तो इंसान की कल्पना के लिए भी यह असंभव लगता है, जो पक्षी हजारों साल से कर रहे हैं। वैज्ञानिकों ने आसमान में हजारों मील की लंबी उड़ान भरते समय पक्षियों की नींद लेने की तरकीब को लगातार इन पर नजर रखकर समझा है, लेकिन अभी तक वह नहीं समझ पाए कि आखिर पक्षी यह कौशल कर कैसे लेते हैं? ग्रेट फ्रिगेटबर्ड पर लगातार नजर रखते हुए वैज्ञानिकों ने पाया है कि यह कई-कई दिनों तक आसमान में उड़ते हुए जमीन पर नहीं उतरता और बिना रुके अपनी यात्रा जारी रखता है। वैज्ञानिकों के विभिन्न अनुसंधानों के मुताबिक ऐसा करते हुए इसके शरीर का आधा हिस्सा सोता है, जबकि आधा हिस्सा जगा होता है। अब तक की खोज के मुताबिक यह चमत्कारिक कौशल सिर्फ पक्षियों में ही होता है कि जब वो लंबी उड़ान पर जमीन से मीलों ऊपर आसमान में हों, तब उनके मस्तिष्क का एक हिस्सा घंटों-घंटों आराम करता है और दूसरा हिस्सा जरूरी काम यानी उड़ान को सम्पन्न करता है। यही वजह है कि पक्षी न सिर्फ आसमान में हजारों किलोमीटर की उड़ान भरते समय आराम से सो लेते हैं बल्कि इसी तरकीब का इस्तेमाल करके पानी में रहने वाले पक्षी भी तैरते समय सो लेते हैं। ऐसा करते समय पक्षियों की एक आंख बंद हो सकती है मस्तिष्क का विपरीत हिस्सा आराम कर सकता है, जबकि दूसरी आंख और मस्तिष्क का दूसरा हिस्सा सजग रहता है और अपनी परिस्थितियों तथा वातावरण पर लगातार नजर रखता है।

हालांकि अभी तक वैज्ञानिक यह कह पाने की स्थिति में नहीं हैं कि सभी पक्षियों के पास यह कौशल होता है। दरअसल यह चमत्कार अभी तक कुछ विशेष प्रजातियों के पक्षियों को ही करते देखा गया है या दूसरे शब्दों में कहें तो वैज्ञानिकों ने इन्हें ऐसा करते पाया है।

# क्या माइंडफुलनेस तनाव और दर्द को कम करने में मदद कर सकती है?



- डॉ. विजय गर्ग

**तनाव** और दर्द हमारे दैनिक जीवन के सामान्य अनुभव हैं। जहां दवाएं और अन्य चिकित्सकीय उपचार महत्वपूर्ण हो सकते हैं, वहीं शोधकर्ता ऐसे तरीकों का भी अध्ययन कर रहे हैं जो लोगों को असुविधा के मानसिक और भावनात्मक पहलुओं से निपटने में मदद कर सकें। ऐसा ही एक तरीका है माइंडफुलनेस (सचेत जागरूकता)–अर्थात बिना तुरंत निर्णय किए वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करना।

माइंडफुलनेस का अर्थ दर्द को नजरअंदाज करना या तनावपूर्ण परिस्थितियों से इनकार करना नहीं है। इसके बजाय, यह हमें अपने विचारों, भावनाओं, सांस और शारीरिक संवेदनाओं को बिना तुरंत प्रतिक्रिया दिए देखने के लिए प्रेरित करती है। शोध से संकेत मिलता है कि माइंडफुलनेस के कुछ अभ्यास तनाव कम करने और कुछ प्रकार के दर्द से निपटने में मदद कर सकते हैं, हालांकि इसका प्रभाव व्यक्ति-व्यक्ति में अलग हो सकता है।

**माइंडफुलनेस तनाव में कैसे मदद कर सकती है?**

तनाव अक्सर तब बढ़ जाता है जब हमारा मन बार-बार अतीत की चिंता करता है या भविष्य में आने वाली समस्याओं की कल्पना करता रहता है। माइंडफुलनेस हमारा ध्यान वापस वर्तमान क्षण में लाने में मदद करती है।

उदाहरण के लिए, अपने सांस लेने पर धीरे-धीरे ध्यान केंद्रित करने से व्यक्ति यह पहचान सकता है कि उसका मन कब अत्यधिक चिंतित या परेशान हो रहा है। हर तनावपूर्ण विचार पर तुरंत प्रतिक्रिया करने के बजाय, वह उस विचार को देख सकता है और उसे बिना पकड़े आगे बढ़ने दे सकता है। शोध से पता चलता है कि माइंडफुलनेस आधारित तरीके कुछ लोगों में चिंता और अवसाद के लक्षणों को कम करने में सहायक हो सकते हैं, हालांकि अलग-अलग अध्ययनों के परिणामों की गुणवत्ता और निरंतरता अलग-अलग रही है।

**दर्द के बारे में क्या?**

दर्द केवल एक शारीरिक अनुभूति नहीं है। दर्द के बारे में हमारी सोच, हमारी भावनात्मक स्थिति और उस अनुभूति पर हमारा ध्यान इस बात को प्रभावित कर सकते हैं कि हम दर्द को किस तरह अनुभव करते हैं।

दर्द के लिए माइंडफुलनेस और ध्यान पर किए गए अध्ययनों के परिणाम मिश्रित रहे हैं। कुछ शोधों में लंबे समय तक रहने वाले दर्द में थोड़े सुधार के संकेत मिले हैं, जबकि अचानक होने वाले दर्द के संबंध में प्रमाण कम स्पष्ट हैं। कुछ लोगों में माइंडफुलनेस आधारित तनाव-नियंत्रण से कमर के दर्द में अल्पकालिक लाभ भी देखा गया है। इसलिए माइंडफुलनेस कुछ लोगों के लिए उपयोगी हो सकती है, लेकिन इसे दर्द का निश्चित इलाज या चमत्कारी उपचार नहीं माना जाना चाहिए।

**दर्द के साथ अपने संबंध को बदलना**

माइंडफुलनेस का एक महत्वपूर्ण संभावित लाभ यह है कि यह असुविधा या दर्द के प्रति हमारी प्रतिक्रिया को बदल सकती है। यह दर्द असहनीय है और कभी ठीक नहीं होगाह्व सोचने के बजाय माइंडफुलनेस हमें उस अनुभूति को अधिक ध्यान से देखने के लिए प्रेरित करती है। दर्द कहां महसूस हो रहा है? क्या यह लगातार एक जैसा है या बदल रहा है? इसके साथ कौन-सी भावनाएं जुड़ी हुई हैं? इसका अर्थ यह नहीं है कि शारीरिक दर्द समाप्त हो जाएगा। लेकिन शांत और सचेत प्रतिक्रिया उस अनुभव को संभालना कुछ हद तक आसान बना सकती है।

**एक सरल माइंडफुलनेस अभ्यास**

माइंडफुलनेस का एक सरल अभ्यास आसानी से किया जा सकता है। आराम से बैठें और अपनी स्वाभाविक सांस पर ध्यान दें। सांस को बदलने या जबरदस्ती नियंत्रित करने की कोशिश न करें। केवल सांस के आने-जाने को महसूस करें। जब विचार, चिंताएं या ध्यान भटकाने वाली बातें मन में आएं, उन्हें पहचानें और धीरे से अपना ध्यान वापस सांस पर ले आएं। इस अभ्यास का उद्देश्य मन को पूरी तरह खाली करना नहीं है। विचार आना स्वाभाविक है। उद्देश्य केवल उन्हें पहचानना है, बिना उनमें पूरी तरह उलझे। खाना खाना, टहलना या किसी की बात ध्यान से सुनना भी माइंडफुलनेस का अभ्यास बन सकता है, जब हम अपना पूरा ध्यान उस गतिविधि पर केंद्रित करते हैं।

**माइंडफुलनेस चिकित्सा का विकल्प नहीं है**

माइंडफुलनेस से जुड़ी वास्तविक और संतुलित अपेक्षाएं रखना आवश्यक है। इसे चिकित्सकीय जांच या उपचार का विकल्प नहीं माना जाना चाहिए, विशेषकर तब जब दर्द बहुत अधिक हो, लगातार बना रहे, उसका कारण स्पष्ट न हो या उसके साथ अन्य चिंताजनक लक्षण भी हों। इसे उचित स्वास्थ्य देखभाल के साथ एक सहायक उपाय के रूप में अपनाया जा सकता है। कुछ लोगों को यह तनाव प्रबंधन, भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार और कुछ प्रकार के लंबे समय तक रहने वाले दर्द से निपटने में उपयोगी लग सकती है। माइंडफुलनेस सामान्यतः कम जोखिम वाला अभ्यास माना जाता है, लेकिन कुछ लोगों को इससे बेचैनी या मनोदशा में गिरावट जैसे अप्रिय अनुभव हो सकते हैं। यदि ध्यान या माइंडफुलनेस का अभ्यास करने से कोई व्यक्ति अधिक परेशान महसूस करे, तो अभ्यास रोककर स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लेना उचित है।

**मन और शरीर का संबंध**

माइंडफुलनेस हमें याद दिलाती है कि मन और शरीर एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। तनाव हमारे शारीरिक अनुभवों को प्रभावित कर सकता है, जबकि लगातार दर्द हमारे मूड, एकाग्रता और नींद को प्रभावित कर सकता है।

रुकना, सांस लेना और अपने अनुभवों को सचेत रूप से देखना दैनिक चुनौतियों के प्रति स्वस्थ प्रतिक्रिया विकसित करने में मदद कर सकता है। इसका उद्देश्य हर असुविधाजनक विचार या संवेदना को समाप्त करना नहीं, बल्कि अधिक जागरूकता और मानसिक दृढ़ता विकसित करना है।

माइंडफुलनेस हर दर्द को समाप्त नहीं कर सकती, लेकिन यह कुछ लोगों को तनाव और असुविधा के प्रति अपनी प्रतिक्रिया बदलने में मदद कर सकती है। इसका वास्तविक मूल्य किसी त्वरित इलाज का वादा करने में नहीं, बल्कि कठिन क्षणों का सामना अधिक जागरूकता, धैर्य और शांति के साथ करना सिखाने में है।

## वायरल

### भारत की सबसे महंगी चाय पीने पहुंचीं ब्रिटिश महिला, कीमत सुन उड़े होश,

आमतौर पर चाय की एक प्याली के लिए लोग 10, 20 या ज्यादा से ज्यादा 100-200 रुपए खर्च करने के बारे में सोचते हैं। भारत घूम रहीं डीआना ने जब यहां की खास मनोहारी गोल्ड टी के बारे में सुना, तो उन्होंने इसकी कीमत पूछी। वेटर ने जो जवाब दिया, उसे सुनकर शायद आपको भी पहली बार में यकीन न हो। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में डीआना असम के एक रेस्टोरेंट में बैठी नजर आती हैं। वह वहां की मशहूर मनोहारी गोल्ड टी के बारे में वेटर से पूछती हैं कि आखिर इस चाय की कीमत कितनी है। वेटर बताता है कि इसकी कीमत करीब 45 हजार रुपए से लेकर 1.5 लाख रुपए प्रति किलो तक जा सकती है। इतनी ज्यादा कीमत सुनकर जाहिर है कि किसी के भी मन में सवाल उठेगा कि आखिर इस चाय में ऐसा क्या खास है। वेटर के मुताबिक, यह चाय बेहद कम मात्रा में उपलब्ध होती है और इसकी दुर्लभता ही इसकी कीमत को इतना ज्यादा बनाती है। वेटर उन्हें चाय पीने का सही तरीका भी बताता है।






## X का एक्सरे

असदुद्दीन ओवैसी अपने आप को क्या समझते हैं, यही समझ नहीं आता है। वे भारत के संविधान को मानने वाले लोग हैं या संविधान के विरुद्ध चलने वाले लोग हैं। अगर उनके मन मुताबिक फैसला कोर्ट दे, तो वो ठीक, अगर मन मुताबिक फैसला नहीं हो तो कोर्ट का विरोध करते हैं।



गिरिराज सिंह

कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खरगे लगातार राष्ट्रीय आरएसएस के खिलाफ नफरत, ईर्ष्या और दुश्मनी की राजनीति करते रहे हैं। एक ऐसा संगठन जिसका मूल सिद्धांत देशभक्ति है। आरएसएस के खिलाफ गृह मंत्री की राजनीतिक बदले की भावना का पर्दाफाश हो गया है।



चलावदी नारायणस्वामी

जापानी कंपनियों को भारत में सेमीकंडक्टर जैसे हाईटेक कारखाने लगाना अब ज्यादा आसान होगा। विदेश से मंगाई जाने वाली खास मशीनों और उपकरणों को बीआईएस मानक लागू हैं। प्रमाणन में लगने वाला समय घटाने के लिए सरकार नया ढांचा तैयार कर रही है।



पीयूष गोयल

मैदान पर मजाक और स्लेजिंग तब तक ठीक है, जब तक भाषा और व्यवहार की सीमा न लांघी जाए। जब यशस्वी फील्डिंग कर रहे थे और उन्होंने निरोशन डिकवेला से कुछ कहा था। तब हमने कहा था कि मैदान पर मजाकिया नोकझोंक अच्छी है, जब तक भाषा में कुछ गलत न हो।



अजय जडेजा

**एक नजर**

### कुकरैल में खुलेगा पहला स्नेक वेनम सेंटर

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार सर्पदंश से होने वाली मौतों को रोकने और एंटी-वेनम के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता खत्म करने के लिए बड़ा कदम उठा रही है। राजधानी लखनऊ के कुकरैल वन क्षेत्र में प्रदेश के पहले सरकारी 'स्नेक वेनम एक्सट्रैक्शन सेंटर' का शिलान्यास अक्टूबर के पहले सप्ताह (वाइल्डलाइफ वीक) में होगा। इस सेंटर के निर्माण के बाद इसके संचालन की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश वन निगम को सौंपी जाएगी। केंद्र में राज्य की प्रमुख विषैली सर्प प्रजातियों के विष का वैज्ञानिक तरीके से निष्कर्षण और सुरक्षित संग्रह किया जाएगा। इसके साथ ही, विष की विषाक्तता, जैविक घटकों और स्थानीय सांपों की प्रकृति पर गहन शोध भी होगा। इसका मुख्य उद्देश्य भविष्य में उत्तर प्रदेश की आवश्यकता के अनुसार एंटी-वेनम की स्थानीय उपलब्धता और उत्पादन को मजबूत करना है।

# यूपी स्टार्टअप नीति-2026 और पोर्टल लॉन्च



**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोक भवन में उत्तर प्रदेश की नई 'स्टार्टअप नीति-2026' की पुस्तिका का विमोचन किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं और नए उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए, राज्य के 'स्टार्टअप मिशन पोर्टल' का भी विधिवत शुभारंभ किया। प्रदेश में नवाचार और स्वरोजगार को रफ्तार देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 107 होनहार स्टार्टअप्स को कुल 3.42 करोड़ रुपये की वित्तीय प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए। इसके साथ ही उन्होंने बेहतरीन कार्य कर रहे सात प्रमुख स्टार्टअप उद्यमियों को मंच पर सम्मानित भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में औद्योगिक माहौल और स्टार्टअप इकोसिस्टम में एक अभूतपूर्व एवं व्यापक सुधार आया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज सरकार की नीतियों का सकारात्मक असर धरातल पर साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पहले राज्य के युवाओं को अपने विचारों को अमलीजामा पहनाने के लिए बाहर जाना पड़ता था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश के भीतर ही युवाओं के सपनों को एक नई और सुरक्षित उड़ान मिल रही है। नई नीति से राज्य में निवेश और रोजगार के लाखों नए अवसर पैदा होंगे।

## यूपी सरकार ने रद्द किया 944 हेक्टेयर जमीन का आवंटन

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ और निर्बाध बनाने में जुटी योगी आदित्यनाथ सरकार ने कानपुर देहात में दो बड़ी बिजली परियोजनाओं में अत्यधिक देरी और घोर लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया है। सरकार ने कार्रवाई करते हुए दो निजी कंपनियों को आवंटित की गई लगभग 944 हेक्टेयर भूमि का आवंटन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। यह मामला कानपुर देहात की भोगनीपुर तहसील का है, जहाँ 'लैंको अनपारा पावर लिमिटेड' और 'हिमावत पावर प्राइवेट लिमिटेड' को थर्मल पावर प्रोजेक्ट (ताप विद्युत परियोजना) स्थापित करने के लिए बड़े पैमाने पर जमीन दी गई थी। जांच में सामने आया कि इन दोनों कंपनियों ने आवंटित जमीन को बैंक में बंधक रखकर भारी लोन तो ले लिया, लेकिन धरातल पर परियोजना से जुड़ा कोई भी काम शुरू नहीं किया। कंपनियों की इस टालमटोल और लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार ने भूमि आवंटन रद्द करने के निर्देश जारी किए। इसके साथ ही शासन ने आदेश दिया है कि इस पूरी जमीन को वापस सरकार के कब्जे में लिया जाए और इसे तत्काल राज्य के ऊर्जा विभाग के नाम पर दर्ज किया जाए। सरकार की इस सख्त कार्रवाई से बिजली क्षेत्र में लापरवाही बरतने वाले अन्य निजी डेवलपर्स को भी कड़ा संदेश गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने जालसाजी और अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। भोगनीपुर तहसील में वर्ष 2011 में थर्मल पावर प्लांट लगाने के लिए 'मैसर्स लैंको अनपरा पावर लिमिटेड' और 'मैसर्स हिमावत पावर प्राइवेट लिमिटेड' को आवंटित 944 हेक्टेयर जमीन का आवंटन रद्द कर दिया गया है। कंपनियों ने 15 वर्षों में कोई काम नहीं किया और बिना अनुमति के जमीनों को बैंकों में गिरवी रख दिया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मंजूरी के बाद, ऊर्जा विभाग ने कानपुर देहात के जिलाधिकारी को तुरंत खतौनी से दोनों कंपनियों के नाम खारिज कर यह जमीन वापस उत्तर प्रदेश सरकार और ऊर्जा विभाग के नाम दर्ज करने के अंतिम निर्देश जारी किए हैं।

## एक लाख सरकारी नौकरी का वादा चुनावी छलावा : मायावती



**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आगामी छह महीनों में एक लाख सरकारी नौकरियां देने की घोषणा पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर अपनी बात रखते हुए बसपा प्रमुख ने सरकार की इस योजना को 'चुनावी कदम' करार दिया और आगाह किया कि यह वादा युवाओं के लिए महज एक 'चुनावी छलावा' बनकर न रह जाए। मायावती ने कहा कि विधानसभा चुनाव से ठीक छह महीने पहले उठाया गया यह कदम बेहद विलंबित प्रतीत होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस घोषणा का लाभ युवाओं को तभी मिल पाएगा, जब यह पूरी भर्ती प्रक्रिया पेपर लीक जैसी समस्याओं और भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त हो। इसके साथ ही, नियुक्तियों का तय समय सीमा के भीतर पूरा होना भी अनिवार्य है। बसपा प्रमुख ने आरक्षित वर्गों के अधिकारों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं और जनता को एससी (SC), एसटी (ST) और ओबीसी (OBC) समाज के आरक्षित पदों के बैकलॉग को भरने के लिए नई भर्ती की घोषणा का बेसब्री से इंतजार है। मायावती की इस प्रतिक्रिया के बाद प्रदेश में रोजगार और आरक्षण के मुद्दे पर सियासी सरगर्मी एक बार फिर तेज हो गई है।

## बीबीएयू दीक्षांत: 508 मेधावियों को गोल्ड मेडल

**लखनऊ (एजेंसी)।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के 11वें दीक्षांत समारोह में चार वर्षों (2023 से 2026) के 508 मेधावियों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। 29 अगस्त को आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रभा चंद्रा सहित 22 टॉपर्स को सम्मानित करेंगे। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 8,551 विद्यार्थियों को उपाधियां सौंपी जाएंगी। शेष छात्रों को दूसरे चरण में डिग्रियां मिलेंगी, जबकि चांसलर अवार्ड अगले वर्ष से दिए जाएंगे। इस गरिमामयी समारोह में राज्यसभा सदस्य मिथलेश कुमार भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जो युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करेंगे।

## जुलूसे मोहम्मदी कमेटी के सदस्य सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



जुलूसे मोहम्मदी कमेटी सदस्यों को सम्मानित करते सेवा यूथ कैरेज ट्रस्ट के पदाधिकारी।

**खटीमा।** क्षेत्र में आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता की मिसाल पेश करते हुए सेवा यूथ कैरेज ट्रस्ट की ओर से जुलूसे मोहम्मदी कमेटी के सदस्यों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में ग्राम जमौर, चारुबेटा, इस्लाम नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों से कमेटी के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन जुलूसे मोहम्मदी के शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं सफल आयोजन में कमेटी सदस्यों के सराहनीय योगदान के लिए किया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का काम करते हैं। इस दौरान जुलूसे मोहम्मदी कमेटी के प्रमुख सदस्यों को फूल मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट सदस्यों ने कहा कि कमेटी ने हर वर्ष की तरह इस बार भी अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, अनुशासन और बेहतर व्यवस्था के साथ निभाया। सम्मानित कमेटी सदस्यों ने सेवा यूथ कैरेज ट्रस्ट का आभार जताते हुए कहा कि आपसी सहयोग और सम्मान से समाज में सौहार्द की भावना और मजबूत होती है। इस अवसर पर सगीर वारसी, डॉ. रईस, फजील अजहरी, तस्लीम रजा, नूर मोहम्मद कादरी, जुबैर रजा, फईम कुरैशी, सोहेल, फईम अंसारी, सद्दाम रजा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार नहीं, दुकानदार है: अखिलेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए सरकार को 'दुकानदार' करार दिया। सपा मुख्यालय में पार्टी नेताओं और मीडिया को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने जेपीएनआईसी (जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर) को 30 साल की लीज पर देने के योगी सरकार के फैसले का कड़ा विरोध किया। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा, "भाजपा सरकार नहीं, दुकानदार है। इन्होंने जेपी (लोकनायक जयप्रकाश नारायण) की विरासत को बेच दिया। इनका बस चले तो ये बीजेपी को भी बेच दें।" इस बयान के बाद उत्तर प्रदेश में सरकारी संपत्तियों के निजीकरण और लीज को लेकर राजनीतिक सरगर्मी काफी बढ़ गई है।

## संस्कृत ग्राम नगला तराई में संस्कृत सप्ताह

जागरण मोर्चा कार्यालय



संस्कृत सप्ताह का भव्य आयोजन करते आदर्श संस्कृत ग्राम नगला तराई के लोग।

**खटीमा।** आदर्श संस्कृत ग्राम नगला तराई में संस्कृत सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण– संबधन को प्रमुखता दी गई। इस दौरान विभिन्न संस्कृतियों एवं संस्कृत विषयक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों एवं ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। उत्तराखंड संस्कृत संस्थानम के सचिव प्रोफेसर विनय कुमार विद्यालंकार एवं सहायक निदेशक संस्कृत शिक्षा उधम सिंह नगर पद्मा मिश्रा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह मेहरा, संस्कृत ग्राम प्रशिक्षिका ललिता भट्ट तथा प्राथमिक विद्यालय नगरा तराई के प्रधानाध्यापक ललित सिंह धामी सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में रमेश चन्द्र भट्ट, दिनेश बगौटी, सुशील चमोली अन्य अतिथियों की सहभागिता रही। विद्यालय ने श्लोक पाठ संस्कृत संभाषण भाषण, संस्कृत गीत एवं नाटक प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। अतिथियों द्वारा संस्कृति को भारतीय ज्ञान साहित्य एवं संस्कृति के अमूल्य निधि बताते हुए जन-जन तक जोड़ने का आवाहन किया।

- संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर जोर
- प्रतियोगिताओं में ग्रामीणों और छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

# जेके पब्लिक स्कूल में मना रक्षाबंधन

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रतिभागियों के साथ मौजूद विद्यालय प्रबंधक अजय मौर्य। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** जेके पब्लिक स्कूल सत्रहमील में भाई-बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के तहत कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए राखी मेकिंग तथा बालिकाओं के लिए मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों ने राखी ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। 'मेहंदी रची मेरे हाथों में' प्रतियोगिता में कक्षा 12 की खुशबू ने प्रथम, कक्षा 10 की मनप्रीत कौर ने द्वितीय और कक्षा 9 की दीपिका मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें कक्षा 2 के सत्यम ने प्रथम, कक्षा 5 की भूमि ने द्वितीय और कक्षा 3 की अनुभा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 6 से 8 वर्ग में कक्षा 6 की प्रतिभा प्रथम, कक्षा 8 की आंचल द्वितीय तथा कक्षा 6 की गुंजन तृतीय रहीं। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देते हुए भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की महत्ता बताई। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधक अजय मौर्य ने स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र तिवारी, कोऑर्डिनेटर सुनीता मौर्य, प्रभा जोशी, अजय, नंदलाल, हनीफ सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## लखनऊ में अमरपाल मौर्य का जोरदार स्वागत

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पिछड़ा वर्ग मोर्चे के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य के पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार लखनऊ पहुंचने पर बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। चारबाग रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और नारों के साथ मौर्य का स्वागत किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, राजधानी के विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में मौर्य ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन लाने के संकल्प के साथ काम करने वाला संगठन है।

# एसआईआर कार्य से तत्काल मुक्त कराने की मांग

### एसडीएम को उत्तरांचल स्टेट प्राईमरी टीचर्स एसोसियेशन ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर एसआईआर के कार्य में टीचरों को तत्काल कार्य मुक्त करने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन में विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा सन्निकट है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शैक्षिक सत्र प्रारंभ होने के बाद से ही शिक्षकों को निरंतर विभिन्न गैर–शैक्षणिक कार्यों में ड्यूटी पर लगाया जाता रहा है। अप्रैल मई में शिक्षक जनगणना संबंधी कार्यों में लगाए गए थे। अब जून माह में वर्तमान समय तक अधिकाश शिक्षक एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के निर्वहन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। एसडीएम तुषार सैनी को सौंपे ज्ञापन में उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर से एसोसियेशन अध्यक्ष कमान सिंह सामंत, मंत्री छविराज कफलिया एवं कोषाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षकों को अब एसआईआर के कार्य से कार्य मुक्त किया जाए। ज्ञापन में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आशंका व्यक्त किया की है कि अब सितंबर से प्रपत्र– 6, प्रपत्र–7 व प्रपत्र– 8 संबंधित कार्यों में ड्यूटी लगाई जाने की संभावना है। जो चिंता का विषय बताया गया है। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा है कि जहां एक ओर अर्धवार्षिक परीक्षाएं करीब हैं वहीं जनगणना एवं विधानसभा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भी शिक्षकों ने ड्यूटी देनी है। इनकी अतिरिक्त वार्षिक परीक्षाएं हाई स्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं भी इसी के साथ शुरू होनी हैं। शिक्षकों की इसमें भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। शैक्षिक सत्र में शिक्षकों को शिक्षक कार्य के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में एक सितंबर से एसआईआर कार्य से तत्काल शिक्षकों को कार्य मुक्त करने हेतु सिर्फ शैक्षिक एवं विद्यालय कार्यों में नियोजित करने का अनुरोध किया है। ज्ञापन की प्रतियां स्थानीय व जिला प्रशासन के समक्ष भी आवश्यक कार्य के लिए प्रेषित की गई है।

**रक्षा सूत्र** रक्षाबंधन भाई–बहन के स्नेह, आपसी मान–सम्मान, विश्वास, भाईचारे का प्रतीक : विधायक कापड़ी

# आशा कार्यकत्रियों ने बांधी विधायक की कलाई पर राखी

जागरण मोर्चा कार्यालय



विधायक की कलाई पर राखी बांधती आशा कार्यकत्रि।



कार्यक्रम में सपत्नीक मौजूद विधायक भुवन चंद्र कापड़ी एवं आशा कार्यकत्रियां।

**खटीमा।** खटीमा के विधायक भुवन चन्द्र कापड़ी ने आशा कार्यकत्रियों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में विधायक कापड़ी ने आशा कार्यकत्रियों को राखी के त्यौहार की शुभकामनाएं दी और आशा कार्यकत्रियों के द्वारा की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की और कहा कि उनके द्वारा निस्वार्थ भाव से महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। होटल पर्चवुड में आयोजित कार्यक्रम में आशा कार्यकत्रियों ने विधायक कापड़ी की कलाई में रक्षा तांगा बाधा और दीर्घायु सहित उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान विधायक कापड़ी ने कहा कि आशा कार्यकत्रियां ग्रामीण क्षेत्र के दूर दराज के क्षेत्र में जाकर स्वास्थ्य सेवाओं का आम जनता तक लाभ पहुंचा रही हैं। उनके मेहनत, लगनशीलता एवं सेवा भाव का सम्मान करना हम सभी का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का यह त्यौहार स्नेह के साथ ही आपसी सम्मान एवं विश्वास तथा भाईचारे का प्रतीक है। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर बॉबी, जसविंदर सिंह बाजवा, अरविंद कुमार, दान सिंह राणा, राज किशोर सक्सेना, देवेंद्र कन्याल, नगर अध्यक्ष अमन अरोरा, नरेंद्र आर्य, पंकज टम्टा, दीपक चंद आदि थे। आशा कार्यकत्रियों में केशवी देवी, कमला मलकानी, देवकी जोशी, जानकी अधिकारी, मोनिका राणा, रीना राणा, सोनी सुषमा, धनेश्वरी, रिंकी, आशा आदि उपस्थित थे।

## उत्तराखंड प्रदेश के सीएम के नाम की घोषणा हो

**खटीमा।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पत्र भेजकर कहा कि कांग्रेस पार्टी को उत्तराखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री पद के लिए नाम की घोषणा करनी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में एक से बढ़कर एक अनेक योग्य, विद्वान, अनुभवी नेताओं की फेहरिस्त है। वर्तमान में कांग्रेस के सभी विधायक, पूर्व मंत्रीगण, पूर्व मुख्यमंत्री व कई कांग्रेस जन इस कैटेगरी में शुमार हैं। ऐसी स्थिति में योग्य, कर्मठ, जुझारू व्यक्ति को 2027 के चुनाव में मुख्यमंत्री के लिए घोषित करना चाहिए। ताकि कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति का निराकरण हो तथा राज्य में कांग्रेस सरकार बनाने का मार्ग सुलभ हो सके। ज्ञापन में उम्मेद सिंह रौतेला, दिनेश सिंह राणा, नरेंद्र सिंह बसेड़ा, भगवान सिंह खोलिया, पूरन चंद्र जोशी आदि रहे।

# सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन पर्व

जागरण मोर्चा कार्यालय



छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन की दी शुभकामनाएं।

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 'राखी बनाओ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने रंग-बिरंगे धागों, मोतियों, गोटों और विभिन्न सजावटी सामग्रियों का प्रयोग कर आकर्षक एवं सुंदर राखियां तैयार कीं। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा की विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रबंधन ने सराहना की। विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल और प्रधानाचार्य रामयश ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम बच्चों के मानसिक, बौद्धिक और कलात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति रुचि भी बढ़ती है। कार्यक्रम के समापन पर छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और मिठाई खिलाई। इस दौरान विद्यालय परिसर भाई-बहन के प्रेम, सौहार्द और एकता के उल्लास से सराबोर नजर आया।

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com





पीलीभीत

लखनऊ, शुक्रवार, 28 अगस्त 2026




## एक नजर

### पेड़ से लटका मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप

**माधोटांडा।** थाना क्षेत्र के ककरौआ गांव में एक विवाहिता का शव बाग में आम के पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी 40 वर्षीय लज्जा देवी की शादी वर्ष 2001 में लालजीत से हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। बड़ा बेटा अभिजीत विवाहित है, जबकि दूसरा बेटा गुरजीत इंटर कॉलेज में पढ़ता है। नौ वर्षीय बेटी कोमलप्रीत है। पति लालजीत काम करने के लिए उत्तराखंड में रह रहा था। मंगलवार रात लज्जा देवी परिवार के साथ घर पर मौजूद थी। रात में किसी समय वह घर से बाहर निकली। बुधवार सुबह उसका शव बाग में आम के पेड़ से रस्सी के बने फंदे के सहारे लटकता मिला। बाग की ओर पहुंचे ग्रामीणों की शव पर नजर पड़ी तो परिजन को सूचना दी।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर 'खेलो इंडिया संवाद' प्रधानमंत्री के संबोधन ने भरा युवाओं में उत्साह

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत भर के युवाओं एवं खेल प्रतिभाओं को आभासी माध्यम से संबोधित किया। जनपद के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं, विद्यार्थियों और खेल प्रेमियों ने प्रधानमंत्री के इस प्रेरणादायक संबोधन का सीधा प्रसारण देखा आयोजन स्थल एवं अतिथि राजकीय महाविद्यालय, बीसलपुरः कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा रहे। राम लुभाई साहनी महिला महाविद्यालय, बड़ी संख्या में छात्राओं एवं युवा स्वयंसेवकों ने सीधे प्रसारण के माध्यम से सहभागिता की। राष्ट्र निर्माण और शारीरिक आ रोग्यता का संदेश प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में युवाओं को खेल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने, नियमित शारीरिक आरोग्यता (फिटनेस) अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्म विश्वास से ही भारत को वैश्विक खेल पटल पर नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। मेरा युवा भारत मंच और विकसित भारत प्रतियोगिता समारोह के दौरान उपस्थित युवाओं को 'मेरा युवा भारत' मंच पर पंजीकृत कराया गया। इसके साथ ही, युवाओं ने विकसित भारत युवा नेता संवाद-2027 प्रश्नोत्तरी में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपने विचारों और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सुअवसर प्राप्त होगा। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने साझा किए अनुभव जनपद के उभरते हुए खिलाड़ी महेश कुमार एवं अविनाश शर्मा को कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। दोनों खिलाड़ियों ने युवाओं को अपनी खेल यात्रा, उपलब्धियों और केंद्र व राज्य सरकार की खेल योजनाओं से मिलने वाली सहायता के बारे में बताया। उनके संघर्ष और सफलता की कहानियों ने उपस्थित विद्यार्थियों में नए जोश का संचार किया। कार्यक्रम के अंत में जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने मुख्य अतिथि, महाविद्यालय प्रशासन, आमंत्रित खिलाड़ियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा ही विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है।

# मौसम में बदलाव के साथ बढ़ रहे सर्दी-जुकाम और फ्लू के मामले, घबराने की जरूरत नहीं

- वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अभिषेक गंगवार की सलाह: सतर्कता बरतें, बिना डॉक्टरी परामर्श न लें एंटीबायोटिक

जागरण मोर्चा कार्यालय



डॉ. अभिषेक गंगवार। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** वर्तमान समय में मौसम में परिवर्तन के साथ ही ऊपरी श्वसन तंत्र के संक्रमण जैसे सर्दी-जुकाम, गले में खराश और खांसी के साथ-साथ मौसमी फ्लू के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है।इस पर जानकारी साझा करते हुए इंटरनल मेडिसिन के सीनियर रेज़िडेंट डॉ. अभिषेक गंगवार ने बताया कि अधिकांश मामलों में यह बीमारी हल्की होती है। पर्याप्त आराम, प्रचुर मात्रा में तरल पदार्थों के सेवन और सामान्य देखभाल से मरीज कुछ ही दिनों में स्वस्थ हो जाते हैं। डॉक्टर गंगवार ने बताया स्वास्थ्य विभाग और वैज्ञानिक संस्थाएं लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वर्तमान में कोई नया या असामान्य वायरस स्ट्रेन सामने नहीं आया है, इसलिए जनता को बिल्कुल भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। दो गंगवार ने कहा सिर्फ हाथों की स्वच्छताः बार-बार साबुन और पानी से हाथ धोएं। श्वसन शिष्टाचारः खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को रुमाल या टिश्यू से ढकें सामाजिक दूरीः बीमार होने पर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें। डॉक्टर की सलाह के बिना एंटीबायोटिक या एंटीवायरल दवाओं का सेवन न करें। डॉक्टरों के अनुसार बुजुर्गों, छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा अस्थमा, सीओपीडी, हृदय या किडनी रोग से पीड़ित व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले इन उच्च जोखिम वाले मरीजों को चिकित्सक के परामर्श से वार्षिक इन्फ्लुएंजा (फ्लू) वैक्सीन लगवाने पर विचार करना चाहिए। यदि मरीज को सांस लेने में तकलीफ हो, लगातार तेज बुखार बना रहे, अत्यधिक कमजोरी महसूस हो या लक्षण बिगड़ने लगें, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या चिकित्सक से संपर्क करें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का यही संदेश है। दो गंगवाल ने कहा मेडिकल कॉलेज पीलीभीत में सभी इंतजाम पूरी तरीके से मय दबा के साथ हैं पूरी तरह निशुल्क है दो गंगवार ने कहा सतर्क रहने की आवश्यकता है घबराने की नहीं।

# पुत्र द्वारा मां की गला दबाकर हत्या किए जाने के संबंध में आरोपी पुत्र पुलिस हिरासत में

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** आज थाना बीसलपुर पुलिस को ग्राम नसरुल्लापुर में एक महिला की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई।सूचना पर थाना बीसलपुर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतका की पहचान सुनीता देवी पत्नी रामप्रताप गंगवार, उम्र करीब 50 वर्ष, निवासी ग्राम नसरुल्लापुर, थाना बीसलपुर के रूप में हुई। शव को पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतका के पुत्र विकास गंगवार द्वारा अपनी लगभग तीन बीघा जमीन की बिक्री की गई थी। बिक्री से प्राप्त रुपयों को लेकर मां द्वारा रुपये मांगे जाने पर दोनों के मध्य विवाद हुआ, जिसके दौरान विकास गंगवार द्वारा अपनी मां की गला दबाकर हत्या कर दी गई।अभियुक्त विकास गंगवार पुत्र रामप्रताप गंगवार, उम्र करीब 20 वर्ष, को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है तथा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा पहुंचकर बच्चों संग मनाया रक्षाबंधन पर्व

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** आज रक्षाबंधन के पावन पर्व से पहले गुरुवार को मरौरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में छात्राओं ने अपने हाथों से तैयार की गई सुंदर रंग बिरंगी राखियां बरखेड़ा के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंहे जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, सी डी ओ सतीश प्रसाद मिश्रा, बीएसए रोशनी सिंह की कलाई पर बांधकर रक्षाबंधन की खुशियां साझा कीं। इस दौरान विद्यालय में अपनत्व, भाईचारे और आत्मीयता का अनूठा माहौल देखने को मिला। सभी ने छात्रों को उपहार दिए और मिठाई खिलाई। उपहार पाकर छात्राओं के चेहरे छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल गए। स्कूल में तिथि भोज का आयोजन भी भव्य दिव्य तरीके से किया गया। सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को सम्मानजनक तरीके से बुलाया अपने साथ जमीन पर बैठाकर पंक्तिबद्ध तरीके से स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन राजमा, चावल, रायता, सलाद हलुआ व रसमलाई तिथि भोज के मौके पर खाया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा इस तरीके के आयोजन से बच्चों में जहां एक दूसरे के प्रति प्रेम का भाव बढ़ता है वहीं भारतीय संस्कृति का भी ज्ञान होता है। छात्राओं द्वारा स्वयं अपने हाथों से तैयार की गई राखियां इस आयोजन का विशेष आकर्षण रहीं। शिक्षकों के निर्देशन में बालिकाओं ने रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियां तैयार कीं और उन्हें प्रेमपूर्वक बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत करने का संदेश दिया। जब छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई राखियां विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, बीएसए रोशनी सिंह, जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य की कलाई पर बांधीं तो विद्यालय परिसर तालियों और खुशियों से गूंज उठा। सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह, ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षेप समाचार

### रिश्ते के भाई को बचाने पहुंचे किसान की डंडा लगने से मौत, गांव के युवक पर पीटने का आरोप



**पीलीभीत।** पीलीभीत के न्यूरिया थाना क्षेत्र में एक किसान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि किसान अपने रिश्ते के भाई को बचाने गए थे। तभी आरोपी युवक ने उनके मुंह पर डंडा मार दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। पीलीभीत के न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव बसंतापुर में बुधवार रात रिश्ते के भाई के साथ हो रही मारपीट में बीचबचाव करने पहुंचे करीब 50 वर्षीय किसान रामपाल की डंडा लगने से मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर रामपाल के मुंह पर डंडे से वार करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के बेटे शिव कुमार के अनुसार वह गांव लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि उनके रिश्ते के भाई सूरज के साथ गांव निवासी अनिल पुत्र भिकारी लाल मारपीट कर रहा था। शिव कुमार ने इसकी सूचना तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को दी। इसी बीच उनके पिता रामपाल भी जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच गए। रामपाल ने बीच-बचाव करने लगे। इसी दौरान अनिल ने उनके मुंह पर डंडे से वार कर दिया। डंडा लगने के बाद रामपाल की हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें घर ले आए। रात में रामपाल की मौत हो गई। इससे परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

### राशन ढुलाई का काम निजी संस्था को दिए जाने की शिकायत लेकर महिलाएं पहुंचीं राज्यमंत्री के द्वार



**पीलीभीत।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। राशन ढुलाई का काम निजी संस्था को दिए जाने से नाराज समूह की महिलाएं बुधवार को राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के आवास पर पहुंचीं। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर राशन ढुलाई का काम पूर्व की तरह स्वयं सहायता समूहों को दिए जाने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के गोदाम से राशन उठाकर आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाने का काम वर्ष 2020-21 से स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं कर रही थीं। इससे उन्हें रोजगार के साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता का अवसर मिल रहा था। आरोप है कि अब यह काम किसी अन्य निजी संस्था को सौंप दिया गया है। इससे समूह से जुड़ी महिलाओं की आमदनी प्रभावित हो रही है। उनकी समस्या सुनने के बाद राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजने के साथ ही फोन पर अधिकारियों से वार्ता की और मामले की जानकारी ली।

# पीलीभीत में रामलीला मैदान सौंदर्यीकरण बजट में धांधली का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद के ऐतिहासिक श्री रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण हेतु स्वीकृत सरकारी बजट में कथित अनियमितता और भूमि विवाद को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। युवा जागृति परिषद ने इस प्रकरण में धांधली का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजा है, जिसके बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। तीन करोड़ रुपये के बजट में अनियमितता का दावा करते हुए युवा जागृति परिषद द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, प्रदेश सरकार ने रामलीला मैदान के सार्वजनिक सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों के लिए लगभग तीन करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की थी। संगठन का आरोप है कि कथित सर्वराकार ओमकार नाथ, उनके पुत्रों और संबंधित विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से इस राशि का सही उपयोग धरातल पर नहीं हुआ और बजट में भारी हेरफेर की गई।शिकायतकर्ता पक्ष का तर्क है कि यदि प्रशासनिक आख्या के अनुसार उक्त भूमि किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति दर्शाई जा रही है, तो उस पर सार्वजनिक सरकारी कोष से धनराशि किस नियम के तहत आवंटित की गई। ज्ञात रहे जन सूचना के अधिकार के तहत ब्यौरा मांगने पर विवाद संगठन का कहना है कि उन्होंने आरटीआई के माध्यम से तीन करोड़ रुपये के टेंडर, कार्ययोजना और खर्च का ब्यौरा मांगा था, लेकिन स्थानीय स्तर परजानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। प्रथम अपील का निस्तारण न होने के कारण अब यह मामला राज्य सूचना आयोग, लखनऊ के समक्ष द्वितीय अपील में विचाराधीन है। गणेश चौथ मेले पर आगामी 14 सितंबर से आयोजित होने वाले पारंपरिक श्री गणेश चौथ मेले को लेकर भी संशय की स्थिति बन गई है। शिकायत के मुताबिक, भूमि के स्वामित्व से जुड़े न्यायालयी प्रकरण और आगामी तिथियों के कारण मेले के आयोजन में विधिक अड़चनें आ रही हैं। युवा जागृति परिषद के मुख्यमंत्री से मांग की है कि रामलीला मैदान की सुरक्षा और प्रबंधन हेतु इसे प्रशासनिक नियंत्रण में लेते हुए श्राइन बोर्ड या सरकारी समिति का गठन किया जाए। स्वीकृत धन राशि के उपयोग और कथित वित्तीय गबन की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाए।

# रोडवेज बसों में बहनों की मुफ्त यात्रा शुरू, पहले दिन ही हावी रही लेटलतीफी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** पीलीभीत में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर बृहस्पतिवार को रोडवेज बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा शुरू हो गई। भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए मायके जाने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ने से बस स्टैंड पर सुबह से ही यात्रियों की भीड़ नजर आई। हालांकि पहले दिन ही इस सुविधा पर अव्यवस्था हावी दिखी। बसों के लिए महिलाओं और उनके साथ आए परिजनों को इंतजार करना पड़ा। शहर के प्रमुख चौराहों पर भी यात्री इंतजार करते दिखे।

रक्षाबंधन पर शासन की ओर से महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की सौगात दी गई है। यह निशुल्क सुविधा 27 अगस्त की सुबह नौ बजे से शुरू होकर 29 अगस्त की आधी रात तक जारी रहेगी। इस दौरान महिलाएं रोडवेज की बसों में बिना किराया दिए यात्रा कर सकेंगी। खास बात यह है कि इस बार महिलाओं के साथ उनका एक सहयात्री भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेगा।

बृहस्पतिवार सुबह बड़ी संख्या में महिलाएं बस अड्डे पर पहुंचीं। पीलीभीत से बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर, पूरनपुर, बीसलपुर समेत आसपास के मार्गों पर जाने वाली बसों में यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक रही।

बस अड्डे पर सुबह से ही महिलाओं और बच्चों की भीड़ लगी रही। बस के पहुंचते ही यात्री सीट पाने के लिए तेजी से सवार होते दिखाई दिए। भीड़ को देखते हुए परिवहन विभाग ने बसों के संचालन पर नजर रखी। रक्षाबंधन के चलते अगले दो दिनों में भी बसों में यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

## अव्यवस्था

### शहर के चौराहे से थाना सुनगढ़ी तक, आज यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त

# अतिक्रमण से घुटती सांसें : त्यौहार के मौसम में व्यवस्था की सुस्ती पर उठता सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** आज शाम से ही शहर के चौराहे से थाना सुनगढ़ी तक, आज यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आई। जिस सड़क पर गाड़ियों की सुगम आवाजाही होनी चाहिए थी, वहाँ घंटों तक पहिये थमे रहे। इस दौरान रोगी वाहन, महिलाएँ और स्कूली बच्चे भीषण जाम में फंसे रहे। त्यौहारों के मौसम में बढ़ी चहल-पहल के बीच पुलिस प्रशासन का यह सुस्त और उदासीन रवैया आम नागरिकों के धैर्य की कड़ी परीक्षा ले रहा है।जाम की सबसे मुख्य वजह फुटपाथों पर जमा अवैध कब्जा है। व्यापारियों द्वारा फुटपाथ और मुख्य सड़क के बड़े हिस्से पर सामान सजा लेने के कारण पैदल चलने वालों को मजबूरी में सड़क पर उतरना पड़ता है। कानूनन फुटपाथ राहगीरों का प्राथमिक अधिकार हैं, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के चलते इन पर अतिक्रमण से पूरा यातायात तंत्र ढह जाता है। कानूनी पक्ष और जिम्मेदारी मोटर वाहन अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 283ः सार्वजनिक मार्ग पर बाधा उत्पन्न करना या अतिक्रमण कर राहगीरों के लिए असुविधा पैदा करना दंडनीय अपराध है।जवकि उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने कई फैसलों में स्पष्ट किया है कि 'सुगम आवाजाही का अधिकार' नागरिकों का मौलिक अधिकार है। फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त रखना पुलिस और स्थानीय नगर निकाय की कानूनी जिम्मेदारी है। थाना सुनगढ़ी और यातायात पुलिस के ठीक सामने फैली इस अव्यवस्था से जनमानस में भारी असंतोष है। पुलिस का दायित्व केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिक सुविधाओं और यातायात को सुचारू रखना भी उसकी प्राथमिकता है। त्यौहारों पर विशेष यातायात योजना लागू करने और अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई के बजाय पुलिस की शिथिलता कई सवाल खड़े करती है। थाना पुलिस, यातायात पुलिस और नगर पालिका मिलकर तुरंत फुटपाथों को कब्जा मुक्त कराएं। विक्रेता रहित क्षेत्र (नो-वेंडिंग जोन): ठेले-खुमचे वालों और व्यापारियों के लिए निश्चित स्थान तय हों ताकि मुख्य मार्ग प्रभावित न हों।जवाबदेही तय होः लगातार जाम की समस्या वाले क्षेत्रों के जिम्मेदार अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। जनता की सुविधा और सुरक्षा ही प्रशासनिक कार्य कुशलता का मापदंड है। त्यौहार के समय सड़कों पर लगती यह कतारें केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों की अनदेखी हैं। प्रशासन को समय रहते सख्त कदम उठाने होंगे।

# बरखेड़ा पुलिस ने 12 बोर तमंचा व कारतूस के साथ शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** आज अपराध की रोकथाम और वांछित वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बरखेड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना बरखेड़ा पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान डंडिया लच्छी रेलवे अंडर पास के पास से एक आरोपी को अवैध असलहे के साथ धर दबोचा।पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कुलदीप (27 वर्ष) पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी ग्राम नारायणपुर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा (12 बोर) तथा एक जिंदा कारतूस (12 बोर) बरामद हुआ है।पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ थाना बरखेड़ा पर मुकदमा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया है। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे सतेन्द्र कुमार ,धीर सिंह शमशुद्दीन ,तरंग अजय कुमार आदि मौजूद रहे

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com







# कलयुगी बेटे ने मां की गला दबाकर की हत्या जमीन बेचने के रुपयों को लेकर हुआ था विवाद

## शराब के लिए पैसे न देने पर वारदात को अंजाम देकर शव को छत से नीचे फेंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** क्षेत्र के ग्राम नसरुल्लापुर में बुधवार शाम एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। नशे के आदी एक कलयुगी बेटे ने रुपयों के विवाद में अपनी ही मां की पीट-पीटकर और गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात को छिपाने के लिए उसने शव को छत से नीचे फेंक दिया और पिता पर आरोप लगाने की साजिश रची। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया है। ग्राम नसरुल्लापुर निवासी विकास गंगवार पुत्र रामप्रताप गंगवार शराब व अन्य नशों का आदी है। लगभग 15 दिन पूर्व उसके पिता रामप्रताप ने अपनी जमीन लाखों रुपये में बेची थी। जमीन बिक्री की इसी रकम को लेकर परिवार में पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। बुधवार शाम करीब 9 बजे विकास ने अपनी मां सुनीता देवी से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। मां द्वारा रुपये देने से इनकार करने पर विकास आपा खो बैठा और उसने मां के साथ मारपीट करते हुए गला दबाकर उनकी निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने मामले को दुर्घटना या पिता की करतूत साबित करने के लिए मां के शव को छत से नीचे फेंक दिया। इसके बाद वह गांव में जाकर परिजनों को बताने लगा कि उसके पिता ने मां की हत्या कर दी है। जब परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो परिस्थितियां देखकर उन्हें विकास पर ही शक हुआ। परिजनों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर वह डरकर मौके से भागने लगा। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए भागे आरोपी विकास को हिरासत में ले लिया। रामप्रताप ने गांव के बाहर अपनी जमीन पर मकान बनाया था, जहां वह अपनी पत्नी सुनीता देवी और दोनों बेटों के साथ रहते थे। उनके बड़े बेटे आकाश ने तीन वर्ष पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद घर में विकास ही बचा था, जो धीरे-धीरे गंभीर नशे की गिरफ्त में आ गया।



मृतका की मौत के बाद रोते-रोते परिजन। -जागरण मोर्चा

## चार दिन से बंधा भूखा-प्यासा सांड, ग्रामीण परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के नवाजपुर ता. चांदपुर गांव में एक आवारा सांड पिछले चार दिनों से भूखा-प्यासा बंधा हुआ है। सांड के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने उसे पकड़कर एक स्थान पर बांध दिया था। ग्रामीणों के अनुसार, यह सांड इससे पहले कई लोगों पर हमला कर चुका है, जिससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि सांड को खुले में छोड़ना भी खतरे से खाली नहीं है। इसके चलते लोगों ने उसे पकड़कर बांध तो दिया, लेकिन अब उसके खाने-पीने और देखभाल की जिम्मेदारी को लेकर ग्रामीणों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। चार दिन से बंधे होने के कारण सांड को पर्याप्त चारा और पानी नहीं मिल पा रहा है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को सूचना देकर सांड को बंधन से मुक्त कर सुरक्षित तरीके से गोशाला भेजने की मांग की थी। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि सूचना मिलने के बाद संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर सांड को गोशाला भिजवा देगी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सांड उसी स्थान पर बंधा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि सांड के हमलावर होने के कारण उसे खोलकर छोड़ना संभव नहीं है। यदि उसे बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के छोड़ दिया गया तो वह दोबारा लोगों पर हमला कर सकता है। वहीं, लंबे समय तक बंधे रहने से उसके भूखा-प्यासा रहने की स्थिति भी गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को सांड को जल्द से जल्द गोशाला भेजने के आदेश दिए हैं। एसडीएम के आदेश के बाद ग्रामीणों को उम्मीद जगी है कि अब सांड को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाएगा।

## गुटका न देने पर परचूनी दुकानदार को मारी गोली, पुलिस ने हमलावर को किया गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** क्षेत्र के ग्राम भसूड़ा चौराहा पर गुटका मांगने के विवाद में एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना 25 अगस्त की सुबह करीब 8 बजे की है। पीड़िता चंचल देवी ने दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि उनके पति श्यामा चरन पुत्र लाल बहादुर, निवासी ग्राम भसूड़ा चौराहा अपनी परचूनी की दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान ग्राम चौसरा निवासी गगन भारती उर्फ सल्ले पुत्र पप्पू भारती अपने डंलप और भैंसों के साथ वहां आया। आरोप है कि गगन भारती दुकान के अंदर दाखिल हुआ और श्यामा चरन से गुटका मांगने लगा। दुकान में गुटका उपलब्ध न होने पर श्यामा चरन ने मना कर दिया, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। शोर सुनकर जब पीड़िता दुकान में पहुंची, तभी गगन भारती ने अपने पास मौजूद तमंचे से श्यामा चरन पर गोली चला दी और अपने डंलप-भैंसों को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों की मदद से घायल श्यामा चरन को सरकारी अस्पताल बीसलपुर ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें पीलीभीत जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। फिलहाल वहां उनका इलाज चल रहा है और स्थिति गंभीर बनी हुई है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर बीसलपुर पुलिस ने आरोपी गगन भारती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बीसलपुर थाना प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि हमलावर गगन भारती उर्फ सल्ले को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है कार्रवाई पूर्ण होने के बाद जल्दी ही जेल भेज दिया जाएगा।

# डिग्री कॉलेज में "खेलो इंडिया-खेल की बात, पीएम के साथ" कार्यक्रम का भव्य आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** भारत सरकार की खेल एवं युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की पहल के तहत स्थानीय महाविद्यालय में "खेलो इंडिया – खेल की बात, पीएम के साथ" कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक करना, उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि अविनाश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंचासीन अतिथियों में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हेमलता एवं डॉ. विकास प्रधान शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत समारोह के साथ हुआ। इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। संबोधन की कड़ी में मुख्य अतिथि विधायक विवेक वर्मा ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को खेलकूद में बढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि अविनाश शर्मा ने खेलों को व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम बताया। प्राचार्या डॉ. हेमलता ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय रहने का आह्वान किया। डॉ. विकास प्रधान ने खेलों की उपयोगिता पर विचार व्यक्त करते हुए अंत में सभी नवागंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन नैंसी पाण्डेय एवं चाहत द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस दौरान छात्रा प्रियांशी व शालू ने भी अपने विचार साझा किए। आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रोहित पटेल, NSS छात्र इकाई प्रभारी डॉ. जगदम्बा कुमार तथा NSS छात्रा इकाई प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार का विशेष मार्गदर्शन रहा। इस अवसर पर डॉ. सुनील, डॉ. साहनी, डॉ. पवन त्रिवेदी, डॉ. चंद्रप्रभा, डॉ. रजत, डॉ. महेंद्र पाल, कार्यालय अधीक्षक दिनेश बाथम समेत समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते विधायक व कॉलेज का स्टाफ। -जागरण मोर्चा

# तेंदुए को कैद करने के लिए बन बिभाग ने लगाया पिंजरा तेंदुए की चहलकदमी की आशंका से ग्रामीणों में दहशत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई में तेंदुए की लगातार चहलकदमी की आशंका से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। गांव और उसके आसपास तेंदुए के दिखाई देने तथा उसकी चहलकदमी से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्रामीणों में भय बढ़ गया है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को देकर तेंदुए को पकड़ने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की थी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम गांव पहुंची और ग्रामीणों से जानकारी जुटाने के साथ ही तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव के समीप पिंजरा लगा दिया। पिंजरे में वन्यजीव को आकर्षित करने के लिए आवश्यक इंतजाम भी किए गए हैं। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि तेंदुआ जल्द ही पिंजरे के आसपास पहुंचेगा और उसे सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया जाएगा। हालांकि पिंजरा लगाए हुए करीब तीन दिन का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक उसके आसपास तेंदुए की कोई गतिविधि दिखाई नहीं दी है, न तो तेंदुआ पिंजरे के पास पहुंचा और न ही उसके आसपास ऐसी कोई स्पष्ट हलचल दिखाई दी, जिससे उसके पकड़े जाने की उम्मीद बन सके। इससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की मौजूदगी की आशंका के चलते खेतों की ओर जाने में भी डर लग रहा है। गांव के अधिकांश लोग अकेले खेतों की तरफ जाने से बच रहे हैं। खासकर शाम और सुबह के समय ग्रामीण अधिक सतर्कता बरत रहे हैं। खेतों में काम करने वाले किसानों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक, तेंदुए की चहलकदमी से जुड़े वीडियो सामने आने के बाद से लोगों में भय का माहौल है। हालांकि पिंजरा लगाए जाने के बाद अभी तक तेंदुआ उसके पास नहीं पहुंचा है। गुरवार को ग्रामीणों ने बताया कि पिंजरे के आसपास तेंदुए की गतिविधि न दिखाई देने से वह परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक वन विभाग तेंदुए को पकड़ नहीं लेता या उसकी मौजूदगी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होती, तब तक गांव में दहशत बनी रहेगी।



तेंदुए के लिए लगाया गया पिंजरा। -जागरण मोर्चा

## अस्पताल में पर्चा के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** ब्लॉक में स्थित पचास शैय्या युक्त महिला चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं की पर्ची बनाने के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का आरोप सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल में वार्ड ब्वाय और सफाई कर्मचारियों को पर्ची बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। जिससे अस्पताल की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की पर्ची निःशुल्क बनाए जाने का प्रावधान है। इसके बावजूद अस्पताल में तैनात कर्मचारी महिलाओं से पर्ची के नाम पर रुपये लिए जाने का आरोप लगा है। आरोप के अनुसार वार्ड ब्वाय भूपेंद्र और राकेश समेत चार कर्मचारियों को पर्ची बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक रुपये की पर्ची के लिए कई बार खुले पैसे न होने की स्थिति में कुछ महिलाएं पांच से दस रुपये तक देकर पर्ची बनवाने को मजबूर हो जाती हैं। इस संबंध में कर्मचारी भूपेंद्र से जानकारी ली गई तो उसने सभी से रुपये लिए जाने और किसी को छूट न दिए जाने की बात कही। मामले में गुरुवार दोपहर पूरनपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष राज शर्मा ने बताया कि जेएसवाई के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की पर्ची निःशुल्क है। उन्होंने कहा कि यदि पर्ची के नाम पर अवैध वसूली हो रही है तो मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में भ्रष्टाचार या अवैध वसूली किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### अलग अलग नाम से बनवा लिया पासपोर्ट, मुकदमा

**पूरनपुर/घुंघचाई।** तथ्यों को छुपाकर युवक ने पासपोर्ट बनवा लिया। इस पूरे प्रकरण में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव अभयपुर माधौपुर निवासी गुरजंट सिंह ने पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद पासपोर्ट कार्यालय की प्रक्रिया पूरी होने पर उन्हें एक पासपोर्ट जारी किया गया। आरोप है कि युवक ने दूसरा पासपोर्ट के लिए आवेदन किया। इस दौरान उसने अपनी जानकारी छिपाकर व अन्य व्यक्तिगत विवरणों में परिवर्तन कर नया पासपोर्ट प्राप्त कर लिया। दोनों पासपोर्ट के विवरण अलग अलग हैं। इसका खुलासा ऑस्ट्रेलिया वीसा प्रोसेसिंग की बायोमेट्रिक्स चैकिंग प्रक्रिया के दौरान हुआ। जिसमे दोनों पासपोर्टों की जानकारी में अंतर पाया गया। जांच में यह संदेह जताया गया कि एक ही व्यक्ति द्वारा अलग-अलग पहचान संबंधी विवरणों का उपयोग कर दो पासपोर्ट प्राप्त किए गए हैं। पासपोर्ट कार्यालय की रिपोर्ट के आधार पर वरिष्ठ अधीक्षक पासपोर्ट बरेली ने पीलीभीत पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। जिस पर घुंघचाई पुलिस ने गुरजंट सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### ईद मिलादुन्नबी पर लाइटिंग करने वाले का सम्मान



बेहतरीन लाइट सजावट के पुरस्कृत करते लोग। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मोहल्लेवासियों के नेतृत्व और मोहम्मद शारिक की मौजूदगी में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान आकर्षक रोशनी की व्यवस्था करने वाले मोहम्मद नसीम को दुपट्टा ओढ़ाकर और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मोहम्मद शारिक ने कहा कि लाइटिंग से क्षेत्र की रौनक बढ़ाने में योगदान सराहनीय है। कार्यक्रम में इकरार मोहम्मद, इसरार, अलीम, सादिक, नसीर, जीशान, रिजवान, कासिब खान, सभासद मोहम्मद हनीफ समेत तमाम लोग मौजूद रहे। अंत में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ की गई।

### प्लाट विवाद में मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** प्लाट के विवाद को लेकर मारपीट कर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पूरनपुर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला खानकाह निवासी सुम्बुल खान पत्नी यासीन खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका प्लाट मोहल्ला गणेशगंज वार्ड नंबर छह में स्थित है। जिसका विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि 22 अगस्त की शाम अशरफ खान, असजद खान, सुब्हान खान और उवैस खान प्लाट पर पहुंचे और कब्जे के इरादे से साफ-सफाई कर तिरपाल डालने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके पति यासीन खान के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पर महिला के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जिसकी विवेचना भी शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### भाकियू ने हरिपुर चौकी के दरोगा पर लगाए आरोप

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) गुट के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर हरिपुर चौकी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। भाकियू पदाधिकारियों का आरोप है कि हरिपुर चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ रात्रि के समय रामकुमार के घर में पहुंच गए। उस समय घर में परिवार की महिलाएं अपने कमरों में लेटी हुई थीं। ज्ञापन में कहा गया कि पुलिसकर्मी बिना किसी सूचना और आवाज किए घर के अंदर दाखिल हो गए और सीधे कमरों तक पहुंच गए। अचानक रात में पुलिस के घर में प्रवेश करने से परिवार के लोगों में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। आरोप है कि परिवार ने जब पुलिसकर्मियों के इस तरह रात में घर में प्रवेश करने का विरोध किया तो महिलाओं के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया गया।

कार्यक्रम

158 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग, आकर्षक राखियों ने मोहा मन

# राखी निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई सृजनात्मक प्रतिभा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, कलात्मक कौशल एवं भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूरनपुर, पीलीभीत में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की जूनियर विंग में कक्षा तृतीय से पंचम तथा वरिष्ठ वर्ग में कक्षा षष्ठी से नवम विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कुल 158 विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे धागों, मोतियों, रिबन, सजावटी सामग्री एवं अन्य रचनात्मक वस्तुओं का प्रयोग कर सुंदर, आकर्षक एवं कलात्मक राखियाँ तैयार कीं। बच्चों की कल्पनाशीलता, मेहनत और कला-कौशल ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। वरिष्ठ वर्ग के विजेता जूनियर वर्ग प्रथम रिशिता, कक्षा 7 द्वितीय प्रगति कक्षा 6 तृतीय प्रिया, कक्षा 6 सीनियर वर्ग में प्रथम कामाख्या, कक्षा 8 द्वितीय सुभि यादव, कक्षा 8 तृतीय श्रद्धा कश्यप कक्षा 9 बालक वर्ग में प्रथम आदित्य कुमार कक्षा 7-A, द्वितीय अंश प्रजापति, कक्षा सात तृतीय — तनुश, कक्षा सात जूनियर विंग में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 4-B की अनन्या एवं कनक शर्मा (रेड हाउस) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कक्षा 4-B की कौशिकी मिश्रा (ब्लू हाउस) एवं वीरा (येलो हाउस) ने प्राप्त किया। वहीं तृतीय स्थान कक्षा 4-A की निधि यादव (ब्लू हाउस) एवं अरम्या कुमारी (ग्रीन हाउस) ने प्राप्त किया। संचालन एवं संयोजन टीना जी, कोमल एवं प्रेरणा गुप्ता द्वारा किया गया। वरिष्ठ वर्ग की राखियों का मूल्यांकन रजनी एवं श्रीमती अनामिका द्वारा किया गया। जूनियर विंग की प्रतियोगिता के निर्णायक सरस्वती शिशु मंदिर, पूरनपुर की शिक्षिकाएँ शिवांगी जी एवं विमला जी रहीं। निर्णायक मंडल ने राखियों की सुंदरता, नवीनता, सजावट, मौलिकता एवं विद्यार्थियों की सृजनात्मकता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में सृजनात्मक सोच, आत्मविश्वास, कला-कौशल तथा भारतीय संस्कृति एवं त्योहारों के प्रति सम्मान विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान सौरभ वार्ष्णेय ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करना विद्यालय की प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम का समापन विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करने एवं सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के साथ हुआ।



मौजूद बच्चे। -जागरण मोर्चा

# रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में उमड़ी भारी भीड़ राखी और मिठाई की दुकानों पर रही खूब रौनक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व आज (शुक्रवार को) हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर नगर में पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। गुरुवार को त्योहार से पहले बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के प्रमुख बाजारों में सुबह से ही चहल-पहल दिखाई देने लगी, जो दिन चढ़ने के साथ और बढ़ती गई। राखी, मिठाई, कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन, फल और उपहारों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। रक्षाबंधन को लेकर सबसे अधिक भीड़ राखी की दुकानों पर देखने को मिली। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों पर तरह-तरह की रंग-बिरंगी राखियां सजाकर रखी हैं। बाजार में बच्चों से लेकर बड़ों तक की पसंद के अनुसार राखियों की कई वैरायटी उपलब्ध हैं। कार्टून कैरेक्टर, मोती, रुद्राक्ष, चंदन और विभिन्न आकर्षक डिजाइनों वाली राखियां लोगों को खूब पसंद आ रही हैं। बहनें अपने भाइयों की पसंद के अनुसार राखी खरीदने में जुटी रहीं। वहीं, रक्षाबंधन पर भाइयों को उपहार देने के लिए भी बहनों ने जमकर खरीदारी की। कपड़ों, कॉस्मेटिक सामान, घड़ियों, गिफ्ट आइटम और अन्य दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ नजर आई। कई लोग पहले से ही उपहार खरीदकर रख रहे थे, जबकि बड़ी संख्या में लोग पर्व से एक दिन पहले बाजार पहुंचकर अंतिम समय की खरीदारी करते दिखाई दिए।



दुकान पर लगी राखियां। -जागरण मोर्चा

# आखिरी दिन चार विकेट नहीं गिरा सका भारत, सोनल की जुझारू पारी से श्रीलंका ने ड्रॉ कराया दूसरा टेस्ट

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** सोनल दिनुषा की जुझारू और नाबाद शतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट को ड्रॉ करा लिया। पांचवें दिन भारत को जीत के लिए श्रीलंका के आखिरी चार विकेट झटकने थे, लेकिन भारतीय गेंदबाज दिनभर की कोशिश के बावजूद ऐसा नहीं कर सके। श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी 429/9 पर घोषित की और दोनों टीमों ने मैच ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। हालांकि, भारत ने पहला टेस्ट 165 रन से जीतने के बाद दो मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। यह भारत की जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज जीत के बाद पहली विदेशी टेस्ट सीरीज जीत है। शुभमन गिल की कप्तानी में भी यह पहली विदेशी टेस्ट सीरीज विजय रही।

दिनुषा ने पांचवें दिन 264 गेंदों पर नाबाद 133 रन की पारी खेली। उन्होंने करीब 420 मिनट तक बल्लेबाजी करते हुए भारतीय गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाए रखा। दिनुषा ने इस सीरीज में अपना तीसरा शतक लगाया और चारों पारियों में 50 से ज्यादा



का स्कोर बनाने का कारनामा किया। सीरीज में उनका प्रदर्शन बेहद खास रहा। उन्होंने दो टेस्ट में कुल 722 गेंदों का सामना करते हुए 1139 मिनट क्रीज पर बिताए। दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भी उन्होंने 103 रन बनाए थे, जबकि गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा था।

दिनुषा ने इस मुकाबले में एक खास रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वह फॉलोऑन खेलने के बाद एक ही टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दुनिया के सिर्फ तीसरे बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले भारत के विजय हजारे और जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

श्रीलंका ने पांचवें दिन अपनी दूसरी पारी को 229/6 से आगे बढ़ाया। उस समय टीम के पास महज 16 रन की बढ़त थी और भारत की जीत लगभग तय नजर आ रही थी। लेकिन दिनुषा और केशरा नुवंथा ने भारतीय गेंदबाजों के सामने मोर्चा संभाल लिया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी की। नुवंथा ने 150 गेंदों पर 46 रन बनाए। दोनों ने पहले सत्र में एक भी विकेट नहीं गिरने दिया और श्रीलंका को संकट से बाहर निकाला। लंच के बाद भारत को पहली सफलता मिली। मानव सुथार ने नुवांथा को आउट किया और ध्रुव जुरेल ने स्लिप में उनका कैच पकड़ा।

नुवांथा के आउट होने के बाद दिनुषा ने प्रबाथ जयसूर्या के साथ मिलकर आठवें विकेट के लिए 25 रन जोड़े। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने जयसूर्या को स्लिप में कैच कराकर पवेलियन भेज दिया। हालांकि, भारत को इसके बाद भी जीत की राह नहीं मिली। लाहिरु कुमारा ने दिनुषा का बखूबी साथ दिया। दोनों ने नौवें विकेट के लिए 47 रन जोड़े और 170 गेंदों तक भारतीय गेंदबाजों को विकेट से दूर रखा। कुमारा 12 रन बनाकर जडेजा का शिकार हुए। इसके बाद असिता फर्नांडो ने 24 गेंदों का सामना करते हुए दिनुषा का साथ दिया और उन्हें आउट नहीं होने दिया। आखिरकार श्रीलंका ने 429/9 पर पारी घोषित की और मैच ड्रॉ हो गया।

भारत की ओर से मनव सुथार ने 3/121 और रवींद्र जडेजा ने 3/94 विकेट लिए। भारतीय टीम ने पांचवें दिन लगातार दबाव बनाने की कोशिश की। तेज गेंदबाजों ने शॉर्ट गेंदों का इस्तेमाल किया, जबकि स्पिनरों ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को निशाना बनाया। इसके बावजूद श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने गैरजरूरी आक्रामक शॉट खेलने से परहेज किया। दिनुषा ने खास तौर पर अपने डिफेंस पर भरोसा किया और खराब गेंदों को ही बाउंड्री के लिए भेजा।

# श्रीलंका से ड्रॉ के बाद भारत को झटका, पांचवें स्थान पर बरकरार

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में बड़ा फायदा नहीं मिला। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया 51.52 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर बनी हुई है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 80 अंक प्रतिशत के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

भारत के पास श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट जीतकर डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका था। भारत ने पहली पारी में 503/9 घोषित का विशाल स्कोर बनाया और श्रीलंका को 290 रन पर समेटकर 213 रन की बढ़त हासिल की थी। इसके बाद फॉलोऑन खेलने उतरी श्रीलंकाई टीम को पांचवें दिन भारत जीत की ओर ले जाता हुआ नजर आ रहा था, लेकिन सोनल दिनुषा की नाबाद 133 रन की जुझारू पारी ने भारतीय उम्मीदों पर पानी फेर दिया। श्रीलंका ने दूसरी पारी में 429/9 का स्कोर बनाया और मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ।

**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंक तालिका**

| स्थान | टीम | मैच | जीत | हार | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 10 | 8 | 2 | 0 | 96 | 80.00% |
| 2 | द. अफ्रीका | 4 | 3 | 1 | 0 | 36 | 75.00% |
| 3 | न्यूजीलैंड | 6 | 4 | 1 | 1 | 52 | 72.22% |
| 4 | बांग्लादेश | 6 | 3 | 2 | 1 | 40 | 55.56% |
| 5 | भारत | 11 | 5 | 4 | 2 | 68 | 51.52% |
| 6 | श्रीलंका | 6 | 1 | 2 | 3 | 24 | 33.33% |
| 7 | इंग्लैंड | 14 | 5 | 8 | 1 | 50 | 29.76% |
| 8 | वेस्टइंडीज | 12 | 2 | 8 | 2 | 30 | 20.83% |



**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में भारत की स्थिति**

लेटेस्ट अंक तालिका के मुताबिक भारत ने अब तक 11 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें उसे पांच जीत, चार हार और दो ड्रॉ मिले हैं। भारत के खाते में 68 अंक हैं और उसका प्रतिशत 51.52 है। दूसरे टेस्ट से पहले भारत का अंक प्रतिशत 53.33 था, लेकिन ड्रॉ के बाद यह घटकर 51.52 हो गया। हालांकि, टीम इंडिया पांचवें स्थान पर बरकरार है। दूसरे टेस्ट से पहले भारत का अंक प्रतिशत 53.33 था, लेकिन ड्रॉ के बाद यह घटकर 51.52 हो गया। हालांकि, टीम इंडिया पांचवें स्थान पर बरकरार है।

डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में ऑस्ट्रेलिया 10 मैचों में आठ जीत के साथ शीर्ष पर है। दक्षिण अफ्रीका 75 प्रतिशत के साथ दूसरे और न्यूजीलैंड 72.22 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। बांग्लादेश 55.56 प्रतिशत के साथ चौथे नंबर पर है और भारत उससे करीब चार प्रतिशत पीछे है। भारत के ड्रॉ के बाद बांग्लादेश और भारत के बीच अंतर और महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में आगामी मुकाबलों में टीम इंडिया के लिए हर जीत बेहद अहम होगी।

श्रीलंका सीरीज के बाद भारत को डब्ल्यूटीसी चक्र में सात टेस्ट मैच और खेलने हैं। इनमें न्यूजीलैंड के खिलाफ दो और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट शामिल हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए भारत को इन मुकाबलों में मजबूत प्रदर्शन करना होगा। मौजूदा 51.52 अंक प्रतिशत को देखते हुए भारत के लिए कम से कम पांच जीत हासिल करना बेहद महत्वपूर्ण होगा। हालांकि, सिर्फ अपनी जीत ही पर्याप्त नहीं होगी और उसे अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना पड़ सकता है।

दूसरे टेस्ट के पांचवें दिन भारत को श्रीलंका के आखिरी चार विकेट हासिल करने थे, लेकिन सोनल दिनुषा एक बार फिर भारतीय गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आए। दिनुषा ने 264 गेंदों पर नाबाद 133 रन बनाए। उन्होंने केशरा नुवंथा के साथ सातवें विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी की। इसके बाद श्रीलंका के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने भी उनका भरपूर साथ दिया। दिनुषा ने इस सीरीज में अपना तीसरा शतक लगाया। वह इस टेस्ट की पहली पारी में भी 103 रन बना चुके थे। इससे पहले गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में उन्होंने अपना पहला टेस्ट शतक लगाया था।

भारत ने इस टेस्ट में पहली पारी में 213 रन की बढ़त हासिल की थी और श्रीलंका को फॉलोऑन भी कराया। इसके बावजूद टीम इंडिया जीत के लिए जरूरी आखिरी चार विकेट हासिल नहीं कर सकी। डब्ल्यूटीसी की दौड़ को देखते हुए यह ड्रॉ भारत के लिए निराशाजनक नतीजा है। टीम के पास अब गलती की गुंजाइश कम होती जा रही है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आने वाली टेस्ट सीरीज में भारत को न सिर्फ मैच जीतने होंगे, बल्कि लगातार अच्छे प्रदर्शन के जरिए अपना अंक प्रतिशत भी ऊपर ले जाना होगा।

# शुभमन गिल बोले- टेस्ट क्रिकेट जीता: भारत की उम्मीदों पर फिरा पानी, सोनल दिनुषा के शतक से श्रीलंका ने खेला ड्रॉ

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट में रोमांचक मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। भारत के कप्तान शुभमन गिल ने मैच के बाद कहा कि इस मुकाबले में भले ही उनकी टीम जीत दर्ज नहीं कर सकी, लेकिन अंततः टेस्ट क्रिकेट जीता। भारत ने मैच में लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा, लेकिन श्रीलंका के युवा बल्लेबाज सोनल दिनुषा ने दूसरी पारी में भी शानदार शतक जड़कर अपनी टीम को हार से बचा लिया।

भारत ने श्रीलंका पर दबाव बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भारतीय टीम ने करीब 150 ओवर तक फील्डिंग की, लेकिन श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने जबरदस्त संयम दिखाया।

सोनल दिनुषा ने दूसरी पारी में भी शतक लगाकर भारतीय गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। श्रीलंका ने 154 ओवर तक बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला ड्रॉ कराने में सफलता हासिल की। मेजबान टीम के लिए यह ड्रॉ किसी जीत से कम नहीं रहा।

गिल ने कहा, 'हमने करीब 150 ओवर तक फील्डिंग की और वह सब किया जो हम कर सकते थे। मुझे नहीं लगता कि हम कुछ अलग कर सकते थे। मौसम को ध्यान में रखते हुए फॉलोऑन जैसे फैसलों पर बात करना अब सिर्फ पीछे मुड़कर देखने वाली बात है।'

उन्होंने आगे कहा, 'आप उस समय सबसे अच्छा फैसला लेते हैं और इस बार चीजें हमारे पक्ष में



नहीं गईं। लेकिन यह शानदार मुकाबला था और मुझे लगता है कि आज टेस्ट क्रिकेट जीता।'

शुभमन गिल ने श्रीलंका की वापसी की तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय टीम के लिए इस मुकाबले में कई सकारात्मक पहलू रहे। उन्होंने कहा कि श्रीलंकाई टीम जिस तरह मुकाबले में वापस आई, वह देखने लायक था। गिल ने भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन की भी सराहना की और कहा कि उन्होंने शानदार गेंदबाजी की।

भारत के युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। वहीं केएल राहुल समेत भारत के युवा बल्लेबाजों ने भी अपनी छाप छोड़ी। पडिक्कल ने माना कि टीम मुकाबला जीतना चाहती थी, लेकिन ड्रॉ के बावजूद इस मैच से काफी कुछ सीखने को मिला।

उन्होंने कहा, 'अगर हम यह मैच जीतते तो बेहतर होता। यहां परिस्थितियां काफी धीमी थीं। ऐसी पिच पर बल्लेबाजी के लिए काफी स्पष्टता और योजनाओं की जरूरत होती है।'

पडिक्कल ने कहा कि उनका ध्यान टीम की जीत पर है और वह किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी कर-के योगदान देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने माना कि भारतीय टीम युवा है और खिलाड़ियों में आगे बेहतर प्रदर्शन करने की काफी भूख है। श्रीलंका के लिए इस मुकाबले के सबसे बड़े हीरो सोनल दिनुषा रहे। उन्होंने मैच की दोनों पारियों में शतक लगाकर भारत की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।




# एसएंडपी ने बरकरार रखी भारत की 'बीबीबी' रेटिंग: विकास दर इस साल रह सकती है 6.6%

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच अमेरिकी रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीबीबी' पर बरकरार रखा है। इसके साथ ही देश के आर्थिक आउटलुक को भी 'स्थिर' श्रेणी में बनाए रखा है। यह भरोसा दशार्ता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है और नीतिगत निरंतरता के चलते देश आगे भी तेज विकास दर दर्ज करेगा। यह निर्णय ऐसे समय आया है जब वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं उच्च ब्याज दरों और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही हैं।




एसएंडपी ने भारत की दीर्घकालिक (लॉन्ग-टर्म) सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीबीबी' और अल्पकालिक (शॉर्ट-टर्म) रेटिंग को 'ए-2' पर बरकरार रखा है। 'बीबीबी' रेटिंग निवेश-ग्रेड (इन्वेस्टमेंट-ग्रेड) के तहत आती है, जो यह दशार्ती है कि देश पर कर्ज डिफॉल्ट होने का जोखिम बेहद कम है और वह विदेशी निवेशकों के लिए एक सुरक्षित गंतव्य है। एजेंसी ने भारत के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को 'स्थिर' रखा है। इसका मतलब है कि अगले 24 महीनों में देश की नीतियां और आर्थिक स्थिति इस रेटिंग को बनाए रखेंगी।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, भारत की सॉवरेन रेटिंग को सबसे बड़ा सहारा देश की गतिशील और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था से मिला है। भारत ने वित्त वर्ष 2022 से वित्त वर्ष 2026 के बीच औसतन 7.9 प्रतिशत की वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर्ज की है। रेटिंग के प्रमुख आधार इस प्रकार हैं:

मजबूत बाहरी खाता (एक्सटर्नल बैलेंस शीट): देश का मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से सुरक्षा देता है।

बुनियादी ढांचा निवेश: बुनियादी ढांचे में सरकार का भारी निवेश देश के दीर्घकालिक विकास को गति दे रहा है।

मजबूत बुनियाद के बावजूद, एसएंडपी ने चेतावनी दी है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर धीमी पड़कर 6.6 प्रतिशत रह सकती है। इसका मुख्य कारण वैश्विक ऊर्जा संकट (एनर्जी शॉक) और कृषि क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण स्थितियां हैं।







# प्याज संकट: बढ़ती कीमतों पर सरकार का वार

## दिल्ली में 35 रुपये प्रति किलो के भाव पर प्याज की बिक्री शुरू

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। गुरुवार को दिल्ली में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री शुरू की गई। यह मौजूदा बाजार मूल्य 62 रुपये प्रति किलोग्राम से 44 फीसदी कम है। सरकार का यह कदम आम लोगों को राहत देने और कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयासों का हिस्सा है।

सरकार अपने बफर स्टॉक से प्याज बेच रही है। उपभोक्ता मामले सचिव निधि खरे ने बताया कि कीमतें कालाबाजारी, जमाखोरी और मुनाफाखोरी के कारण बढ़ी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि त्योहारी सीजन में मांग पूरी करने के लिए देश में प्याज की पर्याप्त आपूर्ति है। खरे ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने पर विचार नहीं कर रही है। आपूर्ति में कोई समस्या नहीं होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। अप्रैल-जून 2026 के दौरान, प्याज का निर्यात लगभग 3.82 लाख टन रहा। सचिव निधि खरे ने खुदरा बिक्री की शुरूआत करते हुए प्याज ले जा रहे कई छोटे ट्रकों को हरी झंडी दिखाई। यह बफर प्याज स्टॉक की खुदरा बिक्री का प्रतीक था।

खुदरा बिक्री तीन एजेंसियों - नाफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार- के माध्यम से की जाएगी। मदर डेयरी भी अपने सफल स्टोर के जरिये प्याज बेचेगी। आपूर्ति को तेजी से पहुंचाने के लिए, सरकार कंदा एक्सप्रेस नामक समर्पित रेलवे रैक के माध्यम से राजधानी में बड़ी मात्रा में प्याज भेज रही है। ऐसा पहला रैक, जिसमें 800 टन प्याज है, नासिक से दिल्ली के लिए रवाना हो चुका है। यह गुरुवार को दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामले विभाग ने बुधवार को बताया कि आने वाले महीनों में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए प्याज की उपलब्धता आरामदायक है।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।